# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 3 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-167 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# सूबे में जनता की सरकार, जनसेवा व विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : सम्राट

## एसकेएम में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच एवं वंशी चाचा सामाजिक विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि बिहार में किसी व्यक्ति या गठबंधन की नहीं, बल्कि जनता की सरकार है। सरकार का प्रत्येक मंत्री, विधायक जनसेवक है।

हमारी सरकार का एक-एक दिन तथा एक-एक घंटा बिहार के विकास और जनता की सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने कि राज्य सरकार 31 मार्च 2027 से पूर्व एक करोड़ बीपीएल परिवारों की पहचान कर उन्हें राशन कार्ड उपलब्ध कराएगी, साथ ही 25 लाख परिवारों के घरों की छतों पर सोलर स्थापित कर निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सीएम ने कहा कि मुजफ्फरपुर में शहीद जुब्बा साहनी के नाम पर आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय की स्थापना कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 वर्षों बाद भी बिहार में केवल 278 डिग्री कॉलेज थे, जबकि हमारी सरकार ने 15 जुलाई को एक साथ 211 नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन प्रारंभ कराया है।



**कहा-गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जा हटाकर वापस दिलायी जाएगी भूमि**

**31 मार्च तक एक करोड़ बीपीएल परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने का लक्ष्य**

**पलवैया धाम के विस्तार हेतु उपलब्ध करायी जायेगी भूमि**

अगले 10 दिनों के भीतर सभी नए डिग्री कॉलेजों में नियमित रूप से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसके लिये संविदा के आधार पर 3,000 प्रोफेसरों की नियुक्ति की जा रही है। सीएम ने कहा कि सहयोग शिविर एवं सहयोग पोर्टल के माध्यम से अब तक 5 लाख 83 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 5 लाख 33 हजार आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए 9,000 अधिकारियों को पहला नोटिस, 350 अधिकारियों को दूसरा नोटिस तथा 4 अधिकारियों को तीसरा नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जो बिजली उपभोक्ताओं को सबसे अधिक सब्सिडी दे रहा है। राज्य के 1 करोड़ 90 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं में से 1 करोड़ 70 लाख उपभोक्ताओं को पिछले एक वर्ष से 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। जो परिवार प्रति माह 125 यूनिट तक ही बिजली की खपत कर रहे हैं, उन्हें सरकार की ओर से बधाई पत्र भेजा जाएगा। सीएम सम्राट ने कहा कि पलवैया धाम में बाबा गणिनाथ जी महाराज के मंदिर के समग्र विकास के लिए आवश्यकतानुसार भूमि अधिग्रहित की जायेगी तथा हरसंभव सरकारी सहयोग दिया जायेगा। अगले पांच वर्षों में मरीन ड्राइव के माध्यम से पलवैया धाम तक बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाएगा। सोनपुर से राघोपुर पुल तक पांच पुलों को जोड़ते हुए गंगा अंबिका पथ के माध्यम से मोकामा तक संपर्क विकसित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि गरीब एवं कमजोर परिवारों की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों की पहचान कर उनकी जमीन वापस दिलाई जाएगी। अतिपिछड़ा समाज को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है, सरकार उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व वैश्य समाज सहित बड़ी संख्या में लोग बिहार से पलायन करने को विवश थे, लेकिन एनडीए सरकार के नेतृत्व में राज्य में व्यापक परिवर्तन हुआ है तथा अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है। समारोह को पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंत्री रामचन्द्र प्रसाद, सांसद संजय जायसवाल, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक अरूण कुमार, छोटी कुमारी सहित कानू-हलवाई समाज के प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नशामुक्त युवा ही रखेंगे समृद्ध बिहार की मजबूत नींव



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम मोदी द्वारा शुभारंभ किए गए नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर पीएम मोदी एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.) सैयद अता हसनैन ने संबोधित किया। अभियान का शुभारंभ राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएम ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू किए गए इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि विकसित भारत तथा समृद्ध बिहार के लिए नशामुक्त युवा पीढ़ी अत्यंत आवश्यक है। पीएम ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प लिया है, उसे साकार करने में देश के युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवा स्वस्थ, अनुशासित और नशे से मुक्त रहेंगे, तभी वे अपनी पूरी क्षमता के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशामुक्ति केवल सरकार या कानून के स्तर पर सफल नहीं हो सकती। सरकार कानून बना सकती है, लेकिन उसका प्रभावी अनुपालन और सामाजिक स्वीकार्यता जनता की सहभागिता से ही संभव है। इसलिए नशे के खिलाफ व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने और विशेष रूप से युवाओं को इससे जोड़ने की आवश्यकता है।

**नशामुक्ति अभियान में व्यापक जनभागीदारी के लिए ब्रह्माकुमारीज के साथ होगा एमओयू**

### विकसित बिहार के निर्माण में नई पीढ़ी की भूमिका सबसे अहम

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संकल्प सभागार में सिविल सेवा परीक्षा-2025 में सफल बिहार के अभ्यर्थियों से मुलाकात एवं संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में बिहार के युवाओं की सफलता पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय है। बिहार के युवाओं ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग जितना आगे बढ़ेंगे, राज्य में उतनी ही समृद्धि आएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूरे बिहार में बारिश का अलर्ट

**पटना।** मौसम विभाग ने रविवार को राज्य के 90 से अधिक प्रखंडों में अगले एक से तीन घंटे के भीतर मौसम खराब होने की आशंका जताई है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बिहार के भागलपुर, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, कटिहार, पूर्णिया, औरंगाबाद और गया जिलों के कई प्रखंडों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन, तेज बारिश और वज्रपात होने की पूरी संभावना है. हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

### टिल्लू ताजपुरिया गैंग के 2 शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिले में शनिवार देर रात यूईआर-2 (UER-2) हाईवे के पास रोहिणी जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम और बदमाशों के बीच हुई जबरदस्त मुठभेड़ में टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो कथित शार्प शूटर गिरफ्तार कर लिए गए. मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी. घायल आरोपियों को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

### राष्ट्रपति 3 से 5 अगस्त तक ओडिशा दौरे पर

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 3 अगस्त को भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से भुवनेश्वर पहुंचेंगी। राष्ट्रपति यहां लोक भवन जाएंगी, जहां वे कुछ समय बिताने के बाद कटक जिले के बांसरा स्थित जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय के लिए सड़क मार्ग से रवाना होंगी। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय का औपचारिक उद्घाटन करेंगी और सभा को संबोधित करेंगी। वे दिन में बाद में लोक भवन लौटेंगी और रात में वहीं ठहरेंगी। 4 अगस्त की सुबह, राष्ट्रपति मुर्मु भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से बरहमपुर के लिए ट्रेन से यात्रा करेंगी।

### सीजेपी कोर पैनल की बैठक 5 अगस्त को

**छत्रपति संभाजीनगर।** अभिजीत दिपके के नेतृत्व वाला ऑनलाइन आंदोलन 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) 5 अगस्त को अपनी कोर कमेटी की बैठक में राजनीति में उतरने या न उतरने के बारे में कोई अहम फैसला लेने वाला है। रविवार को सूत्रों ने इसके बारे में बताया। एक अधिकारी ने बताया कि अभिजीत दिपके, अलग-अलग राज्यों में समर्थकों से मिले फीडबैक के आधार पर भविष्य की रणनीति बनाने के लिए आंदोलन के सदस्यों की अपने घर पर बैठक करने वाले हैं।

### तमिलनाडु में ट्रक से टकराई कार, पांच की मौत

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में पोल्लाची के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से कार की जोरदार टक्कर होने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार किसी भी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। पुलिस के अनुसार, कोयंबटूर जिले के मदुक्करई एमएलए स्ट्रीट निवासी कनकराज एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी उमा महेश्वरी, बड़ी बेटी आरती और छोटी बेटी नर्मदा थीं।

### हिमाचल के मंडी में भूकंप के झटके

**मंडी (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल के मंडी में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सुबह 9:13 बजे आए इन झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 दर्ज की गई। हालांकि, इस घटना में जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र मंडी में धरती से लगभग 8 किलोमीटर की गहराई।

# डेहरी ईओ विमल कुमार हत्याकांड का खुलासा, ड्राइवर ने कबूला जुर्म

## पटना जाते समय बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**डेहरी (एनएसबी)।** डेहरी ऑन सोन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) विमल कुमार हत्याकांड का पुलिस ने महज छह घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस सनसनीखेज वारदात को किसी बाहरी अपराधी ने नहीं, बल्कि विमल कुमार के ड्राइवर मिथिलेश कुमार ने अंजाम दिया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया लोहे का रॉड भी घटनास्थल के समीप नहर से बरामद कर लिया गया है।

मगध रेंज के आईजी विकास वैभव ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि घटना के बाद ड्राइवर लगातार अपने बयान बदल रहा था। पहले उसने इसे सड़क दुर्घटना बताया, फिर लूटपाट की कहानी गढ़ी। पुलिस की सख्त पूछताछ और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी टूट गया और उसने हत्या की पूरी कहानी बयां कर दी।



पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लंबे समय से काम के दबाव से परेशान था। उसे सप्ताह में केवल एक दिन छुट्टी मिलती थी, लेकिन उस दिन भी उसे विमल कुमार के साथ पटना जाना पड़ता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। आरोपी का कहना है कि विमल कुमार उसे नौकरी से निकालने की धमकी भी देते थे। शनिवार की रात डेहरी से पटना जाते समय भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। आरोपी के अनुसार, रास्ते में वह पेशाब करने के लिए गाड़ी रोकना चाहता था, लेकिन विमल कुमार ने इसकी अनुमति नहीं दी। बाद में सुनसान स्थान पर गाड़ी रुकने के बाद उसने वाहन में रखा लोहे का रॉड निकालकर पीछे से विमल कुमार के सिर पर हमला कर दिया। पहले वार के बाद जब वे नीचे गिर पड़े, तो उसने दोबारा हमला कर उनकी हत्या कर दी।

### बांकीपुर उपचुनाव : आज होगी मतगणना

**पटना (एनएसबी)।** राजधानी पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की मतगणना सोमवार सुबह आठ बजे से एएन कॉलेज परिसर में शुरू होगी। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग ने व्यापक तैयारियां की हैं। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।

बांकीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी, जन सुराज और राजद समेत कई दलों के उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। 30 जुलाई को हुए मतदान में करीब 34.30 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतगणना केंद्र पर उम्मीदवारों, उनके एजेंटों और मीडिया कर्मियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए बोरिंग रोड और अटल पथ समेत कई मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू किया गया है।

# बांका में आकाशीय बिजली गिरने से पिता-बेटे समेत 5 की मौत

**बांका (एनएसबी)।** बांका जिले में हुई तेज बारिश कई परिवारों के लिए काल बन गई. जिले के अलग-अलग गांवों में आकाशीय बिजली गिरने से पिता-पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई. सभी लोग खेत में धान रोपनी की तैयारी या खेती का काम कर रहे थे।



इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है. सबसे दर्दनाक घटना बांका थाना क्षेत्र के खावा गांव में हुई. यहां ब्रह्मदेव यादव अपने 5 साल के बेटे प्रिंस के साथ खेत में धान रोपनी की तैयारी कर रहे थे. इसी दौरान तेज बारिश शुरू हुई और अचानक आकाशीय बिजली गिर गई. दोनों इसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना बांका थाना क्षेत्र के गोलाहू गांव में हुई, जहां विनोद यादव की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जान चली गई. इसके अलावा लीलावरण गांव में सरिता देवी की भी खेत में काम करने के दौरान बिजली गिरने से मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, एक अन्य व्यक्ति की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई है. इस तरह जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

# पेरू के पुएब्लो विएजो में टूरिस्ट प्लेन क्रैश, 13 की गई जान

**लीमा (पेरू) (एजेंसी)।** देश के दक्षिण में नाजका प्रांत के पुएब्लो विएजो इलाके में एक छोटा पर्यटक विमान हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। यह विमान शनिवार को नाजका लाइंस आर्कियोलॉजिकल साइट के ऊपर उड़ते समय क्रैश हो गया। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पेरू के वित्त, पर्यटन, परिवहन और सूचना मंत्रालय ने अलग-अलग बयान में कहा कि विमान में 11 विदेशी नागरिक और दो क्रू मेंबर सवार थे। विदेशी पर्यटकों में इटली, जर्मनी और स्पेन नागरिक थे। परिवहन और सूचना मंत्रालय ने कहा कि इस विमान (सेसना कारवां सी-208) ने दोपहर 12:10 बजे पिस्को एयरपोर्ट से उड़ान भरी । दोपहर 1:00 बजे जब विमान सोकोस शहर के आसपास उड़ रहा था। तभी क्रू ने नास्का एयरपोर्ट के कंट्रोल टावर को आपात सूचना दी। इसके बाद रेडियो संपर्क टूट गया। स्थानीय



अधिकारियों ने बताया कि विमान पुएब्लो विएजो इलाके में क्रैश हुआ। यह स्थान नाजका शहर से लगभग चार मील और नाजका लाइंस साइट से लगभग लाक मील दूर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह छोटा विमान स्थानीय पेरूवियन एयरलाइन 'एरोडियाना' का है। एरोडियाना ने हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। कंपनी ने बयान में कहा, "अपने 18 साल के ऑपरेशन के दौरान हमने अपने यात्रियों और क्रू की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता बनाए रखी है। विमान वापसी की यात्रा शुरू करने की तैयारी कर रहा था, तभी क्रैश हो गया।

# करियर और परिवार को बर्बाद कर देता है नशा : मोदी

## प्रधानमंत्री ने नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि ड्रग्स कुछ समय के लिए हाई देता है लेकिन आपके करियर और फैमिली लाइफ को लो कर देता है। ऐसे में हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमारे युवा नशा और ड्रग्स के खतरों को समझकर जागरुक रहते हुए इससे दूर रहें। प्रधानमंत्री मोदी ने आज नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान राष्ट्रव्यापी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 28 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवा जुड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नशे से परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। दुश्मन देश भी षड्यंत्र करके देश के युवाओं को नशे की लत में खींचने की कोशिश करते रहते हैं। ऐसे में ड्रग सप्लाई कर कमाई कर देश को तबाह करना भी आतंकी साजिश का



हिस्सा होता है। इसलिए हमें हर एक युवा को नशे के चुंगल में फंसने से बचाना है। सामूहिकता की ताकत पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यक्तिगत प्रयास करते समय निराशा और थकान हो सकती है लेकिन जब कोई अभियान सामूहिक स्वरूप ले लेता है और करोड़ों लोग मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो सामूहिकता की ताकत उसे नई ऊर्जा देती है। प्रधानमंत्री ने बताया कि देशभर के लाखों युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली है। उन्होंने बताया कि यह संकल्प अगले 100 सप्ताह तक लगातार आगे बढ़ेगा। इस दौरान प्रत्येक रविवार कला, संस्कृति, खेल, ध्यान, अध्यात्म और सेवा से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले 100 रविवार नशा मुक्त भारत की दिशा में 100 मजबूत कदम साबित होंगे। प्रधानमंत्री ने नशा मुक्ति में योग, ध्यान और पुनर्वास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से यह विधाएं व्यक्ति के अंतर्मन को मजबूत बनाती हैं। उन्होंने कहा कि आज नशा छोड़ने के लिए पुनर्वास केंद्र जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, ह्लयदि कोई युवा गलती से नशे की गिरफ्त में आ गया है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उसके सभी रास्ते बंद हो गए हैं। उचित सहयोग और उपचार से वह सामान्य जीवन में लौट सकता है। प्रधानमंत्री ने परिवारों से अपील की कि यदि घर का कोई बच्चा नशे का शिकार हो जाए तो सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण इसे छिपाया न जाए।

# प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पप्पू यादव पर चप्पल से हमला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर रविवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब एक युवक ने कथित तौर पर उन पर चप्पल फेंककर हमला कर दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद समर्थकों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना के दौरान कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पप्पू यादव अपने हालिया संसद प्रदर्शन और उस पर उठे विवादों को लेकर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने उनसे तीखे सवाल पूछने शुरू किए।

# अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच ने आभार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन कर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को किया सम्मानित

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच, बिहार प्रदेश एवं बंशी चाचा सामाजिक विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एनडीए सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सम्मान में आभार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भव्य स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी विधायक सह राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने किया तथा मंच संचालन अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच बिहार प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने किया।

बिहार मंत्रिमंडल में कानू हलवाई समाज को उचित प्रतिनिधित्व और मान - सम्मान देने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सरकार की जमकर सराहना की।

बंशी चाचा के शहादत का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कानू हलवाई समाज को उनके पद चिन्हों पर चलते हुए एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। इस समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए अपने संकल्प सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को दोहराया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सहयोग शिविर के माध्यम से 30 दिनों के भीतर शिकायत समाधान तथा तय समय पर पेंशन भुगतान जैसी जनउपयोगी उपलब्धियों का उल्लेख किया साथ यह भी बताया कि सरकार समाज की सबसे निचले पायदान पर खड़े गरीबों एवं वंचितों के हित के लिए सरकार उनके साथ खड़ी है। साथ ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने



पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के अगुवाई में हुआ यह भव्य कार्यक्रम।

पलवैया धाम को समग्र विकास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियां का विस्तार से चर्चा करते हुए पर्यटन क्षेत्र में बिहार हेली टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा का शुभारंभ तथा धार्मिक एवं पर्यटकीय ष्टिकोण से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के विकास की चर्चा की।

इस कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र गुप्ता ने कानू हलवाई समाज के द्वारा किए कार्यो का उल्लेख किया तथा इस समाज को पिछड़ेपन को दूर करने के संबंध में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा।

इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद संजय जायसवाल, मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, मंत्री रामचंद्र प्रसाद , पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, विधायक छोटी कुमारी, विधायक अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार साह, रमेश कुमार भोला, भोला साह, प्रभात गुप्ता, अजय कानू , गणेश कानू, किरिशन मुरारी मुरली गुप्ता, कुंदन कुमार पिंकू, अनिल गुप्ता, अधिराज सहित कानू हलवाई समाज के प्रबुद्ध नागरिकों एवं हजारों प्रतिनिधियों और आम लोगों ने हिस्सा लिया। धन्यवाद ज्ञापन देवेंद्र साह ने किया।

इधर , पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफलता एवं महाऐतिहासिक बनाने के लिए वे बिहार के सभी जिले एवं प्रखंडों क्षेत्र में लगातार सघन दौरा कर एवं जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को इस कार्यक्रम में आने के लिए न्यौता दिए थे जिससे इस कार्यक्रम में बिहार के कोने-कोने से हजारों लोगों ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को महाऐतिहासिक बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसके लिए वे सभी का तहेदिल से धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट करते है।

खबरें खास-खास


बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल ने रविवार को तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचकर गुरु घर में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने पारंपरिक सिख रीति-रिवाज के अनुसार उनका स्वागत किया और उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सनी देओल ने गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन चोला साहिब तथा माता साहिब कौर जी के जोड़ा साहिब के दर्शन किए और देश, समाज व मानवता की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

## स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में भव्य एडवेंचर कैंप का आयोजन


स्कटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में भव्य एडवेंचर कैंप का सफल आयोजन।

**अररिया (दैनिक नवसंदेश)।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर, अररिया में रविवार को विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एडवेंचर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहस, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा चुनौतियों का सामना करने की क्षमता का विकास करना था।

कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने जिप लाइन, बर्मा ब्रिज, कमांडो नेट, रस्सी आधारित गतिविधियाँ, दीवार पर चढ़ाई, तीरंदाजी तथा बाधा दौड़ जैसी अनेक रोमांचक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक गतिविधि प्रशिक्षित विशेषज्ञों एवं शिक्षकों की निगरानी में पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराई गई।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनुशासन, सहयोग एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया तथा इसे अपने जीवन का एक यादगार अनुभव बताया। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे अनुभवात्मक कार्यक्रमों का आयोजन भी आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

विद्यालय के सहायक निदेशक कुमार आर्यन ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे नवाचारपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए शुभकामनाएँ दी गईं तथा भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं रोमांचक कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

### पटना नगर निगम में चौथे दिन भी हड़ताल जारी रहा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम सहित पूरे बिहार में चौथे दिन भी हड़ताल जारी रहा। पटना नगर निगम में क्षेत्र आज भी न तो कही झाड़ू लगा और न ही कही कचड़ा का उठाव हुआ। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नगर निगम प्रशासन कितना भी जोर लगा ले संगीन के साये में पटना को साफ सफाई करवा लेने का दावा करे लेकिन हकीकत ये है कि नगर निगम का हड़ताल शत प्रतिशत सफल है। पटना में कूड़े का अम्बार लगा हुआ है। नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन का हाल हताशा में खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे वाली हो गई है। उन्होंने ये भी कहा कि एक तरफ कार्यपालक पदाधिकारी ही सुरक्षित नहीं है। डेढ़ माह के अन्दर दो दो कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या हो गई। लेकिन प्रशासन अपने अधिकारी को सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं और दूसरी ओर नगर निगम के कर्मियों को जायज माँग पर विचार नहीं कर उन्हें धमकी दिया जा रहा है। नगर अयुक्त तक कर्डिनेटर और सुपरवाइजर के साथ अपशब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं इससे कर्मियों में रोष बढ़ रहा है। समन्वय समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि नगर आयुक्त या तो दमनकारी नीति अपनाए या समझौता की नीति। दोरंगी नीति नही चलने वाला है और हड़ताल जारी रहेगा।

खबरें : एक नजर में

## नेहा कुमारी का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन


अरवल जिले की बेटी नेहा कुमारी।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** तेर्रा, करपी, अरवल जिले की बेटी नेहा कुमारी का बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के माध्यम से राजनीति विज्ञान विषय में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है। नेहा ने अपनी स्कूली शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल, पुनाईचक, बीएसईबी कॉलोनी, पटना से पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से राजनीति विज्ञान विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। वर्तमान में वे पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी कर रही हैं। अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान नेहा ने यूजीसी-नेट परीक्षा दो बार सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। लगातार मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है कि उनका राजनीति विज्ञान विषय में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ अरवल जिले में भी खुशी का माहौल है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं के लिए प्रेरणादायक है।

### मारपीट के आरोप में आरपीएफ एएसआई के खिलाफ जीआरपी में केस दर्ज नहीं, पीड़ित को थाने से बाहर निकाला

**मोकामा।** जीआरपी रेल थाना में आरपीएफ के एएसआई पर मारपीट के आरोप में मामला दर्ज नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि 9 जुलाई को लिखित शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित को जीआरपी थाने से बाहर कर दिया। चंदन कुमार ने जीआरपी रेल थाना में आरपीएफ के एएसआई पप्पू यादव पर मारपीट और आपत्तिजनक गाली गलौज का लिखित शिकायत किया गया था। चंदन का कहना है कि उसने पहले ग यानी ट्विटर पर अपनी शिकायत सार्वजनिक की थी। इसके बाद उसे जीआरपी थाना बुलाकर दूसरा आवेदन देने को कहा गया। पीड़ित ने बताया कि जब वह दूसरा आवेदन लेकर मोकामा जीआरपी थाना पहुंचा तो उसे थाने के अंदर से बाहर निकाल दिया गया। इस मामले में जीआरपी थाना प्रभारी से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने इस पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

### सफाईकर्मियों की हड़ताल से उत्पन्न समस्या का शीघ्र समाधान हो : डा प्रेम कुमार

**पटना/ एनएसबी।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने राज्यभर में नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा किए जा रहे आंदोलन एवं हड़ताल से उत्पन्न स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा से दूरभाष पर वार्ता कर आम जनता को हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया। डा. प्रेम कुमार ने कहा कि सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण शहरी क्षेत्रों में नियमित सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

## डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या से कानून का बिहार में कैसा राज है : एजाज


एजाज अहमद।

**पटना / एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कि घोर शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की दिल दहला देने वाली घटना से राज्य में कानून व्यवस्था के मामले पर सवाल खड़ा कर होता है और ऐसा लगता है कि राज्य में अपराधियों के सामने शासन और प्रशासन का खौफ समाप्त हो गया है। इस तरह की घटना से कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा होता है और ऐसा लगता है कि अपराध और अपराधियों के रहो-करम पर अधिकारियों और आम लोगों को छोड़ दिया गया है। कहीं भी शासन और प्रशासन का अपराधियों पर खौफ नहीं दिख रहा है और सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है । उन्होंने कहा कि अपराधियों ने जिस तरह से हत्या को अंजाम दिया हैं उससे यह स्पष्ट होता है कि जब सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनों की सुरक्षा कैसे हो पाएगी ये बड़ा सवाल है। एजाज ने अपराधियों के शीघ्र गिरफ्तारी के साथ-साथ चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली क्यों ना हो उसपर कार्रवाई होनी चाहिए और स्पीडी ट्रायल चलकर अपराधियों को सजा मुकद्दर किया जाना चाहिए क्योंकि कठोर और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। सरकार सिर्फ दावे और वादे के सहारे अपराधियों पर कार्रवाई की बात नहीं करें बल्कि कठोर एवं मजबूती से कार्रवाई की मांग की है। इन्होंने राज्य सरकार से इस जघन्य हत्या में शामिल सभी लोगों को बेनकाब करने के लिए तत्परता से कार्रवाई की मांग की है जिससे कि सच और सच्चाई सामने आ सके।

## लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) दलित आदिवासी सम्मेलन का आयोजन करेगा

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का अनुसूचित जाति- जनजाति प्रकोष्ठ सितम्बर माह में मिलर हाई स्कूल के मैदान में विशाल दलित-आदिवासी सम्मेलन का आयोजन करेगा।

लोजपा-(रा) के राज्य कार्यालय 1 व्हीलर रोड पटना में अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों एवं राज्य के पदाधिकारियों की बैठक में उक्त आशय का निर्णय लिया गया।



लोजपा-(रा) के राज्य कार्यालय 1 व्हीलर रोड पटना में अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों एवं राज्य के पदाधिकारियों की बैठक।

बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित जाति-जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान ने किया। बैठक में चिराग पासवान को देश का सबसे लोकप्रिय नेता बताते हुए कहा गया कि सम्मेलन का उद्घाटन हमलोगों के नेता और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान करेंगे।

बैठक में सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया कि दलितों पर हो रहे जुल्म की घटना से पूरे बिहार के दलित समुदाय चिंतित है। जिलों में घटना होने पर प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी तुरंत घटना स्थल पर जाकर पीड़ित परिवार से मिलेंगे और न्याय दिलाने के लिए आंदोलन करेंगे।

बैठक में भूमिहीन दलितों को 4 डिसमिल जमीन सरकार से दिलाने का मुहिम चलाएंगे और दलितों का पुनर्वास कराएंगे।

प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव कुमार पासवान ने बताया कि बैठक को अनुसूचित जाति-जनजाति के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत कुमार पासवान, अखिलेश पासवान, महेन्द्र पासवान, लाल बाबू पासवान, प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डा बीरेंद्र पासवान, सुदीप्त चौधरी, विद्यानंद पासवान, प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विष्णु कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए।

## बेजोड़ टॉक्स का 18 वां एपिसोड बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया संरक्षक संजय कुमार पर

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नितिन नीरा चंद्रा की चंपारण टॉकीज के बेजोड़ टॉक्स, बिहार के जानेमाने हस्ताक्षर और गुमनाम प्रतिभाओं को वैश्विक मंच दे रहा है। बेजोड़ टॉक्स का 18 वां एपिसोड दो अगस्त को यूट्यूब पर रिलीज किया गया । इस एपिसोड में बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया के संरक्षण में सक्रिय संजय कुमार पर केंद्रित किया गया है।



संजय कुमार।

क्षेत्रीय सिनेमा और कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली प्रसिद्ध प्रोडक्शन कंपनी चंपारण टॉकीज ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म बेजोड़ ओटीटी पर एक नए और क्रांतिकारी टॉक शो बेजोड़ टॉक्स की शुरुआत की है। इस टॉक शो में बिहार और देश के अन्य हिस्सों से आने वाले उन असाधारण उद्यमियों, नवप्रवर्तकों, पर्यावरणविदों और कलाकारों की प्रेरणादायक कहानियों को दुनिया के सामने ला रहा है, जिन्होंने सीमित संसाधनों में समाज में बड़ा बदलाव किया है।

बेजोड़ टॉक्स के 18वें एपिसोड के अतिथि गौरैया संरक्षक संजय कुमार ने भोजपुरी में गौरैया संरक्षण की हर छोटी-बड़ी बातें बतायी है। कैसे जुड़े और गोरैया संरक्षण की तस्वीर बिहार सहित देश भर में कैसी है को कहानीनुमा अंदाज में बताया।

पूरा एपिसोड सिनेमायी अंदाज में प्रस्तुत किया गया है, जो उसकी खूबसूरती है। यह दूसरों से इसलिए अलग है कि बेजोड़ टॉक्स लोकल बोलियों में अतिथियों से टॉक्स करता है जो जमीनी पुट को लिए रहता है। इसमें सिर्फ टॉक्स ही नहीं है बल्कि संबंधित व्यक्ति के काम को टीम जमीनी खोज कर एपिसोड को जीवंत बनाते हैं।

शो के सह-निर्माता ऋषि राज ने गौरैया संरक्षण में किए गए संजय कुमार के कामों का आंकलन दौरा कर किया। टॉक्स के बीच में गौरैया संरक्षण पहल की फुटेज डाल रोचक बनाया हैं। शो की सिनेमैटोग्राफी और शानदार कैमरा वर्क कुंदन आर्य द्वारा किया गया है, जो दर्शकों को एक बेहतरीन विजुअल ट्रीट देता है। मंच की खूबसूरती और थीम आधारित आर्ट वर्क को प्रेमचंद महतो ने जीवंत किया है। वहीं शो की क्रिएटिविटी को चन्द्रा निशा के रचनात्मक इनपुट्स ने और अधिक मजबूती प्रदान की है।

लीक से हटकर काम करने वालों को समर्पित मंच बेजोड़ टॉक्स का मुख्य उद्देश्य समाज के उन हीरों को सामने लाना है जो अक्सर मुख्यधारा के मीडिया की चकाचौंध से दूर रहकर जमीनी स्तर पर काम करते हैं। शो में शामिल होने वाले मेहमानों में जैविक खेती करने वाले किसान, जल संरक्षण और पक्षियों के में जुटे पर्यावरणविद, ग्रामीण पृष्ठभूमि के स्टार्टअप संस्थापक और पारंपरिक कला को सहेजने वाले कलाकार शामिल हैं। यह मंच उनकी सफलता के साथ-साथ उनके संघर्ष और विजन की वास्तविक यात्रा को साझा करता है।

### विमल कुमार की हत्या की उच्चस्तरीय जांच हो : अरुण यादव


अरुण कुमार यादव।

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने डेहरी नगर परिषद के कार्य पालक पदाधिकारी विमल कुमार की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इसे बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था का गंभीर उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी अधिकारी की इस प्रकार हत्या होना अत्यंत चिंताजनक है। यह घटना दर्शाती है कि अपराधियों के मन से खाकी और कानून का खौफ पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राज्य में हत्या, लूट और रंगदारी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सम्राट सरकार अपराध पर लगाम लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। राजद प्रवक्ता ने मांग की है कि इस हत्याकांड की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, इस मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को शीघ्र एवं कठोर सजा दिलाई जाए तथा हत्या के पीछे यदि किसी प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्ति या किसी अन्य प्रकार की साजिश की भूमिका हो तो उसका भी पर्दाफाश किया जाए।

# चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने पर डा. अनिल सुलभ के सम्मान में आयोजित हुआ सावन-महोत्सव कवयित्री सम्मेलन

## साहित्य सम्मेलन में उतरा सावन, कवयित्रियों ने की पावस की रस-वर्षा, संध्या तक झूमते भीगते रहे श्रोता

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में रविवार को जैसे सावन ही उतर आया। बाहर ही नहीं, भीतर भी वर्षा हो रही थी। बाहर बदरियाँ बरस रही थी और भीतर कवयित्रियाँ। संध्या के उतरने तक कवयित्रियों की कजरी और श्रावणी-गीतों की मूसलाधार-वर्षा में सुधी श्रोता भीगते और आनन्द उठाते रहे। लगातार चौथी बार डा अनिल सुलभ के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर, उनके सम्मान में, सम्मेलन के महिला साहित्यिक विभाग के तवावधान में यह सावन-महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन आयोजित हुआ था।

डा सुलभ का अभिनन्दन करती हुईं कवयित्री सम्मेलन की अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यसेविका डा कल्याणी कुसुम सिंह ने कहा कि डा सुलभ के अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात ही सम्मेलन पुनः जीवित हुआ। हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन के लिए जितने कार्य इनके कार्यकाल में हुए, उतने सम्मेलन के साल के जीवन में कभी नहीं हुए। सम्मेलन ने अपनी खोयी गरिमा प्राप्त की और आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी चर्चा हो रही है। डा सुलभ ने लगातार वर्षों तक सम्मेलन का अध्यक्ष होने का कीर्तिमान स्थापित किया है। सुलभ जी आजातशत्रु हैं। सम्मेलन की रक्षा और उन्नति के लिए डा सुलभ का अध्यक्ष बने रहना सम्मेलन की आवश्यकता है।

अपने कृतज्ञता-ज्ञापन में डा. सुलभ ने सम्मेलन के सभी साहित्यकार सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि लगातार दूसरी बार निर्विरोध चुनकर जो सम्मान आपने दिया है,


लगातार चौथी बार डा अनिल सुलभ के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर, उनके सम्मान में, सम्मेलन के महिला साहित्यिक विभाग के तत्वावधान में सावन-महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन आयोजित हुआ ।



सावन-महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन में कवयित्रियों ने जलाया दीप।

उससे मैं अभिभूत हूँ। विशेषकर सम्मेलन की विदुषी देवियों के प्रति मैं नत-मस्तक हूँ, जो संकट की घड़ियों में भी मेरा बल बन कर दृढ़ता से सामने आयीं और मेरा सारा बोझ उठा लिया। सम्मेलन के सभी कार्यों में महिला-साहित्यकारों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया है और सम्मेलन को ऊर्जा दी हैं।

सावन-महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन में, हरे परिधानों में सजी-धजी कवयित्रियों ने एक से बढ़कर एक प्रेम और ऋंगार के रस में डूबे पावस-गीत सुनाकर काव्य-रसिकों का हृदय जीत लिया। प्रेम और ऋंगार के गीतों पर जहाँ तालियाँ और वाह-वाह की गूँज उठी, वहीं विरह-गीतों पर श्रोताओं के मुख से हाय-हाय भी निकलते रहे।

चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से आरंभ हुए इस कवयित्री सम्मेलन में वरिष्ठ कवयित्री डा पूनम आनन्द, डा पुष्पा जमुआर, आरा से पधारी डा रेणु मिश्र, डा प्रतिभा रानी, पूनम सिन्हा श्रेयसी, सागरिका राय, डा विद्या चौधरी, विभा रानी श्रीवास्तव, सुजाता मिश्र, अभिलाषा कुमारी, डा ऋचा वर्मा, डा सीमा यादव, शमा कौसर शमा, डा प्रतिभा पराशर, ज्योति मिश्र, आशा रघुदेव, उत्तरा सिंह, डा रेखा भारती, प्रेमलता सिंह राजपुत, नमिता लोहानी, लता प्रासर, राजप्रिया रानी, शिवानी गौड़, राजकांता राज, अनुभा गुप्ता, सुनीता रंजन, डा प्रियंका सिन्हा, निशा पराशर आदि कवयित्रियों ने भी अपनी सुमधुर काव्य-रचनाओं श्रोताओं को भाव-विभोर किया। मंच का संचालन सम्मेलन की संगठनमंत्री डा शालिनी पाण्डेय ने किया।

सभागार में श्रोताओं के बीच डा ध्रुव कुमार, कुमार अनुपम, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, इंदु भूषण सहाय, हृदय नारायण झा, डा हेमंत कुमार,अश्विनी कविराज, नंदन कुमार मीत, कुमारी मेनका, डौली कुमारी, मनोज कुमार झा, रोहित कुमार, अजय झा आदि बड़ी संख्या में काव्य-प्रेमी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### द्वादशा के अवसर पर परिजनो ने वितरण किया 21 सौ पौधा

**1993 से अबतक 17 लाख से अधिक पौधो का कर चुके है वितरण व रोपन**




**सिंहवाड़ (एनएसबी)।** शंकरपुर पंचायत के वार्ड 14 विश्वनाथ पट्टी गांव मे रविवार को स्व रत्नी देवी के द्वादशा सह हरित श्रद्धांजलि समारोह के अवसर पर परिवार के सदस्य द्वारा विभिन्न प्रकार के 2100 पौधो का वितरण सह रोपन कर हरित श्रद्धांजली दिया। उनके बड़े पुत्र विजय प्रसाद ने बताया की मेरी माता का 94 वर्ष की उम्र मे 22 जुलाई को निधन हो गया। उनके दूसरे पुत्र ग्लोबल ग्रीन मिशन के संस्थापक पर्यावरण मित्र संजय कुमार कुशवाहा है। जो वर्ष 1993 मे ग्लोबल ग्रीन मिशन की स्थापना की। उन्होने इस अभियान के तहत अबतक लगभग 17 लाख से अधिक बृक्षो के वितरण सह रोपन करने का कार्य कर चुके है। इस अवसर पर राजकुमारी देवी, सुमित्रा देवी,सूनीता देवी, मिणा सिन्हा,सिंधु कुमारी,राज कमल,नील कमल,प्रभात कमल, प्रभाष कमल,अजीत कुमार कुशवाहा, कृति शिखा, आचार्य ललित शास्त्री,राजेश कुमार सुमन,रत्न बिहारी पासवान,श्याम कुमार कुशवाहा,बसंत कुमार, देवेन्द्र महतो, रामबाबू सिंह सहित ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

### सावन की पहली सोमवारी को लेकर मिथिला का बाबाधाम कुशेश्वरस्थान तैयार



**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** सावन के पहला सोमवारी को लेकर बाबा कुशेश्वर नाथ मंदिर सज-धज कर तैयार है। मिथिलांचल के बाबा धाम कहे जाने वाले तीर्थ स्थल बाबा कुशेश्वर नाथ महादेव मंदिर सावन के पहला सोमवारी की आगमन को लेकर कुशेश्वर स्थान एवं आस पास के माहौल शिवमय हो गया है और महादेव मंदिर को काफी खुबसूरती तरीके से, फुल माला और डिजीटल लाईट से सजाया गया है। जिससे कुशेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण और मुख्यद्वार तक फुलो और डिजीटल लाईट से सजाया गया है। श्रद्धालुओ के जलाभिषेक करने के लिए प्रशासन के तरफ से भी खास इंतजाम किया गया ताकि किसी भी शिव भक्तों को जलाभिषेक करने में परेशानी ना हो। इसके लिए कुशेश्वर बाजार से चार चक्का और दो चक्का वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा और कुशेश्वर बाजार के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगा दिया गया है। हरेक बैरिकेडिंग के पास महिला एवं पुरुष पुलिस बल और पदाधिकारी तैनात रहेंगे। मंदिर के गर्व गृह से लेकर मुख्य द्वार एवं भीड़भाड़ वाले जगह पर सीसीटीवी कैमरा और पुलिस बल तैनात रहेंगे। पहला सोमवारी को लेकर लोग रविवार शाम से ही श्रद्धालुओ का आना शुरू हो गया है ताकि सोमवारी को ब्रहम मुहुर्त में जलाभिषेक कर सके ।थाना प्रभारी गौरव प्रसाद ने बताया कि महिला एवं पुरुष पुलिस बल शिव भक्तों को सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान करेगी ताकि सुरक्षित जलाभिषेक कर सके।

### प्रत्येक चीनी मिल के संचालन के लिए 30000 एकड़ में गन्ना की खेती जरूरी: कौशल कुमार

**डीएम ने कहा जिले में नई चीनी मिलों की स्थापना को लेकर गन्ना क्षेत्र विस्तार का विशेष अभियान चलाया जा रहा है**



**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा श कौशल कुमार ने कहा कि जिले में नई रैयाम एवं सकरी चीनी मिलों की स्थापना के उद्देश्य से गन्ना क्षेत्र विस्तार हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में किसानों के बीच व्यापक जनजागरूकता, गन्ना किसान पंजीकरण तथा चीनी मिल सहकारी सदस्यता अभियान संचालित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि अब तक 13000 से अधिक किसान ने गन्ना की खेती के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। प्रत्येक चीनी मिल के सफल संचालन के लिए लगभग 30,000 एकड़ क्षेत्र में गन्ना की खेती आवश्यक होगी। इसे ध्यान में रखते हुए जिले में गन्ना की खेती का रकबा बढ़ाने तथा अधिक से अधिक किसानों को गन्ना उत्पादन एवं सहकारिता से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान शिविरों में भाग लेकर गन्ना किसान पंजीकरण एवं सहकारी सदस्यता का लाभ प्राप्त कर सकें।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिले सांसद दरभंगा में महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं पर की चर्चा

**दरभंगा (एनएसबी)।** आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र की एनडीए सरकार के द्वारा अनेकों पहल किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक सामाजिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक जीवन में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किए जा रहे प्रयास आज देश और दुनिया के लिए एक आईना है।
वित्तीय वर्ष 2026-27 में केंद्र सरकार के बजट में 5.01 लाख करोड़ रुपए का आवंटन इसका ज्वलंत उदाहरण है।दरभंगा जिले में महिलाओं के लिए चलाए जा रही योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए ठोस पहल की जा रही है तथा महिलाओं की सुरक्षा संरक्षा तथा आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्रीय महिला विकास मंत्रालय के द्वारा शीघ्र ही पहल शुरू की जाएगी। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने रविवार को भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से भेंट करने के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी दी है। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, पोषण, सुरक्षा एवं समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की तथा दरभंगा जिले में सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0, मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, पालना योजना, कार्यरत महिलाओं हेतु सखी निवास तथा बेटी बचाओझ्बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं के प्रभावी विस्तार एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ किए जाने का आग्रह किया। सांसद डा ठाकुर ने केन्द्रीय मंत्री से महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आग्रह करते हुए कहा है कि आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाए बिना समाज और राष्ट्र की मजबूती संभव नहीं है।

### गर्भावस्था में एनीमिया की समय पर पहचान से बचाई जा सकती है माताओं की जान

दरभंगा (एनएसबी)। फॉग्सी के महत्वाकांक्षी रीच कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार की देर शाम एक स्थानीय होटल में प्रसवोत्तर रक्तस्राव की रोकथाम एवं उपचार पर वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन दरभंगा फॉग्सी के संरक्षक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत प्रसाद ने किया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. कुमुदिनी झा ने अतिथियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने बताया कि पांचवें राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 15 से 49 वर्ष की 57 प्रतिशत महिलाएं, 52.2 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं तथा 59.1 प्रतिशत किशोरियां एनीमिया से पीड़ित हैं। गर्भावस्था में खून की कमी होने पर प्रसव के दौरान थोड़ा रक्तस्राव भी गंभीर रूप ले सकता है। इससे कमजोरी, संक्रमण, हृदय पर दबाव, रक्त चढ़ाने की आवश्यकता तथा मातृ मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।प्रमुख वक्ता डॉ. सुप्रिया जायसवाल ने प्रसवोत्तर रक्तस्राव की पूर्व पहचान, रोकथाम तथा प्रसव के बाद होने वाली एनीमिया में नस के माध्यम से लौह औषधि देने की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अंजना सिन्हा ने गर्भाशय को संकुचित करने वाली औषधियों तथा प्रसवोत्तर रक्तस्राव की स्थिति में तत्काल संयुक्त उपचार के उपाय बताए। दोनों विशेषज्ञों ने कहा कि रक्तस्राव की शीघ्र पहचान और समयबद्ध उपचार से अधिकांश माताओं की जान बचाई जा सकती है।वैज्ञानिक सत्रों की अध्यक्षता डॉ. शशिबाला प्रसाद, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. रूही यास्मीन, डॉक्टर रेनू झा, डॉ. अपराजिता, डॉ. पूजा महासेठ तथा डॉ. अलका मिश्रा ने की। संगोष्ठी में उपस्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों में डॉक्टर अर्चना भारती, डॉक्टर वसुधा रानी, डॉक्टर अलका द्विवेदी, डॉक्टर शिल्पा कुमारी, डॉक्टर मधु सिंह, डॉक्टर अलका मिश्रा, डॉक्टर शाजियां नूर, डॉक्टर सुष्मिता, डॉक्टर ओम प्रकाश, डॉक्टर अनीता कुमारी, डॉक्टर जमूरत इत्यादि प्रमुख थे।

# बालक वर्ग में भागलपुर और बालिका वर्ग में गया बना सब जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता का चैंपियन

**बिरौल में राज्य स्तरीय सब-जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन**


अतिथियों के साथ बालक वर्ग के विजेता टीम एवं प्रतिभागी


,अतिथियों के साथ बालिका वर्ग की विजेता टीम एवं अन्य,


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते संजय कुमार सिंह

**बिरौल (दरभंगा)।** बिहार बास्केटबॉल संघ एवं दरभंगा जिला बास्केटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में बिरौल प्रखंड के श्री कृष्ण आइडियल पब्लिक स्कूल के विशाल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक एवं बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को रोमांचक फाइनल मुकाबलों एवं भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हो गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिरौल प्रभाकर तिवारी, थानाध्यक्ष बिरौल श्री चंद्रमणि,जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, संजय कुमार देव कन्हैया तथा डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या स्निग्धा स्नेहा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, खेल प्रेमी एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ निरंतर अभ्यास कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम रोशन करने का आह्वान किया।फाइनल मुकाबलों में बालक वर्ग में भागलपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुजफ्फरपुर को 41झ36 के अंतर से पराजित कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में गया की टीम ने वैशाली को 36झ32 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की।बालक वर्ग में पटना एवं भोजपुर की टीमों ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में पटना एवं भागलपुर की टीमों ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। बिहार बास्केटबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन सुशील कुमार ने शानदार एवं भव्य आयोजन के लिए बास्केटबॉल एसोसिएशन दरभंगा के अध्यक्ष ब्रजेश चौधरी,सचिव आशीष कुमार,स्किप्स विद्यालय के अध्यक्ष श्री गणेश चौधरी और प्रबंध निदेशक नवलेश चौधरी समेत पुरी आयोजन कमेटी को शुभकामनाएं और बधाई दिया।समापन समारोह में विजेता, उपविजेता एवं संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।अतिथियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बिहार बास्केटबॉल संघ,दरभंगा जिला बास्केटबॉल संघ तथा आयोजन समिति की सराहना की।तीन दिनों तक चली इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 400 से अधिक बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अनुमंडल प्रशासन, आयोजन समिति, तकनीकी अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस अवसर पर बिहार बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारी, विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि,शिक्षाविद,खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय दर्शक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन दरभंगा जिला हैंडबॉल संघ के सचिव रविंद्र कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष डॉ. केशव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

## विश्वविद्यालय में 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन' विषय पर होगा आवासीय प्रशिक्षण शिविर

**डॉ आर एन चौरसिया की अध्यक्षता में एनएसएस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित**



**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के सौजन्य से ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के तीन जिलों- मधुबनी, समस्तीपुर एवं दरभंगा के 800 एनएसएस स्वयंसेवकों का आगामी 8 अगस्त से चार बैचों में होने वाले सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण की सफलता के उद्देश्य से कार्यक्रम समन्वयक-प्रथम डॉ आर एन चौरसिया की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम समन्वयक-द्वितीय डॉ शबनम कुमारी, डॉ प्रेम कुमारी, डॉ कविता रावत, डॉ रीता कुमारी, डॉ योगेश्वर साह, डॉ विक्रम कुमार, डॉ संतोष कुमार, डॉ शालिनी भवसिंका, डॉ प्रेमलता शर्मा, डॉ कमलेश मांझी, डॉ शशि शेखर द्विवेदी, डॉ राजेश कुमार मौर्य, डॉ सुधांशु कुमार, डॉ अशोक रंजन, अजय कुमार झा, लक्ष्मी प्रसाद यादव, डॉ श्याम सुंदर शर्मा, डॉ रिंकू कुमारी, डॉ अनुपम प्रिया, डॉ शशि वाला, डॉ अमरजीत भारती, डॉ अभिमन्यु कुमार, डॉ सुजीत कुमार साफी आदि उपस्थित थे। स्वागत संबोधन एवं संचालन डॉ शबनम कुमारी ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रीता कुमारी ने किया। ज्ञातव्य हो कि आगामी 8 से 22 अगस्त के बीच दो प्रशिक्षण शिविर तथा 01 से 14 सितंबर के बीच दो प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक प्रशिक्षण बैच में करीब 200-200 स्वयंसेवक भाग लेंगे। डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन' विषय पर "युवा आपदा मित्र" के लिए सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें बाढ़ सुरक्षा, सड़क दुर्घटना, अगलगी से बचाव, भूकंप सुरक्षा, वज्रपात एवं लू से बचाव, भीड़ नियंत्रण, सर्पदंश- प्रबंधन, नौका दुर्घटना, रोड एक्सीडेंट, अस्पताल पूर्व चिकित्सा आदि पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में सैद्धांतिक शिक्षा के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाएगा जो स्वयंसेवकों को समाजोपयोगी एवं रोजगारोन्मुख बनाएगा। डॉ शबनम कुमारी ने शिविर में शामिल होने वाले 18 वर्ष से अधिक के स्वयंसेवकों के लिए आधार कार्ड, नॉमिनी का आधार कार्ड, बैंक अकाउंट नंबर, छात्र-छात्राओं के पहचान पत्र को अनिवार्य बताते हुए कहा कि जो छात्र पूर्व में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण ले लिए हैं, उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले छात्र अपने अभिभावक से भी अवश्य सहमति लें ले। उन्होंने सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों का समुचित उत्तर भी दिया।

### सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नशा मूक्त युवा फॉर विकसित भारत के संकल्प को सफल बनाने का आह्वान

**दरभंगा (एनएसबी)।** नशा हर परिवार के लिए एक अभिशाप साबित हो रहा है। युवाओं तथा छात्र छात्राओं की नशा से दूर करने के लिए उनके बीच जनजागरूकता और बौद्धिक चर्चा को तेज किये जाने की आवश्यकता है। युवाओं के नशामुक्त हुए बिना देश की तरक्की संभव नहीं है। सरकार के नशामुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए युवाओ को आगे आने की जरूरत है।भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा रविवार को शुभारंभ किए गए 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत- संकल्प' अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए उपरोक्त बातें कही

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया नशा मुक्त भारत का आह्वान

**नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान-2026 का दरभंगा में भव्य शुभारंभ**



बैठक में मंत्री मदन सहनी, विधायक मुरारी मोहन झा, विधायक ईश्वर मंडल, डीएम एसएसपी एवं अन्य

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान 2026 का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के एक करोड़ से अधिक युवाओं को संबोधित करते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण का आह्वान किया। इस अवसर पर माय भारत के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं संस्थान, युवा क्लबों के प्रतिनिधि, गैर-सरकारी संगठनों उद्योग संघों के युवा विंग तथा विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के युवा बड़ी संख्या में कार्यक्रम से जुड़े। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार मदन सहनी ने युवाओं को संबोधित करते हुए नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले सामाजिक,आर्थिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चला रही है तथा युवाओं की सहभागिता इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। अपने संबोधन के उपरांत उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी युवाओं एवं प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। विधायक, केवटी मुरारी मोहन झा एवं विधायक, दरभंगा ग्रामीण राजेश कुमार मंडल ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया।जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता, निर्णय लेने की शक्ति एवं कार्यकुशलता को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जीवन जीने का आग्रह किया। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध प्रदीप कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशिष अमन सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, स्वयंसेवी संगठन, युवा प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने भाग लिया।

## भूमि विवाद में हमला कर अधेर को किया जख्मी, एफआईआर दर्ज

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** शोभन शंकरपुर गांव में हुए भूमि विवाद में एक अधेर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए दरभंगा भेजा गया है। इस मामले मे शोभन शंकरपुर निवासी मो रईस आलम ने सिमरी थाना मे एफआईआर दर्ज करायी है। जिसमे मशीदुल रहमान उर्फ कख्खन, अतीकुल रहमान, नशीबुल रहमान उर्फ महगारी, मो गुफरान, रूबेदा खातून, सवाना बेगम, रोकसाना खातून सहित चार अज्ञात को नामजद किया है।

# मिथिला विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस के उपलक्ष में खेल प्रतियोगिता आयोजित

**बैडमिंटन प्रतियोगिता में डॉ. सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ पहुंचे फाइनल में**



प्रतियोगिता में भाग लेते मिथिला

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के गौरवशाली स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मियों हेतु दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 02 से 03 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है. जिसके प्रथम दिवस विभिन्न खेल स्पधाओं का अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं सफल आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ की महिला वर्ग स्पर्धा में डॉ. सुमनदीप कौर स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग प्रथम, डॉ. लक्ष्मी कुमारी स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग द्वितीय तथा काजल कुमारी डब्ल्यू.ई.टी. तृतीय स्थान पर रहीं, वहीं 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. रश्मि शिखा स्नातकोत्तर भूगोल विभाग प्रथम स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में गैर-शिक्षक कर्मी वर्ग में रोहित कुमार स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग प्रथम, दीपक राम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी द्वितीय एवं श्रीराम झा डॉ॰ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी तृतीय स्थान पर रहे, जबकि शिक्षक वर्ग में विपुल कुमार डॉ॰ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी प्रथम, डॉ. अतानु बनर्जीस्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग द्वितीय तथा डॉ. संजीव कुमार साह स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग के 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. अनुरंजन स्नातकोत्तर भूगोल विभाग प्रथम, प्रदीप कुमार पी॰जी॰ एथलेटिक्स द्वितीय तथा डॉ. अनिल कुमार चौधरीस्नातकोत्तर इतिहास विभाग) तृतीय स्थान पर रहे। शॉट पुट प्रतियोगिता की महिला वर्ग में डॉ. लक्ष्मी कुमारी स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग प्रथम, डॉ. काजल कुमारी डॉ॰ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी द्वितीय एवं डॉ. सुमनदीप कौर स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग तृतीय स्थान पर रहीं, तथा 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. रश्मि शिखास्नातकोत्तर भूगोल विभाग प्रथम स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के शॉट पुट में विपुल कुमार (डॉ॰ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी प्रथम, गौतम सिंह नियुक्ति कोषांग द्वितीय तथा विपिन सिंह डॉ॰ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी तृतीय स्थान पर रहे, जबकि 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. अनुरंजन स्नातकोत्तर भूगोल विभाग) प्रथम, डॉ. राजीव कुमार स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग द्वितीय तथा डॉ. अनिल कुमार चौधरी स्नातकोत्तर इतिहास विभाग एवं प्रदीप कुमार पी॰जी एथलेटिक्स संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो के पुरुष वर्ग में गौतम सिंह नियुक्ति कोषांग प्रथम, विपुल कुमार डॉ॰ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी द्वितीय तथा दीपक राम डॉ॰ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी तृतीय स्थान पर रहे, वहीं 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. राजीव कुमारस्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग प्रथम, डॉ. अनिल कुमार चौधरी स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वितीय तथा डॉ. अनुरंजन स्नातकोत्तर भूगोल विभाग तृतीय स्थान पर रहे।नॉकआउट आधार पर आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में डॉ. सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ कुलपति सचिवालय एवं गौतम सिंह नियुक्ति कोषांग फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका राय ने बताया कि डॉ. सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ कुलपति सचिवालय ने लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की, वहीं गौतम सिंह(नियुक्ति कोषांग) ने भी तीन मैच जीतकर फाइनल तक का सफर तय किया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबला कल, दिनांक 03 अगस्त 2026 को खेला जाएगा।प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने दूरभाष के माध्यम से समस्त प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की और कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मियों के मध्य आपसी सामंजस्य एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देती हैं तथा विश्वविद्यालय परिवार में नवीन उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करती हैं। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् को हार्दिक बधाई देते हुए शेष प्रतियोगिताओं के सफल संचालन की मंगलकामना की। इस अवसर पर पी॰जी॰ एथलेटिक्स की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका राय ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अपने तीन सूत्री मांगों के समर्थन में स्थानीय निकाय कर्मियों ने निकाला जुलूस, जम कर की नारेबाजी




**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** बिहार लोकल बॉडिज इम्प्लाइज फेडरेशन, बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ (एक्टू) एवं संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर नगर परिषद दलसिंहसराय के स्थानीय निकाय कर्मियों ने रविवार को तीन सूत्री मांगों के समर्थन में विशाल रैली निकालकर सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखा। रैली नगर परिषद परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सभा स्थल पर पहुँच कर सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में नारे लगाए तथा सरकार से शीघ्र पहल की मांग की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि, स्थानीय निकाय कर्मी वर्षों से जनता को आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने सरकार से तीन सूत्री मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की और कहा कि, यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक एवं तेज किया जाएगा। रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय निकाय कर्मियों ने भाग लिया और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### चार दिनों से सफाई कर्मियों की हड़ताल, कचरे के ढेर से पटा जा रहा शहर



**समस्तीपुर(एनएसबी)।** समस्तीपुर नगर निगम के सफाई कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर जारी हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण शहर में नियमित साफ-सफाई पूरी तरह ठप्प हो गई है। फलतः हर नुक्कड़, चौराहे पर जगह-जगह कचरे का अंबार लग गया है। इनमें से आरएसबी इंटर कॉलेज रोड, कचहरी, भोला चौक, जिला परिषद कार्यालय के सामने, काशीपुर सहित शहर के कई प्रमुख इलाकों में कचरा नहीं उठने से गंदगी फैल रही है। इसी बीच रह रह कर हो रही बारिश के कारण सड़क किनारे जमा इन कचरे से दुर्गंध उठ रही है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना हैकचरे के ढेर पर आवारा पशु पहुंचकर उसे इधर-उधर बिखेर देते हैं, जिससे गंदगी और बढ़ जाती है। कई स्थानों पर लोगों को सड़क किनारे फैले कचरे के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लगातार चार दिनों से सफाई व्यवस्था ठप रहने के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द सफाई कर्मियों की मांगों का समाधान कर हड़ताल समाप्त कराने तथा शहर की नियमित सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### अखिल भारतीय किसान महासभा का ताजपुर प्रखंड सम्मेलन संपन्न, 13 सदस्यीय नई कमिटी ने की

**ताजपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय किसान महासभा का ताजपुर प्रखंड सम्मेलन रविवार को मोतीपुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन की शुरूआत झंडोत्तोलन के बाद शहीदवेदी पर माल्यार्पण एवं शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।सम्मेलन की अध्यक्षता ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन किसान नेता ललन कुमार दास ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किसानों की समस्याओं और उनके अधिकारों के लिए संगठित संघर्ष की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में बिजली, पानी, खाद, बीज, कीटनाशक की उपलब्धता, नकली कृषि सामग्री की बिक्री पर रोक तथा विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं में किसानों के साथ हो रही हकमारी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बतौर मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष महावीर पोद्दार ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक आंदोलन चलाने का अह्वान किया। सम्मेलन के अंत में किसान महासभा के जिला अध्यक्ष महावीर पोद्दार के पर्यवेक्षण में 13 सदस्यीय नई प्रखंड कमिटी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह को पुनः प्रखंड अध्यक्ष, ललन कुमार दास को सचिव, मनोज कुमार सिंह उपाध्याय एवं संजीव कुमार राय को सह सचिव तथा राजदेव प्रसाद सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मुंशीलाल राय, रवींद्र प्रसाद सिंह, संजय कुमार सिंह और भूषण प्रसाद साह, अनील कुमार सिंह आदि को प्रखंड कमिटी सदस्य निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष को और तेज करने तथा गांव-गांव किसान महासभा को मजबूत बनाने की घोषणा की।

### जिले से रूठा मानसून, अच्छी बारिश के फिलहाल आसार नहीं

**बारिश की कमी से धान उत्पादक किसान चिंतित**

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** अगस्त का पहला सप्ताह शुरू होने के बावजूद समस्तीपुर जिले में मानसून पूरी तरह मेहरबान नहीं हुआ है। बीच-बीच में हल्की बारिश होने के बावजूद अच्छी वर्षा नहीं होने से धान की खेती पर संकट गहराता जा रहा है। मौसम की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में रोपी गई धान की फसल पर्याप्त पानी के अभाव में प्रभावित हो रही है, जबकि कई स्थानों पर किसान अब तक रोपनी भी पूरी नहीं कर सके हैं। जिले के पूसा, कल्याणपुर, वारिसनगर, ताजपुर, मोरवा, सरायरंजन, खानपुर, शिवाजीनगर, उजियारपुर, दलसिंहसराय समेत कई प्रखंडों में सामान्य से काफी कम वर्षा दर्ज की गई है। बारिश नहीं होने से खेतों में नमी की कमी बनी हुई है जिससे धान की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। गौरतलब है कि, धान की खेती पूरी तरह मानसूनी बारिश पर निर्भर रहती है। समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण नर्सरी तैयार करने से लेकर रोपनी और फसल की बढ़वार तक सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिन किसानों ने किसी तरह सिंचाई कर रोपनी कर ली है, उनकी लागत लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं छोटे और सीमांत किसान सिंचाई कराने में असमर्थ हैं।कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की पैदावार पर व्यापक असर पड़ सकता है। लगातार सिंचाई की आवश्यकता होने से किसानों का खर्च बढ़ेगा और उत्पादन लागत भी अधिक होगी। इससे खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।इधर मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार फिलहाल जिले में व्यापक और लगातार बारिश की संभावना कम है। कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, लेकिन उससे खेती को अपेक्षित लाभ मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम की यही स्थिति बनी रही तो किसानों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। किसानों ने सरकार से आवश्यक कृषि सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेती का खर्च बढ़ गया है और अच्छी पैदावार की उम्मीद भी कम होती जा रही है। जिले के हजारों धान उत्पादक किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए मानसून की अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

### शिवमय हुआ माहौल, सावन की पहली सोमवारी आज

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** सावन मास की पहली सोमवारी आज पूरे जिले में श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मनाई जाएगी। जिले के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और हर-हर महादेव तथा बोल बम के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है।सोमवारी को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्थित प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा, भांग, आक के फूल और अन्य पूजन सामग्री के साथ भगवान शिव का अभिषेक करेंगे। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों के पट खुल जाएंगे और दिनभर पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक का सिलसिला चलता रहेगा।समस्तीपुर शहर के थानेश्वर महादेव मंदिर, शिव मंदिर काशीपुर, मुक्तापुर, ताजपुर, दलसिंहसराय, रोसड़ा, पटोरी, वारिसनगर, खानपुर, पूसा, मोरवा, सरायरंजन सहित जिले के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, महामृत्युंजय जाप और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया है।सावन की पहली सोमवारी को लेकर मंदिर समितियों और प्रशासन ने भी व्यापक तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील मंदिरों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।धार्मिक मान्यता के अनुसार सावन माह भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस महीने के प्रत्येक सोमवार को व्रत रखकर विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं

# नशामुक्त भारत की ओर एक कदम, 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ,




शपथ लेते विधान परिषद, डीएम, एसपी व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान-2026'के तहत रविवार को शहर के आरएसबी इंटर विद्यालय, समस्तीपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र पासवान, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सीधा प्रसारण देखा और सुना। जिसमें प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा ह्वविकसित भारत-2047ह्ल के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश का युवा यदि नशामुक्त, शिक्षित, स्वस्थ और जागरूक होगा, तभी भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा के नेतृत्व में उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों, शिक्षकों, स्काउट-गाइड, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त जिला बनाने की सामूहिक शपथ ली और स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। इससे पूर्व माई भारत की जिला युवा पदाधिकारी विजेता मजूमदार ने आगंतुक अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत का संदेश देते हुए पौधा भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने जिलेवासियों, विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाएं। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए परिवार, विद्यालय, समाज और युवाओं की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन अनंत कुमार राय ने किया। मौके पर डीपीओ (एसएसए) शुभम कसौधन, माई भारत की सहायक निदेशक सह जिला युवा पदाधिकारी विजेता मजूमदार, आरएसबी इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललित घोष, संभाग प्रभारी हरिश्चंद्र राम, शिक्षक सुभीत कुमार सिंह, भारत स्काउट एवं गाइड के जिला संगठन आयुक्त चितरंजन कुमार राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्काउट-गाइड, एनसीसी कैडेट्स तथा जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मोबाइल लूट कांड में पुलिस ने मोबाइल सहित एक आरोपी को दबोचा, अन्य बदमाशों की तलाश में छापामारी जारी



संवाददाताओं से बात करते पदाधिकारी।

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** समस्तीपुर पुलिस ने हथियार के बल पर हुई मोबाइल लूट की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है। रविवार को संवाददाताओं को उक्त जानकारी देते हुए डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि, 7 जुलाई 2026 की रात करीब 11:10 बजे अंगारघाट थाना क्षेत्र के खेवड़ी ढाला गुमटी से लगभग 800 मीटर आगे चौराहे पर अंजार आलम से काले रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर मोबाइल लूट लिया था। मामले में पीड़ित के आवेदन पर अंगारघाट थाना कांड संख्या-75/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना के सफल उद्भेदन केलिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री शर्मा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई थी। जिसने तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए संतोष कुमार उर्फ प्लसर, निवासी भगवानपुर चकशेखू वार्ड-14, थाना दलसिंहसराय को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसकी निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया।श्री शर्मा ने बताया कि इस लूटकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास का भी पता लगाया जा रहा है। छापेमारी टीम में अंगारघाट थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार, अनुसंधानकर्ता धीरेन्द्र सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सावन की प्रथम रविवार को विद्यापतिधाम में जलाभिषेक को उमड़ी श्रद्धालुओं व कांवरियों की भीड़, हर हर महादेव और बोलबम के उद्घोष से माहौल हुआ शिवमय



मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बाबा भोले नाथ को प्रिय पावन श्रावण मास के प्रथम रविवार को भक्त और भगवान की मिलन स्थली विद्यापतिधाम स्थित श्री बालेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर शिवमय रहा। समस्तीपुर सहित बेगूसराय, दरभंगा, खगड़िया तथा आसपास के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु विद्यापतिधाम पहुंचे। जहां शिवभक्तों व श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और विश्व कल्याण की कामना की। श्रावणी मेला को लेकर श्री बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम न्यास समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, कतारबद्ध दर्शन तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस बल एवं दंडाधिकारी पूरे समय मुस्तैद रहे, जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी पुकार गिरि, लालबाबू गिरि ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस पावन माह में श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी आस्था के कारण पूरे सावन भर विद्यापतिधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा प्रशासन एवं न्यास समिति के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि विद्यापतिधाम में दर्शन की व्यवस्था पहले की अपेक्षा और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित हुई है।

## मंडल ताजपुर पूर्वी की मासिक बैठक में लिए गए कई निर्णय




बैठक में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

**ताजपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के समस्तीपुर उत्तरी संगठन जिला के अंतर्गत मंडल ताजपुर पूर्वी की मासिक बैठक शाहपुर बघौनी में रामप्रकाश दास के आवासीय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील चौबे ने किया जबकि संचालन मंडल के उपाध्यक्ष राम प्रकाश दास ने किया। बताते चले की संगठन के निदेर्शानुसार प्रत्येक महीना के प्रथम सप्ताह शनिवार या रविवार को मंडल स्तर पर बैठक आयोजित करना है। बैठक में संगठन को, जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। जिसमें जैसे प्रत्येक महीना में शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठक, एवं कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय इत्यादि शामिल हैं। साथ ही निर्णय लिया गया कि, प्रत्येक महीना के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के, मन की बात, कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुना जाए, एवं फोटो खींच कर सरल ऐप पर अपलोड किया जाए। कार्यक्रम मैं संगठन के पुराने कार्यकर्ता रामबली दास को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। बैठक में मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र के प्रमुख सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मौके पर पंचायत अध्यक्ष रामदयाल पासवान, श्याम सुंदर पोद्दार, अमरनाथ शर्मा, समो देवी, आराधना देवी, बबीता देवी, पिंकी देवी, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र दास, अखिलेश कुमार राय, अखिलेश कुमार शर्मा, म जग लाल दास, नीरज दास, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, मोहम्मद नदीम आरजू , दीपक कुमार, धीरज कुमार, शैलेंद्र सिंह, प्रेमलाल पासवान, एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनुमंडलीय अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

दलसिंहसराय (एनएसबी)। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय की ओर से रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता अजय कुमार सिन्हा ने दिव्यांग बच्चों के कल्याण हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा बनाए गए स्कीम के विषय में विस्तारपूर्वक रोगियों एवं उनके परिजनों, चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मचारियों इत्यादि को बताया । विधिक जागरुकता शिविर में रोगियों एवं उनके परिजनों, चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मचारियों समेत पारा विधिक स्वयं सेविका सरस्वती कुमारी एवं आमलोगों ने भाग लिया ।

## नागपंचमी पर सांप-बिच्छू के प्रदर्शन पर रहेगी सख्त रोक, प्रशासन ने फ्लैग मार्च कर दिया कड़ा संदेश



फ्लैग मार्च करते पुलिस पदाधिकारी व कर्मी।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नागपंचमी एवं मां विषहरी पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और कानून सम्मत तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इस क्रम में रविवार को थाना क्षेत्र के नीरपुर भरड़िया पंचायत के विभिन्न गांवों में थानाध्यक्ष श्याम कुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से प्रशासनिक निदेर्शों का पालन करने की अपील की।इस दौरान ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि आज सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर मां विषहरी पूजा, मेला अथवा जुलूस के दौरान वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सांप, बिच्छू सहित किसी भी वन्यजीव एवं सरीसृप प्राणी के साथ करतब दिखाना, प्रदर्शन करना या सार्वजनिक रूप से खेलना पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि धार्मिक आस्था की आड़ में कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही आधुनिक तकनीक के माध्यम से संवेदनशील स्थलों और गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने ऐसे लोगों की भी पहचान कर ली है जो प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं तथा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों पर भी नजर रखी जा रही है। बीडीओ विवेक रंजन एवं थानाध्यक्ष श्याम कुमार मेहता ने पूर्व में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रमों में भी ग्रामीणों को स्पष्ट किया था कि वन्यजीवों के साथ किसी भी प्रकार का प्रदर्शन कानूनन अपराध है। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान करता है, लेकिन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि नागपंचमी का पर्व श्रद्धा, शांति और कानून का पालन करते हुए मनाएं तथा किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

### 36 सीसी कैमरे, 22 दंडाधिकारी की निगहबानी में श्रावणी मेला प्रारंभ, 68 पुरुष और 30 महिला पुलिस कर्मी तैनात

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापतिधाम श्रावणी मेला में सुरक्षा के लिए विद्यापतिधाम मंदिर कमेटी और प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किया गया है। मनोकामना लिंग के रूप में चर्चित विद्यापतिधाम के शिवलिंग पर सावन में जलाभिषेक को लेकर आने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए मंदिर के गर्भ गृह सहित परिसर और आसपास में 36 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। वही श्रद्धालुओं को जलाभिषेक में सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए जगह जगह 22 दंडाधिकारियों के नेतृत्व में 30 महिला पुलिस और 68 पुरुष पुलिस बल तैनात किए गए हैं। जिनमे से कुछ पुलिस कर्मी सादे लिबास में भी तैनात किए गए हैं ताकि उच्चकों को पर नजर रखा जा सके। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष रत्नशंकर भारद्वाज ने बताया कि जलाभिषेक को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए मंदिर में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की अलगझ्रअलग पंक्ति लगाने की व्यवस्था की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बेनीपट्टी अनुमंडल को सूखाग्रस्त घोषित करने एवं पेयजल संकट के समाधान की डीएम से मांग

**- धान की बुआई प्रभावित होने से किसानों के सामने उत्पन्न हुई है गंभीर आर्थिक संकट**

**मधुबनी(एनएसबी)।** राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि एवं पैक्स अध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने तथा पेयजल संकट के स्थायी समाधान हेतु अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। श्री यादव ने अपने पत्र में कहा है कि इस वर्ष बेनीपट्टी, बिस्फी, मधवापुर एवं हरलाखी प्रखंडों में सामान्य से अत्यंत कम वर्षा होने के कारण पूरा क्षेत्र भीषण सूखे की चपेट में है। समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों द्वारा धान की बुआई प्रभावित हुई है और अधिकांश खेत खाली पड़े हैं। इससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।वहीं लगातार वर्षा नहीं होने के कारण भू-जल स्तर तेजी से नीचे चला गया है। अधिकांश चापाकल सूखने की स्थिति में हैं तथा हर घर नल-जल योजना के अंतर्गत भी कई स्थानों पर नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आम जनता को पेयजल के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री यादव ने आम नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र को तत्काल सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने एवं पेयजल संकट के समाधान के लिए युद्धस्तर पर आवश्यक कदम उठाने के साथ ही उन्होंने प्रभावित किसानों को सरकारी राहत, सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

### पूर्व सैनिक महेंद्र नारायण कुंवर उर्फ फौजी साहेब के निधन

**फुलपरास(एनएसबी)।** भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद, मधुबनी की ओर से फुलपरास नपं वार्ड संख्या 12 निवासी पूर्व सैनिक महेंद्र नारायण कुंवर उर्फ फौजी साहेब के निधन पर उन्हें पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन ने उनके पार्थिर पर राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) अर्पित कर सैन्य परंपरा के अनुरूप श्रद्धांजलि दी।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय महेंद्र नारायण कुंवर के सैन्य जीवन,देश सेवा और



सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र की सेवा की और सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज व संगठन के प्रति सक्रिय भूमिका निभाई। उनके निधन से क्षेत्र एवं पूर्व सैनिक समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद, मधुबनी के जिला अध्यक्ष विजय ठाकुर, झंझारपुर अध्यक्ष उदगार झा, पूर्व सैनिक नवीन कुमार झा, अनिल सिंह, परिषद के संयोजक अनिल कुमार मिश्र, वीर वीरेन्द्र प्रताप, सुनील कुमार सिंह, राधाकांत सिंह, राघवेंद्र शर्मा, गणेश महतो, सुदिन झा,थाना के सअनि सुबोध कुमार व पुलिस बल सहित भाजपा नेता राम सुंदर यादव, कृष्ण कुमार सिंह यादव,दुगार्नंद ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश कुमार यादव, राजधर यादव एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अंत में सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वाले में झंझारपुर भाजपा संगठन जिलाध्यक्ष बच्चा बाबू कामत,प्रदेश कार्य समिति सदस्य उपेन्द्र कुमार यादव,संजय रजक नपं मुख्य पार्षद धर्मेंद्र कुमार साह सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं।

### किसान संघर्ष समिति लोहा के द्वारा मंगलवार को एन एच को करेंगे चक्का जाम


**मधुबनी (एनएसबी)।** प्रखंड कलुआही ग्राम पंचायत लोहा के किसान काफी आक्रोशित हैं, किसान संघर्ष समिति लोहा के द्वारा तीन सूत्री मांगों के समर्थन में एन एच 527 बी मुरेठ में 9 बजे सड़क चक्का जाम आंदोलन दिनांक 04-08-26 को करेंगे ।जिसकी जानकारी जिला पदाधिकारी मधुबनी और अनुमंडल पदाधिकारी सदर मधुबनी को दिनांक- 29-7-26 को दर्जनों किसानों के हस्ताक्षर से अवगत कराया गया है। किसान संघर्ष समिति एवं बिहार राज्य किसान सभा के मधुबनी जिला उपाध्यक्ष दिलीप झा ने कहा कि लोहा के किसान 15 वर्ष से अधिक लोहा पंचायत के केवटा, शुभंकरपुर, लोहा शाखा नहर में पानी



के लिए इंतजार कर रहा जो आज तक पुरा नही हो सका, लोहा के किसान प्रशासन को लगातार अवगत कराया गया लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला उन्होंने कहा कि मुरेठ एन एच 527 बी पर पुलिया निर्माण हो जाने से शाखा नहर में पानी चालू हो जाएगा, झा ने कहा तत्कालीन जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने मधुबनी उप विकास आयुक्त को लिखा और उप विकास आयुक्त दीपेश कुमार ने कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल जयनगर, कार्यपालक अभियंता पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल दरभंगा को जांच दिया गया परन्तु आज तक कोई प्रगति नहीं हो सका। किसान संघर्ष समिति के नेता पूर्व सरपंच जय मोहन झा ने कहा किसान अपना अधिकार,हक के लिए लड़ाई लड़ता रहेगा, लोहा शाखा नहर चालू हो जाने से किसानों को भरपूर फायदा मिलेगा। किसान संघर्ष समिति के अजय कुमार झा, हरिनारायण दास,प्रभात कुमार चौधरी, अरुण चौधरी , नवीन कुमार झा, राजगीर पासवान,भोगी कामत,नीलम पासवान ,कलर कामति,नीलम पासवान सहित अन्य किसान है।

### माकपा नेता भागवत यादव के हत्यारे को प्रशासन बचा रही है : मनोज

**मधुबनी(एनएसबी)।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) रहिका के खरौआ ब्रांच के सचिव भागवत यादव को बिते दिन अपराधियों ने नृशंस तरीके से हत्या कर दी, सीपीआईएम के ब्रांच की बैठक कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रतिरोध सभा का आयोजन हुआ। माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि रहिका थानाध्यक्ष की भूमिका बेहतर नहीं है, अपराधियों को बचाने में पुलिस का महकमा लगे हुए हैं उन्होंने चेतावनी लहजे में प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि अपराधी को अविलंब गिरफ्तार नहीं किया गया तो दिनांक 10-8-26



को जिला पुलिस पदाधिकारी मधुबनी के समक्ष प्रतिरोध मार्च होगी, माकपा नेता भागवत यादव परिजनों को सुरक्षा के साथ मुआवजा देने की मांग किया, उन्होंने कहा कि मधुबनी में अपराधियों का तांडव मचाया हुआ है और प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है, आज के प्रतिरोध सभा में माकपा के रहिका लोकल सचिव सोनधारी यादव ने कहा कि खरौआ में ब्रांच सचिव भागवत यादव के हत्या से माकपा कार्यकताओं व्याप्त रोष है, प्रशासन को गंभीर होना चाहिए जबकि प्रशासन लापरवाही बरत रहे हैं, माकपा न्याय हासिल करने तक लड़ाई लड़ेगी। सभा में माकपा नेता सुनील कुमार मिश्र , हरिहर झा, महेंद्र यादव सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया जबकि अध्यक्षता ललन राम ने किया।

### बेनीपट्टी में पेयजल संकट गहराया, 15 दिनों में समाधान नहीं हुआ तो होगा धरना-प्रदर्शन

**बेनीपट्टी(एनएसबी)।** बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र में लगातार बढ़ते पेयजल संकट और सूखाड़ जैसी स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व विधायक रामाशीष यादव ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश गांवों में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।



कई स्थानों पर नल-जल योजना पूरी तरह ठप है, जबकि चापाकलों से भी पानी निकलना बंद हो गया है। इससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में कहा गया है कि पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों के सामने भी संकट गहरा गया है।

# मिथिला का लोकआस्था महापर्व मधुश्रावणी आज से प्रारंभ,

**13 दिनों तक नवविवाहिताएं रखेंगी कठोर व्रत, शिव-गौरी व नाग देवता की होगी विशेष पूजा**

**मधुबनी (एनएसबी)।** मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का प्रतीक मधुश्रावणी महापर्व आज से आरंभ होगा। नवविवाहिता महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला यह विशेष पर्व लगभग 13 दिनों तक चलेगा। इस दौरान महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती (गौरी) एवं नाग देवता (विषहरि) की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। मधुश्रावणी पर्व मिथिला की सबसे प्राचीन लोक परंपराओं में से एक माना जाता है। व्रत अवधि में महिलाएं प्रतिदिन केवल एक बार बिना नमक का अरवा भोजन ग्रहण करती हैं। पूजा के लिए मिट्टी से बनी विषहरा, नाग-नागिन, गौरी-गणेश की प्रतिमाएं, ताजे फूल, दूध, लावा तथा अन्य पारंपरिक पूजन सामग्री का उपयोग किया जाता है। नवविवाहिता के ससुराल से वस्त्र, आभूषण और पूजा सामग्री भेजने की भी वर्षों पुरानी परंपरा है। पूरे अनुष्ठान के दौरान महिलाएं प्रतिदिन शिव-पार्वती विवाह, बिहुला-विषहरी और गंगा कथा सहित 14 पारंपरिक कथाओं का श्रवण करती हैं। इन कथाओं के माध्यम से वैवाहिक जीवन, पारिवारिक संस्कार, आस्था और समर्पण का संदेश दिया जाता है। पर्व के अंतिम दिन 'टेमी दागना' की परंपरा निभाई जाती है। इसमें जलती हुई बाती (टेमी) से नवविवाहिता के पैरों या घुटनों को प्रतीकात्मक रूप से हल्का स्पर्श कराया जाता है। लोकमान्यता है कि यह रस्म पति की दीघार्यु, दांपत्य जीवन की मजबूती और अटूट प्रेम का प्रतीक है। वर्तमान समय में अधिकांश परिवार इस परंपरा को पूरी सावधानी के साथ प्रतीकात्मक रूप में निभाते हैं। मधुश्रावणी केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मिथिला की सांस्कृतिक पहचान,



लोककथाओं और पारिवारिक परंपराओं को संजोए रखने वाला एक महत्वपूर्ण लोकपर्व है। पर्व को लेकर मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सुपौल, सहरसा सहित पूरे मिथिलांचल में उत्साह का माहौल है।

## पांच यक्ष्मा (टीबी) रोगियों के बीच फूड बास्केट का वितरण

**खजौली(एनएसबी)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित सघन टीबी खोज अभियान के अंतर्गत रविवार वार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



(सीएचसी) खजौली में पांच यक्ष्मा (टीबी) रोगियों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया। समाजसेवी अमीत कुमार ने मरीजों के बेहतर पोषण और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से स्वेच्छा से फूड बास्केट उपलब्ध कराया।फूड बास्केट में आटा, चावल, दाल, सोयाबीन, घी, तेल एवं पौष्टिक मसालों सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थी। चिकित्सकों ने बताया कि टीबी मरीजों के लिए नियमित दवा के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार भी बेहद जरूरी है, जिससे उपचार का असर बेहतर होता है। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डॉ.राजेश राम ने बताया कि खजौली सीएचसी क्षेत्र में अब तक 100 से अधिक टीबी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि खजौली को टीबी मुक्त बनाने के लिए चिकित्सक, यक्ष्मा कर्मी, स्वास्थ्यकर्मी एवं समाजसेवी लगातार मिलकर कार्य कर रहे हैं।मौके पर डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. शाहिद इकबाल, डॉ. राजेश राम, लैब टेक्नीशियन,एसटीएस श्वेता कुमारी,अशोक कुमार सिंह, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## कांवरिया पथ की बढ़ाई गई सुरक्षा. दंडाधिकारी व पुलिस बल तैनात

**सावन की पहली सोमवारी आज. हजारो शिव भक्ति करेंगे जलाभिषेक.**

**बिस्फी(एनएसबी)।** सावन की पहली सोमवारी को आज भैरवा उगना शिवालिय में हजारों की संख्या में कांवरिया शिव भक्त भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर पुण्य का भागी बनेगे. हजारों की संख्या में शिव भक्त बलहा स्थित कमला नदी का पवित्र जल अपने कांवर में भरने के लिए दूर दराज से पहुंचे हैं. जहां से उगना शिवालियों के लिए रविवार की देर रात रवाना होंये. पवित्र जल भरने को लेकर पहुंचे शिव भक्तों में काफी उत्साह देखा गया. बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है. जय घोष होता रहा. सोमवार को शुभ मुहूर्त पर महादेव को जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में बम पहुंचे हैं. वही उगना शिवालयों तक शिव भक्त के लिए जगह-जगह स्वयंसेवी संस्थाओं ने सेवा केंद्र खोलकर उन्हें हर संभव सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था भी की है. शिव भक्तों को निशुल्क भोजन, जलपान, गर्म पानी, नींबू और प्राथमिक उपचार के साधन उपलब्ध करने का इंतजाम किया है. पहली सोमवारी को भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन के द्वारा शिवालियों व कॉवरिया पथो की सुरक्षा बढ़ा दी है. किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए दंडाधिकारी व पुलिस की तैनाती किया गया है. जो हर आने वाले लोगों पर नजर रखेंगे. सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह-जगह बांस बल्ले से बैरिकेटिंग की गई है. ताकि शिव भक्त बिना किसी परेशानी के शिवालियों में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर सके. मंदिर




कमेटी के द्वारा भी स्वयंसेवकों की तैनाती किए गए हैं. जिसकी सूची मोबाइल नंबर के साथ प्रशासन को उपलब्ध कराया गया है. भैरवा श्रावणी मेला को नियंत्रित करने को लेकर बलहा, रमुनिया मोर, एवं भैरवा में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है. प्रशासन के द्वारा शौचालय, चेंजिंग रूम, रोशनी, निशुल्क दवा कैंप, पानी की व्यवस्था बड़े पैमाने पर की है. एसडीएम सारंग पाणि पांडेय,एसडीपीओ अमित कुमार ने सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण मे जलाभिषेक करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने मे सभी को सहयोग करने की अपील की.

## बेनीपट्टी में विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता रैली, माताओं को दिया स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) परियोजना बेनीपट्टी के अंतर्गत शनिवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा स्तनपान जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री माताओं को नवजात शिशु को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराने तथा जन्म से छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने के महत्व के प्रति जागरूक करना था।रैली में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं स्थानीय महिलाओं ने जागरूकता संबंधी तख्तियां



कार्यक्रम में महिलाएं

लेकर लोगों को स्तनपान के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। इस दौरान घर-घर जाकर तथा सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को बताया गया कि माँ का दूध नवजात शिशु के लिए संपूर्ण, सुरक्षित एवं सर्वोत्तम आहार है, जो शिशु को कुपोषण और विभिन्न संक्रमणों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।प्रतिभागियों ने माताओं को छह माह तक केवल स्तनपान कराने तथा इसके बाद पूरक आहार के साथ दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि स्तनपान न केवल शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।रैली में आंगनबाड़ी सेविका शबनम झा, रीना कुमारी, सुजीता कुमारी, एलएस सपना कुमारी, रेखा कुमारी, निरु कुमारी सहित अन्य सेविकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने समाज में स्तनपान के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए इसे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### अधिक कीमत पर खाद बेचने वाले विक्रेताओं पर होगी कार्रवाई.वीएओ

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन के सभागार में खरीफ वर्ष 2026 को ध्यान में रखते हुए उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी कौशल कुमार सिंह ने किया. बैठक में किसानों को समय पर एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी कौशल कुमार सिंह नेय किसानो, उर्वरक विक्रेताओं एवं कृषि विभाग के कर्मियों को खरीफ मौसम में उर्वरकों की उपलब्धता वितरण व्यवस्था तथा सरकार द्वारा निर्धारित दरो की विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक उपलब्ध करावे. किसी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अधिक कीमत बसुलने की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. बैठक में किसानों से भी अपील की गई कि वह अधिकृत दुकानों से ही उर्वरक खरीदें. और रसीद अवश्य लें.

## नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला : प्रधानमंत्री मोदी

**बेनीपट्टी, (एनएसबी)।** "नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान" के तहत शनिवार को बेनीपट्टी अनुमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित टीपीसी भवन में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के युवाओं के नाम संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी




कार्यक्रम में उपस्थित विधायक, एमएलसी

संख्या में युवाओं ने देखा और सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त युवा शक्ति ही विकसित भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला है।

कार्यक्रम में बेनीपट्टी विधायक विनोद नारायण झा ने उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पाणि पाण्डेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी महेश्वर पंडित, अंचल अधिकारी अभिषेक कुमार, आरडीओ अकरम नजफी, एलईओ आकांक्षा कुमारी, बचनू मंडल, मदन लाल कर्ण, जय सुन्दर मिश्र, रोहित यादव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी एवं सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।कार्यक्रम में युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त युवाझविकसित भारत संकल्प अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## बिस्फी में गहराया पेयजल व सिंचाई संकट, किसानों ने सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की उठाई मांग

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार बढ़ते तापमान और बारिश के अभाव के कारण पेयजल एवं सिंचाई का संकट गहराता जा रहा है। खेतों में धान की बुआई प्रभावित हो रही है तथा तैयार धान का बीज सूखने लगा है। इससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।प्रखंड की नाहस रूपौली उत्तरी पंचायत के मुनिटोल-गेनौर चौड़ी क्षेत्र में पिछले लगभग सात वर्षों से धान एवं रबी फसलों की समुचित खेती नहीं हो पा रही है। स्थानीय किसानों का कहना है कि वर्षा के अभाव में करीब 700 हेक्टेयर कृषि भूमि बंजर जैसी स्थिति में पहुंच गई है। क्षेत्र में न तो सिंचाई के लिए कोई नाला है, न ही सरकारी स्टेट बोरिंग की व्यवस्था है और निजी बोरिंग भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में किसान पूरी तरह प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर रहने को मजबूर हैं।इन्हीं समस्याओं को लेकर रविवार शाम नीलकंठेश्वर महादेव स्थान, मुरलियाचक मुनिटोल में कालीकांत मिश्र की अध्यक्षता में किसानों एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सरकार से गेनौर चौड़ी में तत्काल एक सरकारी स्टेट बोरिंग स्थापित करने, बिस्फी प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने तथा प्रभावित किसानों को सरकारी राहत एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई।। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि दो माह के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो मुनिटोल-गेनौर के ग्रामीण समाहर्ता कार्यालय के समीप आमरण अनशन शुरू करने को बाध्य होंगे।बैठक में किसान संघ अध्यक्ष सीताराम झा, पूर्व डाक बाबू उदयकांत झा, समाजसेवी प्रेमनाथ झा, पत्रकार कृष्ण कुमार ठाकुर, मनोज मिश्र, सुखरन पासवान, बालेश्वर पासवान, रहमत आलम, सरपंच मो. मूर्तजा, मो. गुलाब, राजकुमार मिश्र, गोपाल मिश्र, विजेंद्र मिश्र, वासुदेव राम, राम अवतार राम सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला प्रभारी मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने किया उद्घाटन, लॉन्च हुआ मोबाइल एप और 'शिवम सुंदरम' पत्रिका का विमोचन

# बाबा गरीबनाथ धाम में श्रावणी मेले का हुआ आगाज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)** । उत्तर बिहार के प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ धाम श्रावणी मेला-2026 का रविवार को डीएन हाई स्कूल परिसर में श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के बीच भव्य शुभारंभ हुआ। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह मुजफ्फरपुर के जिला प्रभारी मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर मेले का विधिवत उद्घाटन किया।

समारोह की शुरूआत में जिलाधिकारी कुमार गौरव ने अतिथियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष और अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित मेला अनुभव उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रकाशित 'शिवम सुंदरम' पत्रिका का विमोचन किया गया। साथ ही 'श्रावणी मेला-2026' मोबाइल एप का भी शुभारंभ किया गया। यह एप श्रद्धालुओं को मेला से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां, प्रशासनिक सुविधाएं, संपर्क नंबर, मार्गदर्शन और अन्य उपयोगी सूचनाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगा। समारोह को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद तथा पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने सावन माह की शुभकामनाएं देते हुए जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियां जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।



उद्घाटन समारोह को संबोधित करते राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री डॉ दिलीप जयसवाल।



श्रावणी मेला पर आधारित शिवम सुंदरम पत्रिका का लोकार्पण करते अतिथि गण।

मुख्य अतिथि डॉ दिलीप कुमार जयसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान भोलेनाथ की आराधना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सकारात्मक जीवन का मार्ग है। उन्होंने लोगों से भेदभाव, घृणा और वैमनस्य को त्यागकर सामाजिक सद्भाव और सर्वधर्म समभाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया तथा प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने सावन माह की आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए श्रावणी मेला के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन के प्रयासों की प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह में विधायक रंजन कुमार, राजू कुमार सिंह, अजय कुमार, अजीत कुमार, बेबी कुमारी, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, महापौर निर्मला देवी साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में उप विकास आयुक्त निशांत सिहारा ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्घाटन के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ पर आधारित भक्ति गीतों और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर शाम तक श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने श्रावणी मेला-2026 के शुभारंभ को यादगार बना दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में पहली बार निकला नन्हे काँवरिया शिवभक्तों का विशाल जत्था, गरीबनाथ धाम रवाना

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सावन माह की धार्मिक आस्था के बीच रविवार को मुजफ्फरपुर ने एक ऐतिहासिक और भावुक पल देखा। शहर के रमणा देवी मंदिर से पहली बार बड़ी संख्या में नन्हे काँवरिया शिवभक्तों का विशाल जत्था बाबा गरीबनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं का कहना है कि शहर में इससे पहले कभी इतने बड़े स्तर पर छोटे-छोटे बच्चों का काँवरिया जत्था एक साथ बाबा गरीबनाथ मंदिर के लिए नहीं निकला था। यात्रा शुरू होने से पहले



नन्हे काँवरिया शिवभक्तों का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। भगवा वस्त्र धारण किए बच्चे "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ पूरे उत्साह से आगे बढ़ते रहे। डीजे पर बज रहे शिव भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस यात्रा में नन्हे काँवरिया शिवभक्तो के साथ उनकी माताएं, अभिभावक और बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस बल पूरे रास्ते जत्थे के साथ मौजूद रहा और शांतिपूर्ण ढंग से यात्रा संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं संभालता रहा। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर नन्हे कांवड़ियों की यह ऐतिहासिक यात्रा पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र बनी रही। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। इस कार्यक्रम का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच की महिला सांस्कृतिक शाखा द्वारा किया गया, जिसकी श्रद्धांलुओं ने खूब सराहना की।

### कांटी क्षेत्र के मुस्तफापुर में बने तोरण द्वार का क्षेत्रीय विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**कांटी(एनएसबी)** । कांटी क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव में 15वीं वित राशि से बने तोरण द्वार का रविवार को स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने फीता काट



तोरणद्वार का उद्घाटन करते विधायक अजीत कुमार।

कर उद्घाटन किया। नौ लाख की लागत से बने इस तोरण द्वार के उद्घाटन के मौके पर सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। वही, इस तोरण द्वार के बनने से गांव के लोगों में खुशी का माहौल था। स्थानीय लोग विधायक अजीत कुमार के प्रयास से कांटी विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्य से काफी उत्साहित थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अजीत कुमार ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास से मुझे वोट दिया है, हम उस विश्वास को कभी कमजोर नहीं होने देंगे, खासकर मुस्तफापुर जैसे सुदूर ग्रामीण इलाकों में लोंगो को हर एक मूलभूत सुविधा मिले, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत है। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने राशन कार्ड से वंचित लोगों को तुरंत आवेदन देकर नया राशन कार्ड बनाने के लिए तत्परता दिखाने की अपील की। इस मौके पर विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि ने स्वच्छता अभियान में लगे गाड़ी एवं अन्य इक्विपमेंट्स को हरी झंडी दिखाकर सफाई कार्य के लिए गांव में विदा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया कविता कुमारी ने की। मौके पर पूर्व मुखिया अशोक पासवान, अजय सिंह, राजेंद्र साह, रमेश कुमार, डॉक्टर विनोद राम, किशुन राम, राम चंद्र प्रसाद, लाल बाबू प्रसाद, शिवजी राम, रिंकू देवी, रघुवंश राम, रंजीत प्रसाद ,पंकज कुमार, शिवजी भगत, लालदेव प्रसाद, सिकिंदर राय, संजीत यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का हुआ शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत मुजफ्फरपुर एवं जिला प्रशासन मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए "नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत" अभियान के तहत रविवार को तिरहुत कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मुजफ्फरपुर में संकल्प- अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा कल्याण मंत्री रमा निषाद ने



कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद युवाओं को संबोधित करती मंत्री रमा निषाद।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा नशामुक्त होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देगा। कार्यक्रम में डीडीसी निशांत सिहारा, डीआरडीए के निदेशक अभिजीत कुमार चौधरी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी चंदेश्वर पांडेय, मेरा युवा भारत मुजफ्फरपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष कुमार संयुक्त सचिव तिरहुत कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने किया। मंच संचालन विनीत ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ शक्तिवान सिंह, जिला एनएसएस नोडल अधिकारी रंजन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा युवाओं से समाज में नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब देश का युवा स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त होगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में धर्मेंद्र कुमार, अजीत कुमार, संतोष कुमार, चंदन कुमार एवं विनीत सिंह सहित अन्य स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं युवाओं ने भाग लेकर नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन चंदन कुमार ने किया

# नहर का बांध टूटने से सैकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल डूबी

### कांटी के गोपालपुर गांव के किसानों में भारी आक्रोश

### एडीएम आपदा के निर्देश पर मौके पर पहुंची अधिकारियों की टीम मरम्मती कार्य शुरू

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झिटकाही मधुबन पंचायत के गोपालपुर गांव में रविवार को नहर का बांध टूट जाने से सैकड़ों एकड़ खेत मेंलगी फसल जलमग्न हो गई। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि हाल ही में किसानों ने धान की रोपनी पूरी की थी, लेकिन नहर का पानी खेतों में भर जाने से धान की नई फसल डूब गई। किसानों व ग्रामीणों ने बताया कि नहर का बांध टूटने के बाद तेजी से पानी खेतों में फैल गया और सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल पानी में डूब गई। किसानों का कहना है कि रोपनी में उन्होंने काफी मेहनत और लागत लगाई थी, लेकिन एक ही झटके में उनकी मेहनत पर पानी फिर गया।

वही नहर बांध टूट जाने के बाद प्रभावित किसानों में भारी आक्रोश व नाराजगी है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल नहर की बांध को मरम्मत कार्य करवाने, जलनिकासी की व्यवस्था करवाने तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द पानी नहीं निकाला गया तो पूरी फसल नष्ट हो जाएगी और उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। किसानों व ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मामले की शीघ्र जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और किसानों की कड़ी मेहनत सार्थक रह सके।

वही, इस मामले की जानकारी एडीएम आपदा प्रबंधन शैलेश कुमार चौधरी को हुई तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लेकर जल संसाधन विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया, इसके बाद कांटी अंचल के आरओ बसंत कुमार राय व अन्य अधिकारियों और कर्मियों की टीम मौके पर पहुंचकर टूटे नहर बांध की मरम्मती कार्य शुरू करवाया। एडीएम आपदा प्रबंधन शैलेश कुमार चौधरी ने बताया कि टूटे नहर बांध की ठोस मरम्मती करवाई जा रही है।

### मुजफ्फरपुर में पंचायतीराज मंत्री ने पंचायत स्तरीय प्रतिनिधियों से किया संवाद

# बिहार सरकार पंचायती राज व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध : दीपक प्रकाश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश रविवार को मुजफ्फरपुर पहुँचे। जहाँ उन्होंने पार्टी के नेता एवं जिला प्रधान महासचिव दिलीप कुशवाहा के अहियापुर स्थित आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में भाग लिया तथा पंचायत स्तरीय जन प्रतिनिधियों से संवाद किया। कार्यक्रम को

### मुजफ्फरपुर में रालोमो कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

संबोधित करते हुए मंत्री दीपक प्रकाश ने पंचायतों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। साथ हीं भरोसा दिलाया कि बिहार सरकार पंचायती राज व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायतों के जनप्रतिनिधियों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लंबित मुद्दों के निपटारे के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि पंचायत स्तर पर विकास की योजनाएं समय पर और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की रीढ़ हैं और उनके सुदृढ़ीकरण से ही गांवों का समग्र विकास संभव है। इससे पूर्व मौके पर उपस्थित रालोमो कार्यकर्ताओ ने पंचायती राज मंत्री को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष रामेश्वर सिंह कुशवाहा, लखिंदर भगत, रामानंद प्रसाद, उमेश गुप्ता, जयकांत जी, उमाशंकर प्रसाद, विकास चौधरी, उपेंद्र कुशवाहा, हिमांशु पटेल, विराट कुशवाहा, अमरेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, सोनू कुमार, पवन कुमार, विकास कुमार, चंदन कुमार, बृजेश कुशवाहा, जिला परिषद प्रतिनिधि सुशील कुशवाहा, बड़ा जगन्नाथ पंचायत प्रतिनिधि प्रकाश चंद्र, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार यादव, विशाल, पवन कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, धीरज यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता, पंचायत प्रतिनिधि तथा स्थानीय लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का स्वागत करते रालोमो कार्यकर्ता।

# पूर्व मंत्री ने लिया मंदिर के विकास व सावन की तैयारी का जायजा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने रविवार को पुरानी धर्मशाला चौक स्थित संतोषी मां मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य और सावन की तैयारी का जायजा लिया। जायजा लेने के बाद उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की सराहना की। कहा कि जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद मंदिर भव्य रूप में दिखेगा। इसके लिए मंदिर कमेटी के सदस्य धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होने मन्दिर के चल रहे जीर्णोद्धार कार्य में आर्थिक सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने के बाद पूर्व मंत्री ने संतोषी मां मंदिर में सावन माह में पूजा की विशेष व्यवस्था और कांवरियों के ठहरने की व्यवस्था का भी अवलोकन लिया। इससे पूर्व श्री शर्मा के मंदिर पहुंचने पर संतोषी माता मंदिर के पुजारी ने पूर्व मंत्री को माता की चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। मौके पर मंदिर कमेटी के सचिव अनिल सिन्हा, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, सदस्य रामबाबू सुमन, प्रणव भूषण, भोला चौधरी, रामबाबू शिवा, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



मंदिर का जायजा लेते पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा।

# नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए मुशहरी के अतिरिक्त बनेगा सदर अंचल : जायसवाल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी प्रशासनिक सौगात की घोषणा करते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने मुशहरी अंचल के अतिरिक्त सदर अंचल के गठन की स्वीकृति मिलने की जानकारी दी। इस महत्वपूर्ण घोषणा के बाद नगर विधायक रंजन कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय नगर विधानसभा की जनता के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा।

नगर विधायक रंजन कुमार ने बताया कि उन्होंने नगर क्षेत्र के लिए अलग से सदर अंचल के गठन की मांग पूर्व में विधानसभा में उठाया था। उन्होंने कहा था कि मुशहरी अंचल पर बढ़ते कार्यभार के कारण आम लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा था कि सदर अंचल बनने से नगर क्षेत्र के लोगों का दाखिल-खारिज, परिमार्जन, लगान, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व कार्यों का निष्पादन अधिक सुगमता एवं तेजी से हो सकेगा। इससे नगर विधानसभा के हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी। उनके इस मांग को सरकार द्वारा गंभीरता से लेते हुए सदर अंचल के गठन की स्वीकृति दिए जाने पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार आम जनता की सुविधा और सुशासन के लिए लगातार लिए जा रहे महत्वपूर्ण निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि सदर अंचल के गठन से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ पहले से अधिक आसानी से प्राप्त होगा।



सदर अंचल के गठन की स्वीकृति मिलने पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री का सर्किल हाउस में स्वागत करते विधायक रंजन कुमार।

# सुगंधी दिवस पर विशेष सांस्कृतिक संध्या 'चतुरंग' का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सुरंगमा कला केंद्र, मुजफ्फरपुर द्वारा शहर के एक निजी सभागार में ह्यसुगंधी दिवस' के अवसर पर रविवार को विशेष सांस्कृतिक संध्या 'चतुरंग' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर विधायक रंजन कुमार, महापौर निर्मला देवी साहू, केदार प्रसाद एवं डॉ भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

डॉ पुष्पा प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत डॉ वंदना विजयलक्ष्मी ने किया। मंगलाचरण की भावपूर्ण प्रस्तुति डॉ सिद्धि शंकर मिश्रा ने दी। कार्यक्रम में 'सखा-भाव' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ पुष्पा प्रसाद ने कहा कि 'सुगंधी दिवसह्न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि मित्रता, विश्वास, प्रेम और मानवीय संवेदनाओं को सशक्त बनाने का एक सुंदर प्रयास है। आज के बदलते सामाजिक परिवेश में ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे के और करीब लाते हैं तथा हमारी संस्कृति, संगीत और साहित्य के माध्यम से आत्मीयता एवं सखा-भाव का संदेश समाज तक पहुँचाते हैं। उन्होंने कहा कि सुरंगमा कला केंद्र का उद्देश्य कला और संस्कृति के जरिए सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना है और हमें विश्वास है कि यह पहल आगे भी लोगों के जीवन में मित्रता की सुगंध बिखेरती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान राग मल्हार पर आधारित संगीतमय प्रस्तुतियों, प्रेमगीत, कविता पाठ, चित्रपट संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा सभी अतिथियों ने सुरंगमा कला केंद्र के सांस्कृतिक योगदान की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक सौहार्द, मित्रता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। सावन की रिमझिम फुहारों के बीच आयोजित इस सांस्कृतिक उत्सव में शहर के साहित्यकार, कलाकार, संगीत प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। माया शंकर प्रसाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ।



कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि गण।

श्रावणी मेला में सुरक्षा व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# सुरक्षा व्यवस्था में चूक बर्दाश्त नहीं : एसपी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** श्रावणी मेला-2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने जिले के प्रसिद्ध हलेश्वर स्थान एवं बगही धाम मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला में की गई सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मेला परिसर में बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, नियंत्रण कक्ष, अस्थायी थाना, पुलिस बल की तैनाती तथा अन्य आवश्यक



मेला क्षेत्र में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर हलेश्वर स्थान का निरीक्षण करते एसपी अमित रंजन व अन्य।

व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए तथा प्रत्येक पुलिस पदाधिकारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

एसपी ने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नियमित गश्ती बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त महिला पुलिस बल की सक्रिय तैनाती सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

साथ ही पुलिस, प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। यातायात व्यवस्था को लेकर उन्होंने प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों एवं प्रवेश-निकास मार्गों पर विशेष निगरानी रखने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप वाहनों का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और आवागमन सुचारु बना रहे। निरीक्षण के दौरान मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को श्रद्धालुओं के प्रति सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने का निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए और जरूरतमंद श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।

पुलिस-प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र में शांति एवं अनुशासन बनाए रखें, पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाना या डायल-112 पर दें।

## प्रेमचंद जयंती समारोह सह विचार गोष्ठी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** चुन्नाभट्टी रोड, मालीघाट स्थित यादवचन्द्र शान्ति देवी मेमोरियल ट्रस्ट में रविवार को बिहार राज्य जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा "विकल्प" की मालीघाट इकाई व नवोदित इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमचंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र की शुरूआत विकल्प के शाखा उपाअध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद दिनेश के द्वारा प्रेमचंद के तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। वही उपस्थित लोगों ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर "आज के दौर में प्रेमचन्द" विषयक आयोजित विचार गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार 'रवि' ने विस्तार से प्रेमचंद की कलम और उसके संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनकी लेखनी हिन्दी और उर्दू की प्रथम लेखनी है जिसने मेहनतकश लोगों को केंद्र में रखा। कामेश्वर प्रसाद दिनेश ने कहा कि उनको याद करना और रचनाओं पर नाटकों के माध्यम से जनता तक ले जाना आज की जरूरत है। बिहार में पहली बार प्रेमचंद जयंती समारोह कर इसकी शुरूआत करने का गर्व सिर्फ बिहार राज्य जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा विकल्प को प्राप्त है। चंद्रमोहन प्रसाद ने कहा कि प्रेमचन्द ने समाज की सारी समस्याओं का जड़ इस महाजनी व्यवस्था को माना। सूरज कुमार सिंह ने समाज में व्याप्त तमाम तरह के समस्याओं की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित कराया व इसके समाधान के लिए प्रेमचंद के लेखनी को पढ़ने व उसके निजात के लिये जनांदोलनों में भाग लेने को आज की मांग बताया। उसके बाद शिक्षक साथी राजेश कुमार ने आज के समय में प्रेमचंद को याद करने व उनके विचार, लेखनी को नव पीढ़ी के बीच ले जाने को जरूरी बताया। मंच संचालन करते हुए बैजू कुमार ने कहा कि बहुत ही साजिशन ढंग से प्रेमचन्द, नागार्जुन जैसे लेखकों की रचनाओं को स्कूली किताबों से हटाया जा रहा है। जिसका पुरजोर विरोध करना जरूरी है। सामाजिक चेतना, सरोकार के विकाश में इन किताबों की महती भूमिका होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सफाई कर्मियों की तीन सूत्री मांगों का समर्थन, सरकार से समाधान की अपील

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि एवं भारतीय पोस्ट पेंशनर्स फेडरेशन के प्रतिनिधि, समाजसेवी तथा अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा 30 जुलाई 2026 से चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की तीन सूत्री मांगें न्यायोचित हैं तथा सर्वोच्च न्यायालय एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों की भावना के अनुरूप हैं।



भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि अरुण कुमार शुक्ला।

**सफाई कर्मियों की मांगें न्यायोचित, शीघ्र स्वीकार करे बिहार सरकार : अरुण कुमार शुक्ला**

श्री शुक्ला ने कहा कि वर्षों से कार्यरत सफाई कर्मियों को एनजीओ के माध्यम से कम पारिश्रमिक पर कार्य कराना उनके साथ अन्याय है। समान कार्य करने वाले कर्मचारियों के बीच वेतन एवं सुविधाओं में भारी असमानता सामाजिक न्याय और मानवता के सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनजीओ व्यवस्था के कारण श्रमिकों का आर्थिक शोषण हो रहा है, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता कर्मियों के सम्मान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। ऐसे में बिहार सरकार को भी संवेदनशीलता दिखाते हुए सफाई कर्मियों की तीनों मांगों को शीघ्र स्वीकार करना चाहिए। सावन माह एवं भगवान शिव की आराधना के पावन अवसर का उल्लेख करते हुए श्री शुक्ला ने सरकार और संयुक्त संघर्ष मोर्चा से वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने की अपील की। उन्होंने आंदोलनरत कर्मचारियों से भी आग्रह किया कि जनहित एवं स्वच्छता व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल करें, ताकि पूरे बिहार में स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुचारु वातावरण बना रहे।

### सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में 400 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग का वितरण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में शनिवार को सेवा एवं श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। अगस्त माह के प्रथम शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। इसके उपरांत लगभग 400 जरूरतमंदों के बीच प्रसाद स्वरूप खिचड़ी भोग का वितरण किया गया।



जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित करते श्रद्धालु।

कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्यों, शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. हिमांशु शेखर के परिवारजनों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित माता भक्तों ने विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने सेवा भाव के साथ जरूरतमंदों को खिचड़ी भोग वितरित किया। मंदिर समिति ने बताया कि यह सेवा कार्य सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं माता मंदिर मार्ग निवासी डॉ. हिमांशु शेखर द्वारा अपनी सुपुत्री सुश्री राज लक्ष्मी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के वंचित एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों को सेवा एवं परोपकार से जोड़ने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति एवं सेवा भाव के साथ प्रसाद वितरण में सक्रिय भागीदारी निभाई। मंदिर परिसर में पूरे समय श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा तथा धार्मिक वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर समिति ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

### नगर निगम कर्मियों की हड़ताल का दिखा असर, बाबा गरीबनाथ मंदिर परिसर में लगा कचरे का अंबार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार में नगर निगम कर्मियों की हड़ताल का असर अब धार्मिक स्थलों पर भी दिखाई देने लगा है। विश्वप्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर के मुख्य द्वार और मंदिर परिसर में फूलों एवं कचरे का अंबार लग जाने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रावणी मेले के दौरान बढ़ती भीड़ के बीच स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने कार सेवा के माध्यम से सफाई अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार, मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। पूजा के बाद चढ़ाए गए फूलों की मात्रा काफी अधिक होने के साथ-साथ मंदिर के बाहर फूल बेचने वाले भी अतिरिक्त फूल परिसर के आसपास रख देते हैं। नगर निगम की नियमित सफाई व्यवस्था हड़ताल के कारण प्रभावित होने से परिसर में फूलों और अन्य कचरे का ढेर लग गया। स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं और समाजसेवियों ने निजी ट्रैक्टर की सहायता से मंदिर परिसर से फूल और कचरा हटाने का कार्य कार सेवा के रूप में किया। इस दौरान लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया। सफाई अभियान से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वर्तमान परिस्थितियों में मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पूजा के लिए अधिक फूल चढ़ाने की बजाय आवश्यकता अनुसार कम फूल अर्पित करें, क्योंकि एक फूल से भी श्रद्धापूर्वक पूजा की जा सकती है।

झारखंड-बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा के 14वें सत्र की अंतिम बैठक संपन्न, 15वें सत्र की कार्यकारिणी गठित

## मुजफ्फरपुर माहेश्वरी सभा के मनोज डागा बने प्रदेश अध्यक्ष

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** झारखंड-बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा के 14वें सत्र की अंतिम बैठक एवं 15वें सत्र के लिए नई कार्यकारिणी के गठन हेतु रविवार को मुजफ्फरपुर माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में तिलक मैदान रोड स्थित नारायण रेजिडेंसी में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरपुर के सांसद राजभूषण चौधरी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने जल संरक्षण के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने माहेश्वरी सभा द्वारा



कार्यक्रम का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद राजभूषण चौधरी व अन्य।

**केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद राजभूषण चौधरी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन**

समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही माहेश्वरी समाज द्वारा संचालित ट्रस्ट एवं अतिथि भवनों की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

बैठक में समाज के असहाय, निर्धन एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के समाजबंधुओं को ट्रस्ट के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराने तथा उनके पुनर्वास एवं उत्थान के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से मुजफ्फरपुर माहेश्वरी सभा के मनोज डागा को झारखंड-बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा का नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मीडिया प्रभारी सुनीता मुंदड़ा, मुजफ्फरपुर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुनील मुंदड़ा, मंत्री किशन डागा, महिला संगठन की अध्यक्ष राजश्री डागा, प्रकाश चांडक, संजय सोमानी, सुमित गट्टानी, सतनारायण चांडक, सिद्धू गट्टानी, हर्ष, निखिल तोसनीवाल, अंशुमान बिरला सहित सभा, महिला संगठन एवं युवा संगठन के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत युवाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती, आईएएस ने रविवार को समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में आयोजित 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई।



'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलातीं डीडीसी सुश्री श्वेता भारती।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने माननीय प्रधानमंत्री के लाइव वर्चुअल संबोधन से जुड़कर उनके विचारों को गंभीरता से सुना तथा नशामुक्त भारत के निर्माण के संकल्प को और सुदृढ़ किया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती ने अपने संबोधन में कहा कि "युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, कौशल, खेल और राष्ट्र निर्माण में लगाएं, तो विकसित भारत का लक्ष्य शीघ्र साकार होगा। प्रत्येक युवा का यह दायित्व है कि वह स्वयं नशामुक्त रहे और अपने परिवार तथा समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करे।"

**नशामुक्ति केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन, इसके लिए युवाओं की सक्रिय सहभागिता आवश्यक**

उन्होंने कहा कि नशामुक्ति केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाला सामाजिक आंदोलन है। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। मौके पर निदेशक डीआरडीए राजेश भूषण, जिला युवा पदाधिकारी के साथ विभिन्न विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डबल मर्डर केस का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद और शक के चलते आरोपी ने की थी हत्या

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले के कांटी थाना क्षेत्र में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस मामले के मुख्य आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले नामजद आरोपी हरी पासवान को 31 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अब तक इस मामले में कुल दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि 27 जुलाई को विशुनपुर सुमेर स्थित बगीचे के पास झाड़ियों में एक महिला का अर्ध-सड़ा शव बरामद हुआ था। स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान मंजू कुमारी के रूप में हुई। मृतका के पिता के आवेदन पर कांटी थाना कांड संख्या 481/26 दर्ज किया गया, जिसमें छह वर्षीय नाती के लापता होने का भी उल्लेख था। जांच के दौरान एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी की। मुख्य आरोपी विकास कुमार की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर मृतका के छह वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार का शव भी बरामद किया गया। साथ ही घटनास्थल से खून लगे कपड़े, बच्चे का चप्पल, हरे रंग के तरल पदार्थ से भरी प्लास्टिक की बोतल और मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतका के पहले दो विवाह हो चुके थे और आरोपी विकास कुमार के साथ उसका प्रेम संबंध था। पुलिस के अनुसार, प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद और शक के चलते आरोपी विकास ने 23 जुलाई को महिला और उसके बेटे की हत्या कर दी। पहचान छिपाने के उद्देश्य से दोनों के चेहरों पर एसिड भी डाला गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की अनुसंधान और कानूनी कार्रवाई जारी है।



मृतका महिला और उसके पुत्र की फाइल फोटो।।

**झाड़ियों में फेंका मिला था महिला का आधा सड़ा हुआ शव, पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिये की थी शव की शिनाख्त**

## सावन की पहली सोमवारी से पूर्व शिवालयों में उमड़ा सैलाब, दूधनाथ महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** सावन माह की प्रथम सोमवारी को लेकर जिले के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है।रविवार को भी भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। भक्तों ने "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ भगवान शिव का पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। मुशहरी स्थित बाबा दूधनाथ महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित लालन झा एवं अन्य आचार्यों ने विधि-विधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक संपन्न कराया। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा। पंडित लालन झा ने बताया कि सावन माह में रुद्राभिषेक का विशेष धार्मिक महत्व है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अपने घर या मंदिर, कहीं भी विधिपूर्वक भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर सकते हैं। इससे भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूजा-अर्चना के दौरान अन्नू सिंह, रामबालक सिंह, चंदन, अंशु, अमृत, प्रेमा कुमारी, रूबी, प्रियंका सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे दिन मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

42वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर स्विमिंग प्रतियोगिता में लेंगे भाग, जिले के लोगों में खुशी का माहौल

## बिहार टीम में मुजफ्फरपुर की समायरा व संस्कार चयनित

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 6 से 9 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाली 42वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम में मुजफ्फरपुर जिले के दो प्रतिभाशाली तैराक समायरा रमण एवं संस्कार रंजन का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ियों के चयन से जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है।

समायरा रमण और संस्कार रंजन ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासित अभ्यास और निरंतर मेहनत के दम पर बिहार टीम में जगह बनाई है। अब दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए



राष्ट्रीय सब-जूनियर स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम में चयनित मुजफ्फरपुर के तैराक समायरा रमण एवं संस्कार रंजन।

**6 से 9 अगस्त तक जयपुर में होगी 42वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता, जिले के खेल जगत में खुशी की लहर**

अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उनके चयन को मुजफ्फरपुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला खेल पदाधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, संघ के सचिव कुंदन राज तथा स्विम्फीट के निदेशक आभास कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बिहार और मुजफ्फरपुर का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे। खेल पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में तैराकी सहित विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उचित प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाओं और खिलाड़ियों की मेहनत के कारण मुजफ्फरपुर के खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। समायरा रमण और संस्कार रंजन का चयन इसी सकारात्मक बदलाव का प्रमाण है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों, अभिभावकों और सहयोगियों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में मुजफ्फरपुर के और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिले और बिहार का गौरव बढ़ाएंगे।

## सम्पादकीय

### दोस्ती : दूरी से नहीं, दिल से चलने वाला रिश्ता

दोस्ती कोई ऐसा रिश्ता नहीं है जिसे समय, दूरी या परिस्थितियाँ कमजोर कर दें। यह वह अनमोल बंधन है जो खून के रिश्तों से नहीं, बल्कि दिलों के विश्वास, आत्मीयता और निस्वार्थ अपनत्व से बनता है। सच ही कहा गया है दोस्ती रूह में उतरा हुआ रिश्ता है जनाब, मुलाकघतें कम होने से दोस्ती कम नहीं होती। यह केवल एक पंक्ति नहीं, बल्कि जीवन का वह सत्य है जिसे हर वह व्यक्ति महसूस करता है जिसने कभी किसी सच्चे मित्र का साथ पाया हो।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग शहर बदल रहे हैं, देश बदल रहे हैं, जिम्मेदारियाँ बढ़ रही हैं और समय की कमी रिश्तों के बीच दीवारें खड़ी करती जा रही है। कभी जो दोस्त हर दिन साथ बैठकर हँसते थे, आज महीनों तक एक-दूसरे से बात भी नहीं कर पाते। लेकिन यदि रिश्ता सच्चा है तो एक फोन कल, एक संदेश या वर्षों बाद हुई एक मुलाकात भी वही अपनापन लौटा देती है, जैसे समय कभी बीता ही न हो।

दोस्ती का सबसे बड़ा आधार साथ बैठना नहीं, बल्कि साथ निभाना है। जब पूरी दुनिया किसी इंसान को गलत समझने लगे, तब जो व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के उसके साथ खड़ा रहे, वही सच्चा दोस्त कहलाता है। मित्र वह नहीं जो केवल खुशियों में साथ दिखाई दे, बल्कि वह है जो आँसुओं को पढ़ ले, बिना कहे दर्द को समझ ले और अंधेरे रास्तों में उम्मीद का दीपक बन जाए।

जीवन की सबसे बड़ी पूँजी धन-दौलत नहीं होती, बल्कि ऐसे लोग होते हैं जिनके सामने हम बिना किसी दिखावे के स्वयं बनकर जी सकें। जिनके सामने अपनी असफलताओं को स्वीकार करने में शर्म न लगे और सफलताओं को साझा करने में संकोच न हो। यही सच्ची मित्रता की पहचान है। जहाँ औपचारिकता समाप्त हो जाती है और विश्वास का संसार शुरू होता है।

आज सोशल मीडिया ने मित्रों की संख्या तो हजारों में पहुँचा दी है, लेकिन सच्चे दोस्तों की संख्या पहले से कहीं कम हो गई है। लाइक और कमेंट ने भावनाओं की जगह ले ली है। जन्मदिन की शुभकामनियाँ अब दिल से कम और नोटिफिकेशन देखकर अधिक दी जाती हैं। लेकिन याद रखिए, सच्ची दोस्ती इंटरनेट की स्पीड पर नहीं, दिल की धड़कनों पर चलती है। वह नेटवर्क से नहीं, विश्वास से जुड़ी होती है।

सच्चा मित्र कभी यह नहीं गिनता कि उसने आपके लिए क्या किया। वह आपके सुख में मुस्कुराता है और आपके दुःख में बिना बुलाए आपके दरवाजे पर खड़ा मिल जाता है। उसकी उपस्थिति ही यह एहसास दिलाती है कि दुनिया में अभी भी अपनापन जीवित है। वह आलोचना भी करता है तो आपके हित में, और प्रशंसा भी करता है तो आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए।

इतिहास गवाह है कि महान व्यक्तित्वों के जीवन में सच्चे मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मित्र केवल साथ चलने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह हमारे व्यक्तित्व का दर्पण भी होता है। वह हमारी गलतियों को छिपाता नहीं, बल्कि सुधारने का साहस देता है। वह हमारे सपनों को उड़ान देता है और निराशा के क्षणों में आशा की किरण बन जाता है। यह भी सच है कि समय हर रिश्ते की परीक्षा लेता है। कई बार गलतफहमियाँ आती हैं, दूरियाँ बढ़ती हैं और संवाद कम हो जाता है। लेकिन यदि मन में विश्वास और सम्मान बचा हो, तो दोस्ती फिर उसी स्थान पर लौट आती है जहाँ से वह कभी शुरू हुई थी। क्योंकि सच्चे रिश्ते शब्दों से नहीं, भावनाओं से जुड़े होते हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम मित्रों की संख्या बढ़ाने के बजाय मित्रता की गुणवत्ता बढ़ाएँ। अपने व्यस्त जीवन में कुछ पल उन लोगों के लिए भी निकालें जिन्होंने कठिन समय में हमारा हाथ थामा था। कभी बिना किसी स्वार्थ के एक फोन कर लीजिए, एक हालचाल पूछ लीजिए। विश्वास मानिए, कई रिश्ते केवल इस इंतजार में होते हैं कि कोई उन्हें याद करे।

जीवन की यात्रा में पद, प्रतिष्ठा, संपत्ति और सफलता सब कुछ समय के साथ बदल सकता है, लेकिन यदि एक सच्चा मित्र साथ हो तो सबसे कठिन रास्ते भी आसान लगने लगते हैं। इसलिए मित्रता को समय की दूरी से मत तौलिए। रिश्ते की गहराई इस बात से तय नहीं होती कि आप कितनी बार मिले, बल्कि इस बात से होती है कि जब भी मिले, दिल उसी आत्मीयता से धड़क उठा। अंततः यही कहा जा सकता है कि दोस्ती वह दीपक है जो दूरी की आँधियों में भी बुझता नहीं। यह आत्मा से आत्मा का ऐसा संबंध है जिसे न समय मिटा सकता है, न परिस्थितियाँ कमजोर कर सकती हैं। मुलाकातें भले कम हो जाएँ, लेकिन यदि दिलों में विश्वास, सम्मान और अपनापन जीवित है तो दोस्ती हमेशा अमर रहती है। क्योंकि सच्ची दोस्ती कैलेंडर की तारीखघें से नहीं, दिल की धड़कनों से चलती हैय और जो रिश्ता रूह में उतर जाए, उसे दूरियाँ कभी कम नहीं कर सकतीं।

# गांवों में तेज हुई सियासी सरगर्मी



प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

## मुद्दा

बिहार की लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे मजबूत आधार गांव हैं और गांवों की लोकतांत्रिक आत्मा पंचायतें हैं। जब पंचायत चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ती है तो केवल जनप्रतिनिधियों के चयन की तैयारी नहीं होती, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को फिर से सींचने का कार्य प्रारंभ होता है। यही कारण है कि बिहार में प्रस्तावित पंचायत चुनाव 2026 को लेकर शुरू हुई प्रशासनिक गतिविधियां अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी हैं। पंचायती राज विभाग और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उठाए गए हालिया कदम इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि राज्य सरकार निर्धारित समय पर पंचायत चुनाव कराने के अपने संकल्प को गंभीरता से आगे बढ़ा रही है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबी यह है कि सत्ता का विकेंद्रीकरण हो और निर्णय गांव की चौपाल से लेकर जिला परिषद तक जनता की भागीदारी से लिए जाएं। बिहार ने पिछले दो दशकों में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा पिछड़ा वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देकर पंचायतों को सामाजिक न्याय का सबसे प्रभावी मंच बनाया गया है। अब 2026 का पंचायत चुनाव इस लोकतांत्रिक यात्रा का अगला महत्वपूर्ण पड़ाव बनने जा रहा है।

20 जुलाई 2026 को पंचायती राज विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से 2011 की जनगणना के आधार पर ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के गठन एवं परिसीमन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। यह प्रक्रिया केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की निष्पक्षता का आधार है। बदलती जनसंख्या, नए बसावट क्षेत्रों और जनसंख्या के असमान वितरण को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्गठन आवश्यक होता है ताकि प्रत्येक नागरिक का मत समान महत्व रख सके और सभी क्षेत्रों को संतुलित प्रतिनिधित्व मिल सके।

परिसीमन का उद्देश्य किसी विशेष वर्ग या क्षेत्र को लाभ या हानि पहुंचाना नहीं, बल्कि संविधान की भावना के अनुरूप न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। यदि किसी पंचायत की जनसंख्या बढ़ी है तो उसके अनुरूप निर्वाचन क्षेत्रों में बदलाव स्वाभाविक है। यही लोकतांत्रिक संतुलन चुनाव की विश्वसनीयता को मजबूत बनाता है।

इसी क्रम में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आरक्षण निर्धारण से संबंधित अंतिम प्रपत्र-1 का प्रकाशन भी चुनावी तैयारियों में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे विभिन्न पंचायतों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग तथा महिलाओं के लिए आरक्षित पदों की स्थिति स्पष्ट होने लगी है। आरक्षण की तस्वीर सामने आते ही संभावित उम्मीदवारों ने अपनी राजनीतिक रणनीति बनानी शुरू कर दी है। गांवों में बैठकों का दौर तेज हो गया है, सामाजिक समीकरणों की नई व्याख्याएं सामने आने लगी हैं और चुनावी चर्चाओं ने चौपालों को फिर से जीवंत बना दिया है।

बिहार के कई जिलों जैसे कैमूर, समस्तीपुर, सारण और वैशालीने अपने-अपने अंतिम प्रपत्र-1 को सार्वजनिक कर दिया है। इन जिलों में पंचायतवार आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने से संभावित उम्मीदवारों को तैयारी का पर्याप्त अवसर मिल रहा है।

वहीं दूसरी ओर पटना जिले के हजारों संभावित प्रत्याशी अभी भी अंतिम प्रपत्र-1 के सार्वजनिक होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राजधानी जिला होने के कारण पटना की पंचायतों में चुनावी गतिविधियों पर पूरे राज्य की नजर रहती है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा अंतिम प्रपत्र-1 का शीघ्र प्रकाशन न केवल प्रत्याशियों की अनिश्चितता दूर करेगा, बल्कि चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाएगा।

पंचायती राज मंत्री का यह स्पष्ट बयान कि पंचायत चुनाव अपने निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे, चुनाव टलने की सभी अटकलों पर लगभग विराम लगाता है। यह संदेश केवल राजनीतिक घोषणा नहीं, बल्कि प्रशासनिक तैयारी का भी संकेत है। यदि परिसीमन, आरक्षण निर्धारण, मतदाता सूची का अद्यतन, मतदान केंद्रों की तैयारी और अन्य औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूरी होती हैं, तो समय पर चुनाव कराना पूरी तरह संभव है।

पंचायत चुनाव केवल मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य या जिला परिषद सदस्य चुनने का अवसर नहीं होता। यह गांव के विकास की दिशा तय करने वाला जनादेश होता है। सड़क, नाली, पेयजल, विद्यालय, स्वास्थ्य, स्वच्छता, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वयं सहायता समूह, कृषि विकास, जल संरक्षण और स्थानीय रोजगार जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसलिए पंचायत चुनाव का सीधा संबंध ग्रामीण विकास और आम नागरिक के जीवन स्तर से जुड़ा हुआ है।

यह भी आवश्यक है कि चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी हो। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि परिसीमन और आरक्षण से संबंधित सभी सूचनाएं समय पर सार्वजनिक हों, मतदाता सूची में किसी योग्य मतदाता का नाम न छूटे और चुनावी आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों की भी जिम्मेदारी है कि वे जातीय ध्रुवीकरण, धनबल और बाहुबल के बजाय विकास, सुशासन और जनसेवा को चुनावी मुद्दा बनाएं।

ग्रामीण मतदाताओं की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार नहीं, बल्कि योग्य, ईमानदार, जवाबदेह और विकासोन्मुख नेतृत्व चुनने की जिम्मेदारी भी है। पंचायतें तभी सशक्त होंगी जब जनता अपने मत का उपयोग व्यक्तिगत संबंधों, दबावों या प्रलोभनों से ऊपर उठकर करेगी।

आज बिहार का गांव बदल रहा है। शिक्षा का स्तर बढ़ा है, महिलाओं की भागीदारी मजबूत हुई है, युवा नेतृत्व सामने आ रहा है और डिजिटल माध्यमों ने प्रशासनिक पारदर्शिता को नई दिशा दी है। ऐसे समय में पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधियों का चुनाव नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के भविष्य का चुनाव है।

अब सबकी निगाहें विशेष रूप से पटना जिले के अंतिम प्रपत्र-1 पर टिकी हैं। इसके प्रकाशित होते ही पंचायतवार मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य पदों के आरक्षण की पूरी तस्वीर सामने आ जाएगी तथा चुनावी तैयारियां और अधिक गति पकड़ लेंगी।

लोकतंत्र की असली ताकत संसद और विधानसभा में जितनी दिखाई देती है, उससे कहीं अधिक उसकी धड़कन गांव की पंचायतों में सुनाई देती है। यदि पंचायतें मजबूत होंगी तो विकास की नींव मजबूत होगी, सामाजिक न्याय को नई ऊर्जा मिलेगी और लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होंगी। बिहार पंचायत चुनाव 2026 इसी विश्वास, भागीदारी और जनसशक्तिकरण का एक नया अध्याय बनने की ओर अग्रसर है।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## चाय विकास योजना के लिए 6.55 करोड़ रुपए स्वीकृत, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार को मिलेगा लाभ

**सीमांचल क्षेत्र** में चाय की खेती को प्रोत्साहित करने एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार ने किशनगंज, पूर्णिया एवं कटिहार जिलों में 6.55 करोड़ रुपये की लागत से चाय विकास योजना को स्वीकृति प्रदान की है। यह योजना सीमांचल में कृषि विविधीकरण को नई गति देने के साथ-साथ किसानों के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर सृजित करेगी।

बिहार सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा दे रही है। सीमांचल की जलवायु एवं प्रातिक परिस्थितियां चाय की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। सरकार इस क्षेत्र की प्राकृतिक क्षमता का अधिकतम उपयोग कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

इस योजना से सीमांचल में चाय की खेती का विस्तार होगा, नए किसानों का जुड़ाव बढ़ेगा तथा क्षेत्र में कृषि आधारित उद्यमिता और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ-साथ सीमांचल की पहचान देश के उभरते चाय उत्पादक क्षेत्र के रूप में और मजबूत होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एवं मूल्य संवर्धन को विशेष प्राथमिकता दे रही है। बिहार सरकार उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए किसानों को नई एवं लाभकारी फसलों से जोड़ने का कार्य कर रही है। चाय विकास योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सीमांचल के कृषि विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र किसानों को इसका लाभ शीघ्र प्राप्त हो तथा योजना के सभी लक्ष्य प्रभावी रूप से हासिल किए जा सकें।

# रुद्राभिषेक पूजन करवाने से जातक की कुडंली में मौजूद विभिन्न ग्रह दोष होते हैं शांत

## श्रावण मास में रुद्राभिषेक का है विशेष महत्व, श्रावण के महीने में रुद्राभिषेक करना विशेष फलदायी : डा. रामभद्र त्रिपाठी

संजीव कुमार

**भगवान शिव** को प्रसन्न करने के लिए श्रावण मास में रूद्राभिषेक पूजन का विशेष महत्व है। ज्योतिषाचार्य डा. रामभद्र त्रिपाठी के अनुसार रूद्राभिषेक वैसे तो किसी समय भी किया जाए तो यह बहुत शुभदायी माना जाता है लेकिन श्रावण में इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

शिवपुराण के रुद्रसंहिता में बताया गया है कि श्रावण मास में रुद्राभिषेक करना विशेष फलदायी है। रुद्राभिषेक में भगवान शिव का पवित्र स्नान कराकर पूजा-अर्चना की जाती है। यह सनातन धर्म में सबसे प्रभावशाली पूजन माना जाता है जिसका फल तत्काल प्राप्त होता है। इससे भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों के सभी दुःखों का अन्त करते है और सुख-शान्ति और समृद्धि प्रदान करते है।

श्रावण मास में रुद्राभिषेक पूजन करवाने से जातक की कुडंली में मौजूद विभिन्न ग्रह दोष शांत होते है। रुद्राभिषेक पूजन प्रशिक्षित वैदिक विद्वानों के द्वारा ही सम्पन्न करवाना चाहिए। यह मास मनोकामनाओं-आकांक्षाओ और मनोवान्छित फल की पूर्ति का समय होता है। रुद्राभिषेक पूजन से जीवन में नकारात्मक हालात भी बदल जाते है।

श्रावण मास में वैसे प्रतिदिन भगवान शिव के पूजन और रुद्राभिषेक का महत्व है लेकिन विशेष तिथियों में सोमवार, प्रदोष, शिवरात्रि और नागपंचमी के दिन रुद्राभिषेक विशेष फलदायी होता है।

श्रावण मास के अलावा हर महीने की शुक्लपक्ष की द्वितीया, पचंमी, षष्ठी, नवमी, द्वादशी तथा त्रयोदशी तिथि और कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, चतुर्थी, पंचमी, अष्टमी, एकादशी, द्वादशी तथा अमावास्या तिथि को रुद्राभिषेक करना मंगालकारी माना जाता है क्योंकि देवों के देव महादेव ब्रह्मण्ड में घूमते रहते है।महादेव कभी म गौरी के साथ होते है तो कभी कैलाश पर विराजते है तो रुद्राभिषेक तभी करना चाहिए जब शिव जी का निवास मंगलकारी हो।

श्रावण के महीने में रुद्राभिषेक करना विशेष फलदायी होता है, इसमें भगवान शिव की पूजा और उनका अभिषेक करने से सभी प्रकार के कष्ट और दूर होते है और मनोवाच्छित फल की प्राप्ति होती है। इसे सबसे शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठानों में से एक माना जाता है जो सुख, समृद्धि और आरोग्य प्रदान करता है।

भगवान शिव के प्रिय मास हिन्दू धर्म में भगवान शिव को समर्पित होता है। इस पूरे माह में वातावरण में शिव तत्व की ऊर्जा अत्यधिक सक्रिय रहती है इसलिए इस समय किया गया रुद्राभिषेक शीघ्र फलदायी होता है। मंत्रोच्चार और अभिषेक रुद्राभिषेक के दौरान वेदों और शास्त्रों मुख्य रूप से यजुर्वेद के मन्त्रों श्री रुद्राष्टकम् रुद्र सूक्त का पाठ करते हुए शिवलिंग पर दूध, दही, घी, शहद, शक्कर और गंगाजल जैसी पवित्र सामग्री अर्पित की जाती है।



भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए श्रावण मास में रूद्राभिषेक पूजन का विशेष महत्व ।

### समस्याओं का निवारण

ज्योतिष और आध्यात्मिक मान्यताओं के अनुसार रुद्राभिषेक से कुडंली के दोष विशेषकर चंद्रमा और राहु-केतु से संबधित शांत होते है। पारिवारिक शांति और धन प्राप्ति इसे करने से घर में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है और बीमारियों से मुक्ति मिलती है और आर्थिक तंगी दूर होती है।

### अलग-अलग सामग्रियों का प्रयोग विशेष कामनाओं की पूर्ति के लिए किया जाता है

दूध से अभिषेक, अच्छे स्वास्थ्य और लम्बी उम्र के लिए, शहद से अभिषेक, जीवन में आने वाले संकटों और दुर्भाग्य से मुक्ति के लिए, घी से अभिषेक, धन वैभव और ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए की जाती है।



डा. रामभद्र त्रिपाठी (ज्योतिषाचार्य)।

श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार और शिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक करना सबसे अधिक शुभ माना गया है। इसे घर पर या किसी शिव मंदिर में पूरे विधि विधान से सम्पन्न कराया जा सकता है। शिव और रूद्र का परस्पर एक दूसरे के पर्यायवाची है। शिव को ही रूद्र कहा जाता है क्योंकि रुतम्‌दुःखम् द्रावयति-नाशयतीति रूद्रः यानि की भोले सभी दुःखों को नष्ट कर देते है।

### एकमात्र सदाशिव के पूजन से स्वतः हो जाती है सभी देवताओं की पूजा

हमारे धर्मग्रन्थों के अनुसार हमारे द्वारा किए गए पाप ही हमारे दुःखों के कारण है। रुद्रार्चन और रुद्राभिषेक से हमारी कुंडली से पातक कर्म एवं महापातक भी जलकर भस्म हो जाते है और साधक में शिवत्व का उदय प्राप्त होता है तथा भगवान शिव का आर्शीवाद भक्त को प्राप्त होता है और उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते है। ऐसा कहा जाता है कि एकमात्र सदाशिव के पूजन से सभी देवताओं की पूजा स्वतः हो जाती है। रुद्रह्दयोपनिषद् में भगवान शिव के बारे में कहा गया है कि सर्वदेवात्मको रुद्रः सर्वे देवाः शिवातमका अर्थात् सभी देवताओं की आत्मा में रुद्र उपस्थित है और सभी देवता रूद्र की आत्मा है।

### विविध कामनाओं की पूर्ति के लिए रूद्राभिषेक सबसे उत्तम

हमारे शास्त्रों में विविध कामनाओं की पूर्ति के लिए रूद्राभिषेक के पूजन के निमित्त अनेक द्रव्यों तथा पूजन सामग्री को बताया गया है। साधक रूद्राभिषेक पूजन विभिन्न विधि से तथा मनोरथ को लेकर करते है। परंतु विशेष अवसर पर सोमवार, प्रदोष और शिवरात्रि आदि के पर्व के दिनों में मन्त्र गोदुग्ध या अन्य दूध मिलाकर अथवा केवल दूध से भी अभिषेक किया जाता है। विशेष पूजा में दूध, दही, घी, मधु, चीनी से अलग-अलग अथवा सबको मिलाकर पंचामृत से भी अभिषेक किया जाता है। तंत्रों में रोग निवारण हेतु अन्य विभिन्न वस्तुओं से भी अभिषेक करने का विधान है। इस प्रकार विविध द्रव्यों से शिवलिंग का विधिवत् अभिषेक करने से अभीष्ट कामना की पूर्ति होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि किसी भी पुराने नियमित रूप से पूजे जाने वाले शिवलिंग का अभिषेक बहुत ही उत्तम फल देता है किन्तु यदि पारद के शिवलिंग का अभिषेक किया जाए तो बहुत ही शीघ्र चमत्कारी शुभ परिणाम मिलता है। रूद्राभिषेक का फल बहुत ही शीघ्र प्राप्त होता है।

### रावण ने अपने सिरों को काटकर तो भस्मासुर में अपने आंखों के आंसुओं से किया था रुद्राभिषेक

वेदों में विद्वानों ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। पुराणों में तो इससे संबधित अनेक कथाओं का विवरण प्राप्त होता है। वेदों और पुराणों में रूद्राभिषेक के बारे में कहा गया है और बताया गया है कि रावण ने अपने दसों सिरों को काटकर उनके रक्त से शिवलिंग का अभिषेक किया था। तथा सिरों को हवन की अगि को अर्पित कर दिया था जिससे वो त्रिलोक विजयी हो गया।

भस्मासुर ने शिवलिंग का अभिषेक का अपनी आँखों के आंसुओं से किया तो वह भी भगवान के वरदान का पात्र बन गया। कालसर्प योग, गृहक्लेश, व्यापार में नुकसान शिक्षा में रूकावट सभी कार्यो की बाधाओं को दूर करने के लिए रूद्राभिषेक आपके अभीष्ट सिद्धि के लिए फलदायक है।

### सृष्टिकर्ता ब्रह्म जी ने कहा है कि जब हम अभिषेक करते है तो स्वयं महादेव साक्षात् उस अभिषेक को ग्रहण करते है

ज्योर्तिलिंग क्षेत्र एवं तीर्थस्थान तथा शिवरात्रि प्रदोष, श्रावण के सोमवार आदि पर्वो में शिववास का विचार किए बिना भी रूद्राभिषेक किया जा सकता है। वस्तुतः शिवलिंग का अभिषेक आशुतोष शिव को प्रसन्न करके साधक को उनका पापात्र बना देता है और उनकी सारी समस्याएँ स्वतः समाप्त हो जाती है। अतः हम यह कह सकते है कि रूद्राभिषेक से मनुष्य के सारे पाप-ताप धुल जाते है।

स्वयं सृष्टिकर्ता ब्रह्म जी ने भी कहा है कि जब हम अभिषेक करते है तो स्वयं महादेव साक्षात् उस अभिषेक को ग्रहण करते है। संसार में ऐसी कोई वस्तु वैभव, सुख नही है जो हमें रूद्राभिषेक करने या करवाने से प्राप्त नही हो सकता है।

## प्रवचन

### सामान्य परिस्थिति में नहीं बदलें गुरू और पुरोहित : जीयर स्वामी

अमर्यादित ब्राह्मण से मर्यादित चांडाल श्रेयष्कर


सनातन धर्म शूद्र को अछूत नहीं मानता

महिलायें साधु-संतों के प्रति श्रद्धा रखें सामीप्य नहीं

परिजनों और परिवार के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहें महिलायें

सामान्य परिस्थिति में पारंपरिक गुरु को बदला जाता है; पुरोहित को नहीं। पुरोहित पीढ़ी-दर-पीढ़ी के लिए होते हैं। लेकिन गुरू और पुरोहित यदि अपनी मर्यादा से पतित हो जाये तो उन्हें त्याग कर देना चाहिए। ब्राह्मण एक जाति नहीं, वह संस्कृति, संस्कार और सदाचार का प्रेरक है। मर्यादा विहीन ब्राह्मण मर्यादा के साथ जीने वाले चांडाल से भी खराब हैं। अन्याय और अनाचार से रक्षा करने वाला ही क्षत्रिय होता है। उसका जीवन मर्यादा की रक्षा के लिये समर्पित होना चाहिए। जीव हिंसा करके जीने वाला क्षत्रिय नहीं कहा जाएगा। सारे समाज को एक सूत्र में बांधकर रखने वाला शूद्र कहलाता है। शूद्र अछूत नहीं हैं। उन्हें अछूत कहने वाला शास्त्र और सनातन धर्म से अपरिचित है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

स्वामी जी ने कहा कि जाति का मानक कर्म नहीं होता। मनुष्य सुबह से देर रात तक अपने दिनचर्या में सफाई, कपड़ा धोने, दाढ़ी बनाने, जूता साफ करने और भोजन बनाने आदि का काम करता है। अगर कार्य के अनुसार जाति का निर्धारण हो व्यक्ति की जाति 24 घंटे में कई बार बदलेगी। उन्होंने कहा कि कोई मनुष्य अछूत नहीं होता है। अछूत बिजली है, जिसे छूने से जीव की मौत हो जाती है। स्वामी जी ने कहा कि श्री रामानुजाचार्य जी के गुरू खास लोगों को गुप्त रूप से मंत्र देते थे, लेकिन एक दिन रामानुजाचार्य जी ने मानव जाति के कल्याणार्थ सभा बुलाकर सार्वजनिक रूप से गुरु-मंत्र की घोषणा कर दी। उनके स्थान से निकलनी वाली भगवान की पालकी को शूद्र ही उठाते हैं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि मर्यादा के विरुद्ध कार्य करने पर शनि जैसे प्रभावशाली ग्रह को भी दंड भोगना पड़ता है। शनि देव विवाहोपरांत जब वह रात्रि को पत्नी के पास पहुंचे तो वे पूरी रात ईश्वर में ध्यानस्त रहे। सुबह उनकी पत्नी ने पति व्यवहार के अभाव से क्रुद्ध होकर उन्हें श्राप दे दिया कि आप की दृष्टि जिसपर पड़ेगी, उसका अहित हो जाएगा। उसके बाद से शनि सिर झुकाए रहते हैं। स्वामी जी ने कहा कि स्त्रियों को मर्यादा के साथ अपने पति व परिजन की सेवा बिना भेदभाव से करनी चाहिए न कि आश्रम में जाकर गुरु सेवा के नाम पर निवास करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं साधु संत में विश्वास रखें और दान आदि करें लेकिन उनसे नजदीकी संबंध नहीं बनाएं। संत को दूर से प्रणाम करें। उनसे समीप्य का प्रयास कभी न करें। स्त्रियों की साधू-संतों से अति निकटता धर्म संगत नहीं, क्योंकि वहां भटकाव की संभावना बनी रहती है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

संक्षिप्त खबरें

## चेहल्लुम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आगामी 4 अगस्त को होने वाले चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर 1 डीएसपी दिलीप कुमार  कुमार कर रहे थे। जबकि मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी कुमारी प्रियंका ,सदर अंचलाधिकारी सुनिल कुमार, छतौनी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार,पर्यवेक्षी पदाधिकारी रंधीर कुमार भट्ट मौजूद थे।बैठक को संबोधित करते हुए सदर1 डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि पर्व को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।इस बावत चप्पे-चप्पे में पुलिस पदाधिकारी व जवानों की तैनाती रहेगी। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा जुलूस में किसी भी प्रकार के तेज हथियार का प्रयोग नहीं करना है। जुलूस निकालने के लिए अपने नजदीकी थाना से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। लाइसेंस में जुलूस को लेकर रोड मैप तय करना अति आवश्यक है। अंचलाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि चेहल्लुम के दौरान डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। जुलूस में भाला या अन्य हथियार लेकर चलने पर भी रोक रहेगी। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करने और शांति बनाए रखने की अपील की। छतौनी थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। प्रशासन और जनता के सहयोग से ही त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा। मौके पर प्रवेक्षी पदाधिकारी रणधीर कुमार भट्ट अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज मोहम्मद फिरोज राहुल देव वर्मा चौकीदार मुकेश कुमार के अलावा शहर के गणमान्य लोग हरि सिंह मुस्तफा अंसारी विनय सिंह सत्य प्रकाश कुमार अब्दुल कलाम अरमान एवं सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डीजे व धारदार हथियार के प्रदर्शन पर रहेगी रोक

**पीपराकोठी।** चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने की। इसमें एसडीपीओ सदर-1 दिलीप कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी प्रियंका कुमारी तथा अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश कुमार यादव मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सदर-1 दिलीप कुमार ने कहा कि चेहल्लुम पर्व आपसी भाईचारे और शांति का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने, अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान डीजे बजाने तथा किसी भी प्रकार के धारदार हथियार के प्रदर्शन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी जुलूस निर्धारित मार्ग एवं तय समय के अनुसार ही निकाले जाएंगे। उन्होंने सभी समुदायों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में एसआई शशिभूषण कुमार, मुखिया उपेन्द्र पासवान, हेमंत कुमार, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय, पूर्व मुखिया रविंद्र सहनी, पंचायत समिति सदस्य रीतज कुमार, उपसरपंच रामेश्वर राय, शेख अलीमुद्दीन, मो़ याकूब, शेख लालबाबू, राजू सिंह, राजन सिंह पटेल, अवधेश सिंह, सुनील सिंह, हजारी महतो, क्यामुद्दीन चिस्ती, शेख मुस्तफा समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अबतक 180 बच्चों की हो चुकी है सर्जरी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सदर अस्पताल मोतिहारी परिसर में सुबह एम्बुलेंस की आवाज से गूंज उठा जब जिले के विभिन्न प्रखंडो के 13 बाल हृदय रोगियों को उनके परिजनों के साथ 7 एंबुलेंस से हरी झंडी दिखाकर जयप्रभा मेदांता अस्पताल पटना मे रवाना किया गया। इस सम्बन्ध में ड शशि मिश्रा डीसी, आरबीएसके ने बताया की बिहार सरकार के सौजन्य से निरूशुल्क ईको जांच शिविर आयोजित की गई है जहाँ पूर्वी चम्पारण सहित बिहार के कई जिले से आए बाल हृदय रोगियों का निरूशुल्क जांच शिविर लगाकर किया जाएगा। उन्होंने बताया की पीपराकोठी के एक फार्मासिष्ट मो़ शमीम को भी भेजा गया ताकि मेदांता अस्पताल प्रबंधन से संपर्क स्थापित कर, बाल हृदय रोगियों की सहायता करें।अबतक 180 बच्चों की हो चुकी है सर्जरी' सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार ने बताया कि जिले के अब तक 180 बच्चों की मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत निरूशुल्क सफलतापूर्वक सर्जरी कराई जा चुकी है, तथा 100 से अधिक बाल हृदय रोगियों को दवाइयों से ठीक किया जा चुका है। मौक पर ड शशि मिश्रा डीसी आरबीएसके, ड सरताज आलम, फार्मासिस्ट मो शमीम, प्रमोद कुमार, जौवाद हुमैन मोजूद थें।

# विराट रामायण मंदिर में तीन अगस्त से होगा रुद्राभिषेक अयोध्या के दो आचार्य कराएंगे रुद्राभिषेक

### महावीर मंदिर पटना की तर्ज पर तिरुपति नैवेद्यम, फूल माला का लगाया गया है काउंटर



जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

**कल्याणपुर(एन एस बी)।** सावन माह के प्रथम सोमवारी के अवसर पर रामजानकी नगर कैथवलिया के विराट रामायण मंदिर में भी शिवमंडपम में स्थापित  शिवलिंग पर रूद्राभिषेक कराने की व्यवस्था की गई है। जिससे भक्तों किसी तरह की कोई परेशानी न हो। क्योंकि विराट रामायण मंदिर में  दूर से भक्त आते हैं। विराट रामायण मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर रूद्राभिषेक कराने का शुल्क 1100 रुपए निर्धारित किया गया है। इसमें शिव मंडप में रूद्राभिषेक कराने वाले भक्त को पूजा सामग्री खुद लानी होगी। इसके अलावा अयोध्या से दो पुजारी बुलाए गए हैं। यहीं दोनों पुजारी विराट रामायण मंदिर के शिवमंडपम में रूद्राभिषेक कराएंगे। तीन अगस्त को सावन की पहली सोमवारी है। उसी दिन से विराट रामायण मंदिर में रूद्राभिषेक की शुरूआत होगी। महावीर मंदिर पटना की तर्ज पर तिरुपति नैवेद्यम, फूल माला काउंटर लगाया गया है। जो तीन अगस्त से शिव मंडप प्रांगण में शुरू हो जाएगा। इससे भक्तों के प्रसाद और फूल माला लेने में सहूलियत हो जाएगी। श्री महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल का कहना है कि विराट रामायण मंदिर में जलाभिषेक या फिर रूद्राभिषेक करने आने वाले भक्त को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उसी तरह से व्यवस्था वहां की जा रही हैस  वैसे विराट रामायण मंदिर का शिवलिंग फिलहाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है क्योंकि विश्व का यह सबसे बड़ा 33 फीट का सहस्त्रलिंगम स्थापित हो चुका है। यहां लोग पूजा पाठ कर सके इसके लिए इस शिवलिंग से हटकर एक शिव मंडपम का निर्माण किया गया है। जहां पूजा-पाठ, जलाभिषेक और रूद्राभिषेक करने के लिए 33 इंच का लघु सहस्त्रलिंगम (शिवलिंग) स्थापित किया गया है। विराट रामायण मंदिर में प्रतिदिन चार से पांच हजार भक्त पहुंच जाते हैं। सावन में यह भीड़ और बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। विराट रामायण मंदिर का निर्माण कार्य 120 एकड़ में चल रहा है। यहां 22 मंदिर और 18 शिखर होंगे। यह मंदिर पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह विश्व का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर होगा। विराट रामायण मंदिर की दूरी पटना से करीब 120 किलोमीटर है।

विराट रामायण मंदिर के सहस्त्रलिंगम शिवमंडपम में रूद्राभिषेक कराने की बुकिंग के लिए इस नंबर पर 9717974588 (सुमन) संपर्क किया जा सकता है। भक्त इस नंबर पर फोन करके बुकिंग करा सकते हैं। जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ को देखते हुए अरघा की व्यवस्था की की गई है।

सावन महीने के सोमवार का बहुत ही अधिक महत्व है। यह पूरा महीना विशेष तौर पर सोमवार भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।

## एलएनडी कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शहर के एल़एऩडी. कलेज में श्नशा मुक्त भारत अभियानश् के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अनलाइन माध्यम से बड़ी संख्या में जुड़े। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में देश के माननीय प्रधानमंत्री जी का वर्चुअली संबोधन हुआ, जिसे उपस्थित एवं अनलाइन जुड़े सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत समाज को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ सभी उपस्थित लोगों एवं स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ड़ दुर्बादल भट्टाचार्य ने युवाओं से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की अपील की और कहा कि युवा ही देश को नशा मुक्त बनाने के असली कर्णधार हैं। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष ड. कुमार राकेश रंजन ने नशाखोरी के सामाजिक व राजनीतिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सकारात्मक दिशा में अपनी उर्जा लगाने के लिए प्रेरित किया। वहीं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी ड़ रविरंजन सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। इस अनलाइन कार्यक्रम में नेशनल स्कूल अफ ड्रामा की नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा एक संवेदनशील एवं प्रभावशाली नाटक भी प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि कैसे नशा, किसी व्यक्ति, उसके परिवार और समाज को दीमक की तरह खोखला कर देता है। कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि एनएसएस स्वयंसेवक मोतिहारी और आसपास के क्षेत्रों में नशा मुक्ति के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाते रहेंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## आरएलएम पूर्वी चम्पारण के जिलाध्यक्ष बने संत सिंह कुशवाहा, कार्यकर्त्ताओं में हर्ष

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा, पूर्वी चम्पारण जिला अध्यक्ष पद पर संत सिंह कुशवाहा का मनोनयन हुआ है, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक अलोक सिंह ने मनोनयन का पत्र जारी किया है। जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष ड़ दीपक कुमार ने बधाई देते हुए कहा है की संत सिंह कुशवाहा पार्टी के वरिष्ठ नेता है, अनुभवी है इनके नेतृत्व में जिला काफी मजबूत होगा। बधाई देने वालों में प्ऱोसुरेंद्र कुशवाहा, ई रमेश पासवान, मधुरेंद्र सिंह उर्फ मधु सिंह, प्रमोद सिंह, रुपलाल कुशवाहा, ड़शैलेश कुमार, राजनारायण प्रसाद, गणेश कुशवाहा, कौशल कुमार, हनीफ हवारी, विजय सिंह, ड़शम्भू कुशवाहा, भागीरथ प्रसाद, जुल्फेकर आलम, बिन्देश्वरी प्रसाद, मुजीबूर रहमान, नीतीश कुमार, राजन शुक्ला, हरिकिशोर कुशवाहा, भिखारी सिंह, राजकुमार कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा, बिभूति नारायण सिंह, सुरेश मेहता, लालबहादुर कुशवाहा, भूषण कुमार सिंह, नंदकिशोर सिंह, शंकर कुशवाहा, चन्दन कुमार, प्रेम चंद प्रसाद सहित जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष मुख्य रूप से है।



संत सिंह कुशवाहा।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल की पति की हत्या,पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

### खंती से मार कर व गमछा से गला घोंट कर की हत्या

**चकिया।** पति का निर्मम तरीके से हत्या करानेवाली पत्नी समेत प्रेमी को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर गिरप्तार कर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया। उक्त जानकारी रविवार को डीएसपी संतोष कुमार ने थाना परिसर में एक प्रेस वार्ता कर दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि बीते शनिवार को सुबह में थाना क्षेत्र अंतर्गत मनी छपरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय उर्दू के निकट सड़क किनारे हत्या किया हुआ शव मिला। सूचना मिलते हीं पुलिस के वरीय अधिकारी द्वारा गठित टीम ने त्वरित वैज्ञानिक अनुसंधान व गहन जांच शुरू कर दी। टीम ने मृतक की पत्नी पूजा देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पत्नी ने पूछताछ में पति के हत्या का खुलासा किया। पुलिस ने हत्या में शामिल बड़ा बैशाहां गांव निवासी बिहारी सहनी के 27 साल के पुत्र सत्येंद्र सहनी व परमानंद सहनी के 26 साल के पुत्र रंजन सहनी को गिरफ्तार कर लिया। शादी शुदा दो बच्चे के पिता सत्येंद्र सहनी का मृतक की पत्नी पूजा देवी से अवैध संबंध था। तीन दिन पहले मृतक की पत्नी ने प्रेमी सत्येंद्र सहनी के साथ अपने पति को जान से मारने की साजिश रची। शुक्रवार को रात में तारी का दुकान चला का राजेश चौधरी अपनी पत्नी पूजा देवी के साथ घर जा रहा था। घर जाने की सूचना पूजा देवी ने चुपके से अपने प्रेमी सत्येंद्र को मोबाइल पर दी। सत्येंद्र गांव के ही रंजन सहनी के साथ उक्त स्थान पर पहुंचा व तीनों मिलकर राजेश चौधरी को खंती से मार-मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया व गमछा से गला घोंट कर हत्या कर दिया। उसके बाद शव को उक्त स्थान पर फेंक फरार हो गया। सत्येंद्र सहनी पूर्व में भी अवैध शराब कारोबार में जेल जा चुका है। छापेमारी दल में डीएसपी के अलावा इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष धर्म प्रकाश एसआई धनंजय कुमार,विवेक कुमार पीएसआई मौसम कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।



प्रेस वार्ता करते डीएसपी के साथ अन्य।

## इंटरैक्ट क्लब के नव मनोनीत पदाधिकारीयों ने किया पदभार ग्रहण

**चकिया।** शहर के मुजफ्फरपुर रोड स्थित एक निजी होटल के सभागार में रोटरी क्लब अफ चकिया के तत्वाधान में हेब्रोन मिशन स्कूल के इंटरैक्ट क्लब के नव मनोनीत पदाधिकारियों का समारोह आयोजित कर पदभार ग्रहण कराया गया। सर्वप्रथम इंटरैक्ट क्लब के 2026-27 सत्र के नए कमिटी का सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें हेब्रोन मिशन स्कूल के इंटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष के रूप में छात्र दिव्यम कुमार, सचिव अफान अख्तर, उपाध्यक्ष गौरव कुमार, संयुक्त सचिव शिवानी कुमारी, कोषाध्यक्ष तेजस राज गुप्ता, निदेशक मंडल में हर्षवर्धन, यश, ज्योति, आशुतोष और आराध्या गुप्ता को मनोनित किया गया। इस दौरान स्कूल के इंटरैक्ट क्लब के नव मनोनीत छात्र, छात्राओं ने संकल्प लिया कि रोटरी क्लब अफ चकिया के साथ मिलकर हर महीने अनिवार्य रूप से सेवा प्रोजेक्ट चलाएंगे। रोटेरियंस ने छात्रों को स्मृति चि देकर सम्मानित किया। मौके पर रोटेरियन सह प्रिंसिपल हेब्रोन मिशन स्कूल स्टैनली पिल्लई, रो अवधेश कुमार, रोटरी क्लब अफ चकिया के सचिव रामानंद पटेल सहित अन्य मौजूद थे।





पदभार ग्रहण करते छात्र।

# मानव दिवस, पीएम आवास व ई-केवाईसी में कई प्रखंडों का प्रदर्शन असंतोषजनक

**मोतिहारी(एन एस बी )।** उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में मनरेगा योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक एनईपी ड. कुंदन कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) राजेश कुमार, सहायक अभियंता, कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।बैठक में मानव दिवस सृजन, पीएमएवाई-जी अभिसरण, ई-केवाईसी, जियो टैगिंग, योजनाओं की प्रगति, वृक्षारोपण एवं जल-जीवन-हरियाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कई प्रखंडों की प्रगति असंतोषजनक पाई गई, जिस पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मानव दिवस सृजन में जिले की उपलब्धि 7656 प्रतिशत रही, जबकि राज्य का औसत 15529 प्रतिशत है। संग्रामपुर, पहाड़पुर, बनकटवा, अरेराज, मेहसी, कोटवा एवं पताही प्रखंडों का प्रदर्शन अपेक्षा से काफी कम पाया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को न्यूनतम 75 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया।पीएमएवाई-जी अभिसरण की समीक्षा में 20,320 योजनाओं में से केवल 3,339 योजनाओं में एमआर निर्गत होने के कारण जिले की उपलब्धि 1648 प्रतिशत रही। संग्रामपुर, चकिया, पीपराकोठी, रामगढ़वा, कोटवा, छौड़ादानों, चिरैया, ढाका एवं घोड़ासहन प्रखंडों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई।ई-केवाईसी के तहत जिले के 4,46,783 सक्रिय मजदूरों में से 3,90,464 का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, जबकि 56,148 मजदूरों का कार्य अभी लंबित है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया गया।जियो टैगिंग में तीनों चरणों के कुल 3,570 मामले लंबित पाए गए। सर्वाधिक लंबित मामले कल्याणपुर, पकड़ीदयाल, रामगढ़वा, बनकटवा, केसरिया, पहाड़पुर, घोड़ासहन एवं चिरैया प्रखंडों में हैं। इन्हें भी एक सप्ताह के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में बताया गया कि मनरेगा के तहत प्रारंभ 43,426 योजनाओं में से केवल 2,713 योजनाएँ पूर्ण हुई हैं। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर कम से कम 90 प्रतिशत अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया।वृक्षारोपण योजना में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 9,50,400 पौधारोपण लक्ष्य के विरुद्ध अब तक मात्र 2079 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। वहीं जल-जीवन-हरियाली योजना के लंबित मामलों की प्रविष्टि दो दिनों के भीतर पोर्टल पर कर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश भी दिया गया।



समीक्षा बैठक करते डीडीसी व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

## एमजीसीयू में नशामुक्त युवा विकसित भारत अभियान का आयोजन

### पूर्वी चंपारण के 30 हजार से अधिक युवाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**मोतिहारी(एन एस बी )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में डल ठींतंज, पूर्वी चंपारण द्वारा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी में रविवार को ष्नशामुक्त युवाविकसित भारतष अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारित किया गया। अपने संदेश में उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त भारत अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर सब रजिस्ट्रार दीपक हुडा, बंजरिया के बीडीओ अजय कुमार प्रिंस, राजनीतिक विज्ञान विभाग के ड़ नरेंद्र सिंह, सोशल वर्क विभाग के ड़ अनुपम वर्मा, शिक्षा विभाग के ड. जुगल किशोर, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष ड़ अरविंद कुमार शुक्ला, जूलजी विभाग के ड. कुदन कुमार रजक, समाजसेवी रविशंकर, अकाउंटेंट रानू कुमारी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।जिला युवा अधिकारी अंकिता ने कहा कि डल ठींतंज युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त मंच है। उन्होंने युवाओं से डल ठींतंज पोर्टल पर अधिकाधिक पंजीकरण कराने तथा मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रमों एवं स्वयंसेवी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ लेते हुए स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। अंत में सोशल वर्क विभागाध्यक्ष ड़ मृत्युंजय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।अभियान के तहत पूर्वी चंपारण के सभी 27 प्रखंडों में भी एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा क्लबों और पंचायतों के माध्यम से 30 हजार से अधिक युवाओं ने ष्नशामुक्त पूर्वी चंपारणष एवं षविकसित भारतष के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

## नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले में 120 युवाओं को मिली नौकरी

**मोतिहारी।** बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, पूर्वी चंपारण द्वारा शनिवार को महिला आईटीआई मैदान में एक दिवसीय नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी अंकित राज ने की, जबकि मंच संचालन यंग प्रोफेशनल निलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक ने नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। निलेश कुमार ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं कैरियर संबंधी मार्गदर्शन दिया। आयोजन को सफल बनाने में जिला नियोजन कार्यालय के सभी कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।मेले में 18 नियोजक कंपनियों ने भाग लेते हुए कुल 1,540 रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की। बिहार के विभिन्न जिलों तथा पूर्वी चंपारण से पहुंचे रोजगार के इच्छुक युवाओं के कुल 2,060 बायोडाटा प्राप्त हुए। इनमें से 743 अभ्यर्थियों को शर्टलिस्ट किया गया, जबकि 120 अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। शेष चयनित अभ्यर्थियों को आगामी तिथियों में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि इस तरह के रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें विभिन्न निजी संस्थानों एवं कंपनियों से जोड़ना है।

## जनक प्रसाद गुप्ता की स्मृति में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति का मासिक कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय मासिक कार्यक्रम ष10 बजे 10 मिनट स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के नामष के तहत अगस्त माह का आयोजन रविवार को नगर के पंच मंदिर चौक स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी जनक प्रसाद गुप्ता के पैतृक आवास पर किया गया। कार्यक्रम उनके प्रति समर्पित रहा।सेनानी पौत्र अनूप गुप्ता के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्ऱो खुश नंदन सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं स्वतंत्रता सेनानी जनक प्रसाद गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।मुख्य वक्ता एवं समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों के योगदान का समुचित सम्मान होना चाहिए। उन्होंने सेनानी परिवारों के कल्याण तथा उत्तराधिकारी पेंशन की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।जिला अध्यक्ष कौशल किशोर पाठक ने समिति की गतिविधियों की जानकारी देते हुए जनक प्रसाद गुप्ता सहित पूर्वी चंपारण के स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का उल्लेख किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में चंपारण के सेनानियों का योगदान ऐतिहासिक रहा है, जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार और सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम को ई रत्नेश कुमार, उमेश कुमार सिंह, चंचल कुमार, ऐश्वर्या गुप्ता, देवव्रत श्रीवास्तव, संजीव शाह, ड़ चंदन जायसवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। अंत में सत्याग्रह प्वाइंट के संस्थापक संजीव शाह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मेहसी में माकपा का प्रदर्शन जनसमस्याओं के समाधान की मांग

### 10 अगस्त को श्जेल भरोश आंदोलन में शामिल होने का आह्वान

**मेहसी(एनएसबी)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की मेहसीचकियातेतरिया लोकल कमिटी के आह्वान पर शनिवार को मेहसी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिलाएं एवं आम नागरिक शामिल हुए। इसके बाद आयोजित सभा की अध्यक्षता कामरेड मुकेश कुमार यादव ने की तथा संचालन इम्तियाज अहमद ने किया।सभा को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिव ललन चौधरी, जिला सचिव सत्येंद्र कुमार मिश्र एवं लोकल कमिटी के सचिव मुकेश कुमार ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, राशन वितरण में कथित अनियमितता, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति तथा भूमि परिमार्जन से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए सरकार और प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की आवश्यकता है।सभा को दिलीप कुमार, धर्मनाथ कुमार, पूर्व जिला पार्षद सुरेंद्र चौधरी, अखिलेश कुमार एवं अमन यादव सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया और जनहित के मुद्दों पर आंदोलन जारी रखने की बात कही। प्रदर्शन के बाद सत्येंद्र कुमार मिश्र, इम्तियाज अहमद, अजय कुमार यादव, दिलीप कुमार, अखिलेश कुमार एवं हरेन्द्र सिंह के प्रतिनिधिमंडल ने अंचलाधिकारी को आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार अंचलाधिकारी ने मांगों पर एक सप्ताह के भीतर विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। सभा के दौरान माकपा नेताओं ने 10 अगस्त को प्रस्तावित ष्जेल भरोष आंदोलन में अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एमएलटी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ह्यनशा मुक्त भारत अभियानह्य के तहत राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति संकल्प एवं लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के निदेर्शानुसार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में नशा मुक्ति संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से भाग लेकर नशामुक्त, स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने ने कहा कि नशा समाज एवं युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर अभिशाप है। प्रधानमंत्री जी के इस राष्ट्रव्यापी अभियान से जुड़कर हमारे युवाओं को नशामुक्त, अनुशासित और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। युवा वर्ग समाज का संवाहक है; यदि युवा नशे से दूर रहें, तो एक सशक्त एवं नशामुक्त भारत का निर्माण सुनिश्चित है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.बलवीर कुमार झा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त दिशा-निदेर्शों एवं इस अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इवेंट क्रिएशन कर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि नशा केवल शारीरिक हानि नहीं पहुँचाता, बल्कि मानसिक एवं सामाजिक पतन का कारण भी बनता है, इसलिए इससे दूर रहना ही सच्चे राष्ट्र निर्माण का मार्ग है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन एवं इंटरनेट की विशेष व्यवस्था के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रव्यापी लाइव प्रसारण को दिखाया गया तथा उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने माध्यम से ऑनलाइन नशा मुक्ति संकल्प लिया एवं प्रमाण पत्र डाउनलोड किया। इस अवसर पर आशुतोष कुमार सिंह, अमित सिंह, पप्पू यादव, नीतीश कुमार, आशीष आनंद, सौरव, गौरव, प्रकाश, अशोक राम, अजीत झा, प्रशांत, सक्षम कुमार, उत्सव कुमार, बल्लभ सिंह, रोहित कुमार एवं अन्य छात्र-छात्राएँ तथा शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.बलबीर कुमार झा ने किया।

### आर एम कॉलेज द्वारा राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति संकल्प एवं लाइव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित




**सहरसा शहर (एनएसबी)।** आर एम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ह्यनशा मुक्त युवा व विकसित भारतह्य के तहत राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति संकल्प एवं लाइव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 द्वारा भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के निदेर्शानुसार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में नशा मुक्त युवा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ गुलरेज रौशन रहमान ने कहा नशा केवल शारीरिक हानि ही नहीं पहुंचाता वल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से भी नुकसान पहुंचाता है। एनएसएस इकाई 1पदाधिकारी डा इन्द्र कान्त झा ने कहा आज के दौर में नशा समाज एवं युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर अभिशाप बनता जा रहा है। श्विकसित भारतश के सपने को साकार करने के लिए श्नशा मुक्त युवाश का होना अत्यंत आवश्यक है। माननीय प्रधानमंत्री जी के इस राष्ट्रव्यापी अभियान से जुड़कर हमारे युवाओं को नशामुक्त, अनुशासित और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। युवा वर्ग समाज का संवाहक है। यदि युवा नशे से दूर रहें, तो एक सशक्त एवं नशामुक्त भारत का निर्माण सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ प्रवीर घोष, डॉ किरण मिश्रा, डॉ प्रशान्त कुमार मनोज, डॉ स्वेता प्रसाद, डॉ मोनिका कुमारी, डॉ धनंजय कुमार सिंह, डॉ विकास कुमार, आलोक कुमार मिश्रा, उदय नाथ तिवारी, परमेश्वर झा,सफीर सहित अन्य शामिल थे।

### रक्तदान और समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मिथिला सम्मान से सम्मानित हुए: बिमलेश कुमार भगत

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के कासिमपुर निवासी एवं युवा क्रांति फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक बिमलेश कुमार भगत को रक्तदान एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए समस्तीपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मिथिला सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ब्लड फॉर्स टीम द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मुख्य अतिथि समस्तीपुर की विधायक अश्वमेध देवी



उपस्थिति में बिहार एनजीओ एसोसिएशन के अध्यक्ष बबलू सिंह के हाथों सम्मानित किया गया,इस अवसर पर बिमलेश कुमार भगत को मिथिला पाग, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद बिमलेश कुमार भगत ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि युवा क्रांति फाउंडेशन, जीवन रक्षक सोसाइटी सहरसा तथा उन सभी रक्तदाताओं और कार्यकत्राओं का सम्मान है, जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा के कार्य को आगे बढ़ाया है। उन्होंने यह सम्मान समस्त रक्तदाताओं को समर्पित करते हुए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नेपाल से पधारे समाजसेवी सहित भारत के विभिन्न राज्यों से आए समाजसेवी, रक्तदान संगठनों के प्रतिनिधि एवं अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उधर, सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र में बिमलेश कुमार भगत को मिले इस सम्मान पर युवा क्रांति फाउंडेशन, जीवन रक्षक सोसाइटी सहरसा तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। युवा क्रांति फाउंडेशन के संस्थापक सुधांशु प्रियदर्शी ने कहा कि बिमलेश कुमार भगत सदैव समाजहित और मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्हें मिला यह सम्मान पूरे संगठन और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर रुपेश कुमार, अमरथ कुमार, अमरजीत कुमार, कार्तिक कुमार, प्रवीण भगत, आलोक कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य बिन्देश्वरी चैधरी, संदीप यादव, शंभू मोदी, अमर पोद्दार सहित युवा क्रांति फाउंडेशन के सभी कार्यकत्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिमलेश कुमार भगत को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

### नशा मुक्त युवा फोरम विकसित भारत कार्यक्रम का सफल आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बच्चों से संवाद कार्यक्रम के अवसर पर राजलक्ष्मी धरणीधर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पटोरी पंचगछिया में नशा मुक्त युवा फोरम विकसित भारत कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित बच्चों ने नशा मुक्त भारत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया तथा स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रतिज्ञा दोहराई। इस अवसर पर उपस्थित प्रधानाचार्य अनमोल चैधरी जी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षण एवं परीक्षा प्रमुख गौतम चैधरी जी ने कहा कि




ह्युवा जागरूक होंगे तो भारत निश्चित रूप से विकसित और नशा मुक्त बनेगा।जिला युवा अधिकारी तृप्ति जेन जी ने अपने संदेश में कहा कि युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता ही नशा मुक्त एवं विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। हमें स्वयं जागरूक बनकर समाज में भी नशा के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलानी चाहिए। माय भारत वोलेंटियर टिंकु मैथिल ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि ह्नशे से दूरी और सपनों से दोस्ती ही विकसित भारत की सच्ची पहचान है। कार्यक्रम में अंकित कुमार, मनखुस, आशीर्वाद सहित विद्यालय के आचार्य निरंजन जी, समीर जी, चिंटू जी, बलराम जी, विश्वनाथ जी, प्रेम चंद्र जी, प्राची जी, अंजली जी, रामप्रीत जी, आमोद जी, अंगद जी, चंद्रप्रकाश जी एवं अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# रद्द टेंडर पर 1.54 करोड़ का भुगतान, सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद में हाईमास्ट घोटाले की जांच तेज, नगर विकास विभाग की 4 सदस्यीय टीम ने बंद कमरे में घंटों की पूछताछ, स्थल निरीक्षण कर जुटाए साक्ष्य

**दो सप्ताह में सौंपेगी रिपोर्ट, सबसे बड़ा सवाल रद्द कायार्देश पर आखिर किसके आदेश से हुआ भुगतान?**

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** नगर परिषद सिमरी बख्तियारपुर में बिना कार्य पूरा किए राजस्थान की एजेंसी को 1 करोड़ 54 लाख 29 हजार 492 रुपये के भुगतान के मामले ने अब बड़ा प्रशासनिक रूप ले लिया है। शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग की गठित चार सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच टीम नगर परिषद कार्यालय पहुंची और पूरे मामले की गहन जांच की। समिति के अध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव सुनील कुमार, अधीक्षण अभियंता हरेन्द्र कुमार उपाध्याय, सहायक अभियंता अमित कुमार तथा प्रशाखा पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार साह ने नगर परिषद कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास से बंद कमरे में घंटों पूछताछ की। इस दौरान भुगतान, कायार्देश, मापी पुस्तिका तथा अन्य अभिलेखों की बारीकी से



जांच करते पटना की टीम

जांच की गई। कार्यालय में दस्तावेजों की जांच के बाद टीम नगर के राम जानकी ठाकुरबाड़ी के समीप पहुंची, जहां लगाए गए हाईमास्ट लाइट पोल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर कार्य की गुणवत्ता और वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। हालांकि मीडिया के सवालों पर जांच टीम ने कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि पूरी जांच रिपोर्ट विभाग को सौंपी जाएगी। जांच के दौरान एक अहम तथ्य सामने आया है। नगर परिषद के पत्रांक-254, दिनांक 25 मार्च 2025 के तहत जीई,म पोर्टल के माध्यम से राजस्थान की एजेंसी मेसर्स श्री राम एंटरप्राइजेज को हाईमास्ट लाइट लगाने का कायार्देश जारी किया गया था। लेकिन नगर विकास एवं आवास विभाग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा बैठक के बाद 27 अप्रैल 2025 को ही उक्त कायार्देश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया था। आदेश में स्पष्ट था पुराना टेंडर रद्द, नई निविदा निकले कार्यालय आदेश में साफ लिखा गया था कि हाईमास्ट लाइट लगाने संबंधी पुरानी निविदा निरस्त करते हुए नियमानुसार स्ट्रीट लाइट के लिए नई निविदा निकाली जाए। साथ ही संबंधित एजेंसी को भी कायार्देश निरस्त किए जाने की सूचना भेजी गई थी। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब कायार्देश अप्रैल 2025 में ही निरस्त हो चुका था, तो फिर बाद में श्रावणी मेले के नाम पर उसी एजेंसी को 1.54 करोड़ रुपये का भुगतान कैसे कर दिया गया? भुगतान की स्वीकृति किस अधिकारी ने दी और किन दस्तावेजों के आधार पर सरकारी राशि जारी की गई? प्रथम द्दष्टया मामला सरकारी राशि के गंभीर दुरुपयोग का प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में कायार्पालक पदाधिकारी रामविलास दास ने बताया कि 31 जुलाई 26 को पटना की टीम द्वारा जांच किया जबकि विभागीय सूत्रों के अनुसार जांच समिति दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। सिमरी बख्तियारपुर विधायक संजय कुमार सिंह ने 31 जुलाई 26 को पटना की टीम द्वारा जांच किया हैं। आगे कि जानकारी नहीं हैं। रिपोर्ट के आधार पर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कानूनी और विभागीय कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## संस्कृति व संस्कार का संवाहक रहा है ईस्ट एन वेस्ट: रजनीश, ईस्ट एन वेस्ट के स्वर्णिम सफर का सत्रह वर्ष पूर्ण, इंडक्शन मीट के साथ बीएड नव सत्र का शुभारंभ

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र स्थित ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का सत्रहवां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक रविवार को मनाया गया। समारोह का उद्धघाटन ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन रजनीश रंजन रेडियो ईस्ट एन वेस्ट 88.4 की महानिदेशिका सह बीएनएमयू सीनेट सदस्या मनीषा रंजन, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा सम्मानित अतिथियों को पाग,चादर, व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत गीत पंडित मोहन ठाकुर के निर्देशन में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका स्नेह प्रभा, दर्पण, स्वाती, गिरीजा, कृतिका द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण प्राध्यापक प्रमुख डॉ प्रियंका पांडेय ने किया। प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय के एक साल के प्रगति व उत्तरोत्तर विकास को गिनाया। स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए रजनीश रंजन ने कहा कि ईस्ट एन वेस्ट ने अपने सत्रह सालों के सफर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रशिक्षण के कारण इस महाविद्यालय को एक नई उंचाई प्रदान किया है। जो सत्रह वर्षों के स्वर्णिम अतीत को दशार्ता है। उन्होंने महाविद्यालय के इस गौरवशाली अतीत में शामिल महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कार्यालय कर्मी, छात्राध्यापक-छात्राध्यापिकाओं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा ईस्ट एन वेस्ट अपनी संस्कृति और संस्कार का हमेशा ही संवाहक रहा है। इस अवसर पर रेडियो ईस्ट एन वेस्ट 88.4 की महानिदेशिका मनीषा रंजन ने अपने संबोधन में स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए ईस्ट एन वेस्ट के गौरवमई इतिहास पर प्रकाश डालते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित की। इंडक्शन मीट के साथ वगार्रंभ का शुभारंभ स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में नामांकित प्रथम वर्ष बीएड सत्र-2026-28, बीएड दुसवितीय वर्ष सत्र 2025-27 ,बीलीस, ईसीसी सत्र-2025-26 के वगार्रंभ के साथ सत्र का शुभारंभ किया गया.इस अवसर पर चेयरमैन रजनीश रंजन ने एकेडमिक कैलेंडर जारी करते हुए विस्तार पूर्वक कोर्स कंटेंट पर चर्चा करते हुए प्रकाश डाला। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सचिदानंद प्रसाद, पूर्व मुखिया पुरुषोत्तम टंडन सहित अन्य मौजूद थे।



समारोह को संबोधित करते चेयरमैन

## राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय में सम्मान सह बिदाई समारोह आयेजित



सम्मान समारोह प्राचार्य

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय में सम्मान सह बिदाई समारोह में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा.आशुतोष कुमार झा और भौतिकी विभागाध्यक्षा डा.उर्मिला अड़ोरा को भावभीनी विदाई दी गयी। दोनों विभागाध्यक्षों ने 42 साल की सेवा के उपरांत महाविद्यालय से सेवानिवृत्ति ली। प्रधानाचार्य डॉ. गुलरेज रौशन रहमान ने पाग, चादर, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया। प्राचार्य डा गुलरेज ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। वे सेवानिवृत्ति के उपरांत भी विश्वविद्यालय और संबंधित महाविद्यालय के शैक्षिक कार्य में कई तरह से योगदान देते हैं। डा.उर्मिला और डा.आशुतोष अपने गहन शैक्षिक अनुभव, गुणवत्तापूर्ण अध्यापन, विषयगत अनुसंधान, सौंपे गये उत्तरदायित्व के प्रति कार्यनिष्ठा और मिलनसार व्यक्तित्व से महाविद्यालय के शैक्षिक संस्कृति को सदैव गरिमापूर्ण बनाये रखा। डा.इन्द्रकांत झा ने कहा कि डा.अड़ोरा और डा.आशुतोष महाविद्यालय की स्थापना से अंगीभूतीकरण के संघर्षशील दौर से आज तक साथ रहे और आज इनके विदाई का क्षण मेरे लिए दुखद है। डा.कविता कुमारी ने कहा कि डा.आशुतोष ने शिक्षकोपस्थिति पंजी पर आज अपने अंतिम हस्ताक्षर के बाद आंखें बंद कर पंजी को जिस तरह से सीने से लगाया वह किसी प्राध्यापक द्वारा अपनी सेवा को सम्मानित करने का एक भावुक क्षण था। डा.आशुतोष कुमार झा ने कहा कि यह उनके लिए एक कोमल क्षण है।
अंग्रेजी विभाग के अपने सहकर्मियों से मिले सम्मान का आभार मैं शब्दों से व्यक्त नहीं कर सकता हूं। महाविद्यालय में पदस्थापित शिक्षक के रूप में भले आज मेरा अंतिम दिन है परन्तु महाविद्यालय और विद्यार्थियों से मेरा रिश्ता सदैव बना रहेगा। डॉ.उर्मिला अड़ोरा ने कहा कि राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय में बीते मेरे बयालीस साल मेरे जीवन का सबसे सुंदर पल है जिसे मैं सदैव सजो कर रखूंगी। इनके अतिरिक्त डा.अशोक कुमार झा, सुशील कुमार झा, डा.पूजा कुमारी, डा.शुभ्रा पाण्डेय, डा.नवीउल इस्लाम, डा.सुमन्त राव, डा.लक्ष्मी कुमार कर्ण, डा.संजय कुमार, डा.रमानंद रमण, डा.प्रतीभा कपाही, डा.पंकज यादव, डा. संजीव कुमार, डा.कृष्ण कुमार, सोनी कुमारी, आलोक कुमार झा इत्यादि ने भी अपने भावनात्मक संभाषण प्रस्तुत किये।

## नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्तिः जिलाधिकारी

**सहरसा (एनएसबी)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में डल द्वारा रविवार को शांति मिशन एकेडमी, सहरसा में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतष अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर में संचालित राष्ट्रव्यापी जन-अभियान का हिस्सा था। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपेष कुमार की जिला युवा अधिकारी तृप्ति जैन तथा वरीय उपसमाहर्ता राजू कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं। युवाओं से अपने परिवार, मित्रों एवं समाज में नशा मुक्ति का संदेश पहुँचाने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा इस जन-अभियान का सक्रिय भागीदार बने। जिलाधिकारी ने सहरसा को नशामुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है तथा सहरसा को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शांति मिशन एकेडमी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 200 से अधिक युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण की तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न कार्यक्रम स्थलों पर भी नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता करते हुए नशा मुक्ति की शपथ ली तथा नशामुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण तथा सहरसा को नशामुक्त जिला बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।



कार्यक्रम में जिलाधिकारी व अन्य

### भारती मंडन संयुक्त विद्यार्थी शाखा में गुरू दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार को नया बाजार स्थित भारती मंडन संयुक्त विद्यार्थी शाखा में गुरू दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक आदर्श कुमार के संचालन में सामूहिक गीत श्रवण कुमार,अमृत वचन, एकल गीत सुभाष चंद्र झा एवं बौद्धिक जिला सेवा प्रमुख डा मुरारी कुमार के द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म अरबों वर्ष प्राचीन है। यहां के ऋषि मुनि महात्मा साधु संत सबों ने वर्षो वर्ष तपस्या व साधना कर सृष्टि के गुढ रहस्य को उजागर किया। जीवन जीने की सुगम व सरल पद्धति को अपनाकर वेद,पुराण उपनिषद की वैज्ञानिक अनुसंधान किया। उन्होने कहा कि भगवा ध्वज भगवान का ध्वज रहा है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तत्व रुपी भगवा ध्वज को गुरू रुप मे स्थापित कर उनके सान्निध्य में सभी स्वयंसेवक गुरु दक्षिणा के रूप में सामर्थ्य अनुसार राशि समर्पित करते है। उन्होने कहा कि संघ का सांगठनिक खर्च इन्ही राशि से वर्ष भर की जाती है। संघ कभी भी अन्य संगठन या बाहरी लोगो से चंदा नही लेती है। आज के कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक आदर्श कुमार, प्रार्थना वाचक पीयूष कुमार, बौद्धिककर्ता डॉ मुरारी, जिला सेवा प्रमुख भारती मंडन शाखा के शाखा पालक हरिशेखर मिश्रा, नगर कार्यवाह श्रवण कुमार, संस्कार भारती से रवि कुमार, नवीन कुमार, सुशील कुमार, सुभाष चंद्र झा, मनोज चैधरी मनोज केसरी एवं अन्य सेवक उपस्थित थे।



## पहली सोमवारी पर बाबा मटेश्वर धाम में उमड़ेगा आस्था का सैलाब, सुरक्षा में रहेगी 'तीसरी आंख'

**स्टेशन चैक पर दिनभर लगा जाम, ट्रेनों में क्षमता से अधिक यात्री, रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल।**

**सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** श्रावण मास की पहली सोमवारी पर प्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम में सोमवार को जलार्पण के लिए आस्था का जनसैलाब उमड़ने की संभावना है। रविवार को सहरसा सहित कोसी और सीमांचल के विभिन्न जिलों से हजारों शिवभक्त बोलबम और श्हर-हर महादेव के जयघोष के बीच मुंगेर के छर्रापट्टी गंगा घाट के लिए रवाना हुए। गंगा स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगाजल भरकर बाबा मटेश्वर धाम की पैदल यात्रा शुरू कर दी। पूरे दिन क्षेत्र शिवमय बना रहा। सुबह से ही सहरसा-मानसी रेलखंड के सोनवर्षा कचहरी, सिमरीबख्तियारपुर, कोपड़िया और धमारा घाट रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सबसे अधिक भीड़ सिमरीबख्तियारपुर और कोपड़िया स्टेशन पर रही, जहां सुबह नौ बजे के बाद स्टेशन परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। केसरिया वस्त्रधारी कांवरियों के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मानसी की ओर जाने वाली लगभग सभी ट्रेनों में क्षमता से अधिक श्रद्धालु सवार हुए। कई डिब्बों में खड़े होने तक की जगह नहीं रही और अनेक कांवरियों को दरवाजे के पास सफर करना पड़ा। भीड़ के बावजूद श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भजन-कीर्तन और बोलबम के जयघोष करते हुए यात्रा करते रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद कई स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था अपेक्षित नहीं दिखी। रेल पुलिस की मौजूदगी सीमित रही, जिससे प्लेटफॉर्म और प्रवेश द्वारों पर अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। सहरसा-समस्तीपुर सवारी गाड़ी के आगमन के दौरान कुछ श्रद्धालु फुटओवर ब्रिज के बजाय रेल ट्रैक पार करते भी नजर आए, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त रेल पुलिस और बेहतर भीड़ नियंत्रण की मांग की। रविवार को स्टेशन चैक पर टेंपो, ई-रिक्शा, निजी वाहनों और डाकबमों की भीड़ के कारण बार-बार जाम की स्थिति बनी रही। पर्याप्त यातायात प्रबंधन नहीं होने से आम यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पहली सोमवारी को लेकर स्थानीय बाजारों में पूजन सामग्री और यात्रा उपयोगी सामानों की खरीदारी तेज रही। टॉर्च, टी-शर्ट, गमछा, पूजा की थाली, झोला, पानी की बोतल, अगरबत्ती और रुद्राक्ष माला की मांग सबसे अधिक रही। दुकानदारों ने बताया कि रविवार सुबह से ही बिक्री कई गुना बढ़ गई। दुल्हन की तरह सजा बाबा मटेश्वर धाम पहली सोमवारी के अवसर पर बाबा मटेश्वर धाम मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों, फूलों और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से सजाया गया है। मंदिर परिसर की भव्य सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। चप्पे-चप्पे पर रहेगी सुरक्षा, सीसीटीवी से होगी निगरानी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन और बाबा मटेश्वर धाम न्यास समिति ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश द्वार, जलार्पण मार्ग और संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बैरिकेडिंग, पेयजल, चिकित्सा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए अलग-अलग टीमों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संभावित भीड़ को देखते हुए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्ग का उपयोग करने, प्रशासनिक निदेर्शों का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।



ट्रेन में छमता से अधिक बोलबम

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट में चार घायल

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में महिला समेत कुल चार लोग घायल हो गए। परिजनों द्वारा सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया, जहां डक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया। मालूम हो कि बेलदौर थाना क्षेत्र के सकरोहर पंचायत के तिलाठी गांव में मामूली विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विकास साह की पत्नी अनीता देवी के साथ उनके पड़ोसी आशीष कुमार ने किसी बात को लेकर विवाद के बाद मारपीट की, जिसमें अनीता देवी घायल हो गईं। वही दूसरी घटना कुर्बन पंचायत के सठमा गांव की है, जहां भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई। रंजीत शर्मा की 25 वर्षीया पत्नी नूतन देवी का आरोप है कि गांव के ही ष्ण मोहन शर्मा और नीतीश कुमार ने उनका रास्ता बंद कर दिया था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो दोनों ने उनके साथ जमकर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। तीसरी घटना पिरनगरा गांव की है जहां सूखे नशे के आदी एक युवक ने भारी उपद्रव मचाया। युवक ने 55 वर्षीय योगेंद्र पंडित के घर में आग लगा दी और विरोध करने पर उनके साथ-साथ उनकी पुत्रवधू अशोक पंडित की 30 वर्षीया पत्नी पिंकी देवी के साथ भी जमकर मारपीट की। इस हमले में ससुर और बहु दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सभी मामलों में घायलों का उपचार कराने के बाद पीड़ितों ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### 2018 से फरार सगे भाईयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वर्ष 2018 से फरार चल रहे दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बेलदौर थाना क्षेत्र के पिरनगरा गांव निवासी स्वर्गीय जमुना यादव के दोनों पुत्र इंदल यादव और बानो यादव गांव में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को धर दबोचा। बताया जाता है कि वर्ष 2018 में न्यायालय में दर्ज एक परिवाद के मामले में दोनों भाई नामजद आरोपी थे और तभी से लगातार फरार चल रहे थे। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वर्ष 2018 से फरार चल रहे दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनो को न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

### अगुवानी गंगा घाट से जल लेकर मंदिर के लिये रवाना हुये शिवभक्त

**बेलदौर।** सावन की पहली सोमवारी को लेकर षिवभक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वही बेलदौर स्थित प्रसिद्ध बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर में शिवभक्तों और डाक कांवरियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अगुवानी स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र जल लेकर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिये रवाना हो गये। इस दौरान अगुवानी-बेलदौर कांवरिया पथ से लेकर मंदिर परिसर तक हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आस्था और भक्ति के सागर में डूबे डाक कांवरिया नंगे पांव लंबी दूरी तय कर मंदिर पहुंचने को लेकर रवाना हो गये। इसके साथ ही अगवानी घाट से जल लेकर दोपहिया व अन्य वाहनों से पहुंचे शिवभक्तों ने भी कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की। शिवभक्तों ने बताया कि डाक कांवरियों का जत्था रविवार शाम करीब 7 बजे अगवानी घाट से जल भरकर बेलदौर के लिए रवाना होना शुरू हो जाता है। रात 10 बजे तक पूरा कांवरिया पथ डाक बमों और सेवा दलों से पट जाता है।पहली सोमवारी पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने और कांवरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कांवरिया पथ से लेकर मंदिर परिसर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की पैनी नजर बनी रही।

# नहाय खाय के साथ मिथिला संस्कृति का महान पर्व मधुश्रावणी पूजा प्रारंभ


हाथों में मेहंदी रचती नवविवाहिता।

**खगड़िया/परबत्ता (एनएसबी)।** सावन महीने के ष्ण पक्ष पंचमी से आरंभ एवं शुक्ल पक्ष तृतीया को सम्पन्न होने वाली मिथिला संस्ति व भक्ति का लोक पर्व मधुश्रावणी पूजा रविवार को नहाय खाय के साथ प्रारंभ हूआ। नव विवाहित महिलाएं के द्वारा किये जाने वाले इस पूजा का विशेष महत्व है। रविवार को नव विवाहित महिलायें पवित्र गंगा न कर पूजा पाठ करने के पश्चात अरवा भोजन ग्रहण किया। एवं अपने हाथो में मेंहदी रची। इस बार 13 दिनो की पूजा होगी। 3 अगस्त से प्रारंभ होकर 15 अगस्त तक चलेगी। बताते चले कि पौष्टिक भोजन, सुंदर कपड़े, गहने, फूल लोढ़ने के क्रम में सखियों का झुंड मिले, सावन का फुहार पड़ता रहे, बादल घुमड़ता रहे, ऐसे में प्रियतम का याद आना स्वाभाविक हो जाता है। नवविवाहिताओं को इस पर्व व अपने प्रियतम का बेसब्री से इंतजार रहता है। साधारणतः नवविवाहित वर इस अवसर पर ससुराल जाते भी है।

रोजी-रोटी के लिए कहीं दूर देश भी रहते हैं तो उनकी कोशिश होती है कि वे इस पर्व में ससुराल अवश्य जायें व सावन का आनंद लें। ऐसी मान्यता है कि माता पार्वती सबसे प्रथम मधुश्रावणी वत रखी थी व जन्म-जन्मांतर तक भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त करती रही़यह बात हर नवविवाहिताओं के दिलो-दिमाग रहता है। यही कारण है कि इस पर्व को पूरे मनोयोग से मनाती है। इस पर्व के दौरान माता पार्वती व भगवान शिव से संबंधित मधुश्रावणी की कथा सुनने का प्रावधान है। खास कर समाज की वृद्धाओं द्वारा कथा सुनाया जाता है साथ हीं बासी फूल, ससुराल से आये पूजन सामग्री, दूध-लावा व अन्य सामग्री के साथ नगा देवता व विषहर की भी पूजा की जाती है. कहा जाता है कि इस प्रकार की पूजा-अर्चना से पति दीर्घायु होते हैं। शादी के प्रथम वर्ष के इस त्योहार का अपने-आप में विशेष महत्व है। जिसकी अनुभूति को नवविवाहिता ही कर सकते हैं। नवविवाहित मोनी , साक्षी , अस्मिता, पूजा, योगिता झा, रीचा, काजल, ने बताया कि यह पूजा एक तपस्या के समान है।इस पूजा में लगातार तेरह दिनों तक नव विवाहित महिलायें प्रतिदिन एक बार अरवा भोजन करती हैं।इसके साथ ही नाग-नागिन,हाथी,गौरी,शिव आदि की प्रतिमा बनाकर प्रतिदिन कई प्रकार के फूलों, मिठाईयों एवं फलों से पूजन किया जाता है।सुवह-शाम नाग देवता को दूध लावा का भोग लगाया जाता है। मधुश्रावणी पूजन का जीवन में काफी महत्व माना जाता है।

पंडित अजयकांत ठाकुर, मनोज कुंवर ने बताया कि महिलाओं के द्वारा किया जानेवाला यह पति को दीर्घायु तथा सुख शांति के लिये की जाती है।पूजन के दौरान मैना पंचमी, मंगला गौरी,पृथ्वी जन्म,पतिवता, महादेव कथा,गौरी तपस्या,शिव विवाह, गंगा कथा,बिहुला कथा तथा बाल वसंत कथा सहित 14 खंडों में कथा का श्रवण किया जाता है।गांव समाज की बुजुर्ग महिला कथा वाचिकाओं के द्वारा नव विवाहिताओं को समूह में बिठाकर कथा सुनायी जाती है।पूजन के सातवें, आठवें तथा नौवें दिन प्रसाद के रुप में घर जोड़,खीर एवं गुलगुला का भोग लगाया जाता है।प्रतिदिन संध्याकाल में महिलायें आरती,सुहाग गीत तथा कोहवर गाकर भोले शंकर को प्रसन्न करने का प्रयत्न करती हैं। इस पूजन में मायका तथा ससुराल दोनों पक्षों का सहयोग आवश्यक होता है। पूजन करने वाली नव विवाहिताएँ ससुराल पक्ष से प्राप्त नये वस्त्र धारण करती हैं।जबकि प्रत्येक दिन पूजा समाप्ति के बाद भाई के द्वारा पूजा करने के लिये मधुश्रावणी का हर सामान ससुराल से ही आता है।

परंपरा रही है कि नव विवाहिता के मायके के सभी सदस्यों के लिये कपड़ा, वती के लिये जेबरात, विभिन्न प्रकार के कपड़ा, भोज के लिये सामान भी ससुराल से ही आता है। वहीं चना को अंकुरित कर इसे भेजे जाने का भी रिवाज है। ससुराल से नाग नागिन, हाथी सहित विषहारा के सभी बहनों को मिट्टी से बना कर उसे रंग रोगन कर, मैना पत्ता व अन्य पूजा सामग्री के साथ भेजा जाता है। पूरे पूजा के दौरान आस्था व श्रद्धा के साथ विषहारा की पूजा अर्चना की जाती है व गीत गाये जाते हैं। हर दिन पांच बीनी कथा भी ब्रतियों को सुनायी जाती है। कहा जाता है कि जो महिला ये पांचो बीनी नियमित रूप से पढती हैं उसे हर प्रकार के सुख प्राप्त होते है। परिवार में कभी भी सर्पदोष की शिकायतें नहीं होती। मधुश्रावणी पूजन मे नवविवाहिता मैना पात पर नाग नागिन की बनी आति पर दूध लावा चढाकर अपने सुहाग के साथ - साथ सपरिवार के लिए मंगलकामना करती है कहा जाता है कि माता पार्वती ने अपने कठिन वत के फलस्वरूप इसी सावन मास मे शंकर जी को वर के रूप में प्राप्त की थी़ मौना पंचमी के मौके पर नाग देवता की पूजा के बाद शाम में धान का लावा और मिट्टी को मिलाकर तथा इसे अभिमंत्रित कर घर आंगन दरवाजा के विभिन्न भागों में छीटा जाता है। मधुश्रावणी में मिट्टी और गोबर से बने नाग की पूजा की जाती है। नवविवाहिता पर सिंदूर और चंदन से तथा दूसरे पत्ता पर सिंदूर व पीठार से बने नाग देवता की आति का पूजन करती है।इस पूजन में नवविवाहिता के भाई का बहुत ही बड़ा योगदान रहता है।

प्रत्येक दिन पूजा समाप्ति के बाद भाई अपनी बहन को हाथ पकड़ कर उठाती हैं। नवविवाहिता अपने भाई को इस कार्य के लिए दुध ,फल आदि प्रदान करती है। मिथिलांचल का इकलौता ऐसा लोकपर्व है, जिसमें पुरोहित की भूमिका में महिला ही होती हैं इसमें वतियों को महिला पंडित न सिर्फ पूजा करवाती है बल्कि कथावाचन भी करती हैं। वतियां पंडितजी को पूजा के लिए न सिर्फ समझौता करती हैं, बल्कि इसके लिए उन्हें दक्षिणा , वस्त्र भी देती हैं यह नवविवाहिता के ससुराल से आती है पंडित जी को वस्त्र व दक्षिणा देकर वती विधि-विधान व परंपरा के अनुसार वत करती है कहा जाता है कि इस पर्व में जो पत्नी पति के साथ गौड़ी-विषहरा की आराधना करती है, उसका सुहाग दीर्घा एवंयु होता ओर हैवत के दौरान कथा के माध्यम से उन्हें सफल दांपत्य जीवन की शिक्षा भी दी जाती है। सदियों से चली आ रही मिथिला संस्ति का महान पर्व आज भी बरकरार है। ओर नवविवाहिता श्रद्धा भक्ति के साथ मनाती हैं। महिलाएं समूह बनाकर मैथिली गीत गाकर भोले शंकर को खुश करती हैं। ओर आने वाले पीढ़ी को आगाज करती हैं कि इस परंपरा को बरकरार रखना।इस पर्व में मिथिला संस्ति की झलक ही नहीं बल्कि भारतीय संस्ति की भी झलक देखने को मिलती हैं।

## सरकारी अमीन की मापी के बाद भड़का विवाद, मारपीट

**परबत्ता।** थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव में जमीन मापी को लेकर पुराना विवाद एक बार फिर हिंसक झड़प में बदल गया। माधवपुर गांव निवासी भवेश कुमार सिंह ने परबत्ता थाना में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि रविवार सुबह करीब 9 बजे गांव के ही पांच लोग हरवे-हथियार से लैस होकर उनके घर पहुंचे और सरकारी अमीन द्वारा गाड़े गए पिलर को उखाड़ने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आवेदन के अनुसार, शोर सुनकर जब घर की महिलाएं बाहर निकलीं तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि उनकी पत्नी के गले से दो भर का सोने का मंगलसूत्र छीन लिया गया। इसी दौरान एक आरोपित ने उनकी पुत्री जिज्ञासा कुमारी के सिर पर ईंट के टुकड़े से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। घायल युवती को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परबत्ता ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल खगड़िया रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि आरोपितों ने घर में घुसकर उनके भाई के कमरे से करीब 90 हजार रुपये नकद निकाल लिए तथा परिवार के सभी सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। आवेदन में कहा गया है कि घटना का वीडियो उनके पास सुरक्षित है, जिसे जांच के दौरान पुलिस को उपलब्ध कराया जाएगा। पीड़ित के अनुसार, पूरे विवाद की जड़ 29 जुलाई 2026 को सरकारी अमीन द्वारा कराई गई जमीन की मापी और पिलर गाड़ने की कार्रवाई है। उनका आरोप है कि उसी विवाद को लेकर यह हमला किया गया। पीड़ित ने परबत्ता थाना से मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी नामजद आरोपितों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

## नागपंचमी पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह

**खगड़िया।** जिले के मानसी बाजार में नागपंचमी पर्व की तैयारी जोड़ो से शुरू हो गया हैं। ज्ञात हो कि मानसी में आयोजित नागपंचमी महोत्सव प्रमुख त्योहारों में से एक है, जो बड़े ही धूमधाम से हर वर्ष सावन माह के पंचमी को मनाया जाता है। इस बार नागपंचमी महोत्सव का आयोजन 03 अगस्त से शुरू होगी। नागपंचमी में श्रद्धालुओं के द्वारा मां भगवती मंदिर में दूध, लावा, कटहल एवं आम नीम के डाल सहित अन्य सामग्री का चढ़ावा चढ़ाया जाता है। कमिटी के अध्यक्ष अमर कौशिक ने बताया कि इस वर्ष नागपंचमी के अवसर पर मानसी में नागपंचमी महोत्सव का आयोजन 03 अगस्त से 10 अगस्त तक किया जाएगा। 03 अगस्त को कलश यात्रा, पूजा एवं संध्या में प्रवाचक मनीषानंद महाराज के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ एवं भव्य प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वही 04 अगस्त से 09 अगस्त तक संध्या में श्रीमद् भागवत कथा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा, वहीं मेला का समापन कलश विसर्जन एवं भंडारा के उपरांत 10 अगस्त को किया जाएगा। कमिटी के सचिव सह वार्ड पार्षद रवि कुमार ने बताया कि इस वर्ष मेला को और आकर्षक बनाने के लिए ड्रैगन, ब्रेक डांस, टवर झूला बच्चों के लिए मिक्की माउस एवं अन्य झूला लगाया जा रहा हैं, वहीं महिलाओं के लिए मीना बाजार लगाया जा रहा हैं।

## जिला समन्वय समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

**खगड़िया।** जिले में डेंगू की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में सदर अस्पताल स्थित जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान डेंगू की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार एवं व्यापक जनजागरूकता को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीण चिकित्सकों एवं निजी चिकित्सकों के साथ बैठक कर डेंगू नियंत्रण की रणनीति साझा करें। साथ ही, रैपिड डायगोस्टिक टेस्ट में पजिटिव पाए गए मरीजों का कन्फर्मेटरी टेस्ट अनिवार्य रूप से सदर अस्पताल में कराया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डेंगू की पुष्टि होने पर मरीज के परिवार के सभी सदस्यों की जांच कराई जाएगी तथा प्रभावित क्षेत्र में तत्काल फगिंग एवं लार्विसाइड का छिड़काव सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों को एंटी-लार्वा केमिकल की खरीद सुनिश्चित करने तथा नगर परिषद, खगड़िया को पर्याप्त मात्रा में टेक्निकल मलेथियान एवं लार्विसाइड का नियमित छिड़काव कराने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग को प्रत्येक बुधवार विद्यालयों में डेंगू जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित करने तथा प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान डेंगू से बचाव संबंधी जानकारी देने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्तजीविका समूहों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। जनजागरूकता को और प्रभावी बनाने के लिए फेसबुक लाइव, सोशल मीडिया, नगर परिषद के कचरा वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर तथा एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिले के निजी लैब तकनीशियनों के लिए आरडीटी किट एवं एलिसा टेस्ट प्रोटोकल पर विशेष बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी विभागों तथा आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित कार्ययोजना का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील किया है कि अपने घर एवं आसपास जलजमाव न होने दें, साफ-सफाई बनाए रखें तथा डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच एवं उपचार कराएं।

# केन्द्र एवं बिहार सरकार के द्वारा पेंशन योजना समाप्त करना अनुचित : विजय

**खगड़िया।** बिहार पेंशनर एसोसिएशन जिला कमिटी की बैठक सीपीआईएम जिला कार्यालय के सभागार में मुरलीधर गुप्ता की अध्यक्षता में एवं बिहार राज्य संयुक्त सचिव विजय कुमार सिंह की मौजूी में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन विस्तार हेतु पूरे जिले का भ्रमण कर अवकाश प्राप्त कर्मचारियों और शिक्षकों से मिल कर उन्हें इस संगठन से जोड़ने का अभियान चलाया जायेगा।



-बैठक में विजय सिंह व अन्य।

केन्द्र एवं बिहार सरकार के द्वारा पेंशन योजना समाप्त करने की निंदा की गई, साथ ही पुरानी पेंशन चालू किया जाय। बैठक में कहा गया कि जीवन भर कर्मचारी अपना कठिन मेहनत सरकार के माध्यम से देश को देता है,जिसके बदले में सरकार परिश्रमिक भी देती है,लेकिन जब वह बुढ़ापे में पहुंचता है,तो सरकार उसे अपने भरोसे छोड़ देती है। विजय सिंह ने कहा गया कि जब हमारे जवानी के समय का इस्तेमाल सरकार ने किया तो बुढ़ापे के सहारे को छीनने का हक गलत है। बुढ़ापे के समय जब हमें मेडिकल की जरूरत आ पड़ी है,तब मेडिकल मद में महज 1000 रुपए देना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है।बैंठक में सीनियर सिटीजन को पूर्व से मिल रहे रेलवे कंसेशन टिकट को पुनः चालू करने की मांग की। उन्होने सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1100 रुपए प्रति माह को हास्यास्पद करार देते हुए,उसे वृद्धि करने और ससमय भुगतान करने का मांग किया। पेंशन रूपांतरण में कटने वाली राशि का समय 15 वर्ष के बजाय 11 वर्ष कराने को लेकर संघर्ष की योजना बनाई गई। वही बिहार पेंशनर एसोसिएशन जिला कमिटी खगड़िया की अगली 06 सितंबर को सीपीआईएम कार्यालय में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव अवकाश प्राप्त शिक्षक रणजीत साहु,संजय गुप्ता, हलधर प्रसाद यादव, महेंद्र शर्मा, देवनन्दन प्रसाद सिंह ,राम विलास पासवान, उपेन्द्र प्रसाद सिंह, पृथ्वी प्रसाद सिंह राम सागर प्रसाद यादव,दामोदर प्रसाद वर्मा, विष्णुदेव प्रसाद सिंह,लालेश्वर प्रसाद हिमांशु, मो अव्वास, विनोद कुमार राम, बहादुर साह आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान प्रोजेक्ट परीक्षा का आयोजन

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान प्रोजेक्ट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। प्रथम त्रैमासिक परीक्षा के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक संगीता कुमार बंटी ने बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक ष्टिकोण और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह परीक्षा आयोजित की गई थी। उन्होंने घोषणा की कि परीक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को विद्यालय के द्वारा विशेष रूप से सम्मानित व पुरस्त किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में मिंटू कुमार, श्रवण कुमार, अभिषेक कुमार, आकाश कुमार, संतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बबली कुमारी, सिंपी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सिमरन कुमारी, कल्पना कुमारी एवं स्वाति कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहकर बच्चों का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करते दिखे।


-प्रोजेक्ट दिखाते छात्र।

### विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं : जिलाधिकारी

**खगड़िया।** एक सशक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसके जागरूक, स्वस्थ और ऊर्जावान युवा होते हैं। इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा डल ठींतंज के तत्वावधान में 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत-संकल्प अभियान' का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। कोशी कलेज, खगड़िया में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक देखा। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली तथा समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त रखने का संकल्प दोहराया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी श्री विक्रम विरकर ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। डीएम ने कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनआंदोलन है। आइए, हम सभी संकल्प लें- नशे से दूरी बनाएँ, स्वस्थ जीवन अपनाएँ और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएँ।


डीएम व अन्य।


छात्रगण।

### बलुआही ठाकुरबाड़ी में कुश्ती प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**खगड़िया।** नगर परिशद क्षेत्र के बलुआही ठाकुरबाड़ी में कुश्ती कमिटी की बैठक अंगद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में राजद जिलाध्यक्ष सह बलुआही ठाकुरबाड़ी के सदस्य मनोहर कुमार यादव ने बताया कि बलुआही ठाकुरबाड़ी में सावन माह के अंतिम पांच दिनों तक प्रत्येक साल झूलन महोत्सव का आयोजन धूमधाम से मनाया जाता है। पिछले वर्ष से झूलन महोत्सव के अवसर पर बलुआही ठाकुरबाड़ी में कुश्ती का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष झूलन महोत्सव के अवसर पर 24,25,26 और 27 अगस्त को अन्तर्राज्यीय कुश्ती का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली एवं अन्य राज्य सहित बिहार के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के पहलवान कुश्ती में भाग लेंगे। बैठक के बाद प्रतियोगिता का सभी सदस्यों ने तैयारी का जायजा लिया। धर्मशाला की पीछे बगीचा में स्थाई अखाड़ा का निर्माण कर मिट्टी दाल दिया गया है। अखाड़ा निर्माण में जो भी कमी है उसको खगड़िया के पहलवान को बुलवाकर जो जानकर हैं उनसे अखाड़ा का निर्माण जल्द पूर्ण कर लिया जायेगा। अखाड़ा के चारों तरफ मिट्टी डलवा कर जेसीबी से समतल करवाया जा रहा है साथ ही साथ अखाड़ा तक जाने वाले रास्ता को भी ठीक किया जा रहा है। बाहर से आने वाले सभी महिला एवं पुरूष पहलवान को आने का निमंत्रण भेज दिया गया है साथ ही साथ बिहार एवं खगड़िया के पहलवान को भी बलुआही ठाकुरबाड़ी में कुश्ती प्रतियोगिता के लिए निमंत्रण भेज दिया गया है। कुश्ती कमिटी के अध्यक्ष अंगद यादव ने बताया कि कुश्ती में बहुत ज्यादा खर्च हो रहा है इसलिए सभी सदस्यों को समय निकालकर चंदा करना पड़ेगा क्योंकि दूसरे प्रदेश से महिला एवं पुरूष पहलवान आ रहे हैं। बैठक में पूर्व वार्ड पार्षद सह कुश्ती कमिटी के सदस्य रणवीर कुमार, संटू सिन्हा, प्रमोद साह,नवीन यादव,अजीत कुमार उर्फ घूरन,प्रमोद यादव,शकलदीप यादव, मोनसीम उर्फ लंबू,छेदी यादव, बलुआही ठाकुरबाड़ी के सचिव वेदो यादव,सदस्य ई नंदन यादव आदि मौजूद थे।


-मनोहर यादव व अन्य।

### असिस्टेंट प्रोफेसर बनीं खगड़िया की बेटी डा. राज रानी

**परबत्ता।** प्रखंड के बैसा पंचायत निवासी कैलाश पति चौरसिया की कनिष्ठ पुत्री ड़ राज रानी ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में चयनित होकर अपने परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। ड़ राज रानी की सफलता की कहानी खास इसलिए है, क्योंकि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय से ातक एवं पराातक की पढ़ाई पूरी की। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए उन्होंने भारत की लोकसभा में इंटर्नशिप भी की। इसके बाद उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। अपनी सफलता पर ड़ राज रानी कहती हैं कि वह एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से आती हैं। सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने कभी अपने सपनों को छोटा नहीं होने दिया। परिवार, गुरुजनों और शुभचिंतकों का विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा। उन्होंने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन उनके लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि ग्रामीण बेटियों के लिए एक संदेश है। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत ईमानदार हो और आत्मविश्वास कायम रहे, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।ड़ राज रानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और शुभचिंतकों को देते हुए सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उनकी उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि गांव की मिट्टी से निकली प्रतिभा भी ढ़ संकल्प, मेहनत और लगन के दम पर उच्च मुकाम हासिल कर सकती है।


डा. राज रानी।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद की सफाई व्यवस्था ठप, सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद बाढ़ के सफाई कर्मी अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर रविवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल शुरू होते ही नगर परिषद क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ने लगा है। यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला तो शहर में कचरे का उठाव ठप होने, नालियों की सफाई बाधित होने तथा स्वच्छता व्यवस्था चरमराने की आशंका गहरा गई है।सफाई कर्मियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संबंधित अधिकारियों का ध्यान आष्ट कराते रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का कोई संतोषजनक समाधान नहीं किया गया। बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद मांगें पूरी नहीं होने से कर्मियों में नाराजगी व्याप्त है। इसी के विरोध में उन्होंने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है।हड़ताल के कारण नगर परिषद के दैनिक सफाई कार्य, कचरा संग्रहण, सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई तथा नालों की नियमित सफाई प्रभावित होने लगी है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में यदि हड़ताल लंबी चली तो गीं का अंबार लगने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अविलंब पहल कर सफाई कर्मियों और नगर परिषद प्रशासन के बीच वार्ता कर समाधान निकालने की मांग की है। लोगों का कहना है कि स्वच्छता व्यवस्था किसी भी शहर की मूलभूत आवश्यकता है और इसका प्रभावित होना सीधे आमजन के स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन पर असर डालता है।उधर, नगर परिषद प्रशासन की ओर से हड़ताल समाप्त कराने के लिए आवश्यक पहल किए जाने की चर्चा है। उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के बाद कोई सर्वसम्मत समाधान निकल सकेगा, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पुनः सामान्य हो सके।फिलहाल, नगर परिषद बाढ़ में सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शहरवासियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। अब सबकी निगाहें प्रशासन और हड़ताली कर्मियों के बीच होने वाली वार्ता पर टिकी है।

### 241 लीटर विदेशी शराब एवं बीयर के साथ गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।**मद्य निषेध विभाग, बाढ़ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर परिषद बाढ़ के वार्ड संख्या-27 निवासी बुंदेला यादव के पुत्र दिलीप कुमार को 241 लीटर विदेशी शराब एवं बीयर के साथ गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मद्य निषेध विभाग ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की व्यापक समीक्षा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस के सफल, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की व्यापक समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देने के उद्देश्य से 5 अगस्त को अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी।यह बैठक अनुमंडल सभाकक्ष में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, नगर परिषद, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत, अगिशमन, परिवहन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।बैठक में मुख्य समारोह स्थल की तैयारियों, ध्वजारोहण कार्यक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, सांस्तिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। साथ ही सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएंगे।अनुमंडल प्रशासन का उद्देश्य है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं गरिमा के अनुरूप शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य वातावरण में संपन्न हो। बैठक में तैयारियों से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर अंतिम कार्ययोजना तय की जाएगी, ताकि राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रह जाए।

# हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन पर ईरिमी महानिदेशक ने किया मंथन, डिजिटल संसाधनों से जोड़ने पर जोर

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान ईरिमी जमालपुर में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने की। इस दौरान संस्थान में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षुओं के लिए नियमित रूप से हिंदी कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिससे उनकी राजभाषा संबंधी दक्षता लगातार बढ़ रही है। संस्थान के पुस्तकालय में उपलब्ध हिंदी संसाधनों की भी समीक्षा की गई।जानकारी दी गई कि ई-कार्यालय के सभी कार्य शत-प्रतिशत हिंदी में किए जा रहे हैं तथा प्रशिक्षण सामग्री भी हिंदी में तैयार की जा रही है। प्रशिक्षुओं,संकाय सदस्यों एवं


बैठक में महानिदेशक का स्वागत करते डीन।

कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय में हिंदी और अंग्रेजी की उपयोगी पुस्तकों का समुचित संग्रह उपलब्ध कराया गया है।
महानिदेशक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने संस्थान के पुस्तकालय को विश्वस्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी और ई-ज्ञान संसाधनों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे प्रशिक्षण, अध्ययन और शोध कार्यों को नई गति मिलेगी। साथ ही त्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित तकनीकों से संबंधित विषय-वस्तु हिंदी में विकसित करने तथा आवश्यकता अनुसार हिंदी और अंग्रेजी के संतुलित उपयोग पर भी जोर दिया।बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि नियमित हिंदी प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों और आधुनिक अध्ययन संसाधनों के विस्तार के माध्यम से संस्थान में राजभाषा हिंदी का प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक सुढ़ बनाया जाएगा। बैठक में संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं आचार्य परियोजना मो़ अब्दुल खान, पीएमयूडीजी प्रेमनजीत कुमार, आचार्य सुमरन तिवारी, सिद्धार्थ शंकर, शशिशेखर, सहायक आचार्य मुनील कुमार, व्याख्याता मुकुंद बिहारी, आशीष विनय बावला, जीक़े वर्मा, गजेंद्र झा, मुख्य अनुदेशक मनोज कुमार सिंह, प्रत्यूष आनंद, मनोज कुमार, एमक़े सुमन, कनिष्ठ अनुवादक विकास कुमार, छात्रावास अधीक्षक सहित संस्थान के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## 61 हजार वोटों के सम्मान में 61 हजार पौधे लगाने का संकल्प

### जमालपुर में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी का हरित अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से इंडियन इंक्लूसिव पार्टी ने रविवार को जमालपुर के काली पहाड़ी की तराई एवं वाटर फिल्टर परिसर में भव्य वृक्षारोपण अभियान चलाया। पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं वर्ष 2025 के जमालपुर विधानसभा (166) के महागठबंधन प्रत्याशी नरेंद्र कुमार तांती के नेतृत्व में 501 फलदार, छायादार और सागवान के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर पौधारोपण किया।नरेंद्र कुमार तांती ने विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा


पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते नरेंद्र तांती।

दिए गए 61 हजार मतों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनता के प्रत्येक वोट के सम्मान में एक पौधा लगाया जाएगा। इसी संकल्प के तहत आगामी दिनों में 61 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने इसे जनसमर्थन के प्रति सम्मान और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण, अनियमित वर्षा, भीषण गर्मी और जल संकट जैसी चुनौतियों से पूरी दुनिया जूझ रही है। ऐसे समय में वृक्षारोपण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानव जीवन और प्रति को बचाने का प्रभावी अभियान है। एक पेड़ न केवल शुद्ध अक्सीजन देता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित करता है।नरेंद्र कुमार तांती ने सभी राजनीतिक दलों एवं चुनावी प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि वे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि वास्तविक विकास वही है, जिसमें प्रति और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो।उन्होंने कहा कि इंडियन इंक्लूसिव पार्टी समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे बुनियादी मुद्दों पर लगातार कार्य कर रही है। पार्टी का लक्ष्य केवल राजनीतिक सफलता हासिल करना नहीं, बल्कि जनहित और प्रति के बीच संतुलन स्थापित कर समाज के लिए सकारात्मक बदलाव लाना है।कार्यक्रम में प्रधान महासचिव अजय कुमार यादव, नगर अध्यक्ष कमलेश्वरी तांती, कुंदन तांती, बिट्टू, तारनी तांती, उमेश, परशुराम, बृजमोहन तांती, विजय गुप्ता, बबलू सर, राजन यादव, जनार्दन तांती, शंकर तांती, अमित रंजन, मणि प्रसाद, देवनारायण पटवा, ड़ अजब लाल, राजन प्रसाद यादव,संतोष, प्रभाकर, सूरज, सागर, निहारिका,आशी सिंघानिया, वीरेंद्र सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया, ताकि प्रत्येक पौधा भविष्य में एक सशक्त वृक्ष बन सके।

## राष्ट्रीय खेल क्लस्टर मीट में इटवा नगर बना ओवरऑल चैंपियन

**जमालपुर (मुंगेर)।** डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर मीट2026 बिहार जोन सीडीजीआई एवं के का रविवार को एथलेटिक्स ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं तथा भव्य समापन समारोह के साथ सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न डीएवी विद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार खेल कौशल अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया।प्रतियोगिता के दूसरे दिन 200 मीटर दौड़ और 4ञ्400 मीटर रिले सहित कई रोमांचक मुकाबले आयोजित हुए। अंडर-14 बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में बीआर-045 मुंगेर के मो़ एहतेशाम आलम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर-14 बालिका वर्ग में बीआर-005 इटवा नगर की अदिति हेम्ब्रम विजेता रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में एनएच-28 के मोहित राज तथा अंडर-17 बालिका वर्ग में आराध्या कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-19 बालक वर्ग में इटवा नगर के आदर्श कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।4ञ्400 मीटर रिले स्पर्धाओं में भी बीआर-005 इटवा नगर का दबदबा कायम रहा। अंडर-14 बालक, अंडर-17 बालक, अंडर-17 बालिका और अंडर-19 बालक वर्ग में इटवा नगर की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। दो दिवसीय प्रतियोगिता के अंत में घोषित एथलेटिक्स ओवरअल चौम्पियनशिप में डीएवी पब्लिक स्कूल, इटवा नगर बेगूसराय ने 254 अंक प्राप्त कर ओवरअल चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल, एनएच-28 बरौनी 215 अंकों के साथ उपविजेता रहा।समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक, ट्रफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लक्ष्मी रथ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए भी किया गया।


प्रतियोगिता में चौंपियन बना इटवा नगर।

### यात्रियों के सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**जमालपुर(मुंगेर) -** जमालपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों के बीच एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा ने किया। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित रेल यात्रा,रेलवे नियमों के पालन,स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।आरपीएफ अधिकारियों ने यात्रियों से रेलवे लाइन पार न करने की अपील की। उन्होंने जोर दिया कि प्लेटफर्म बदलने के लिए केवल फुट ओवरब्रिज या निर्धारित मार्गो का ही उपयोग करें।क्योंकि रेलवे लाइन पार करना जानलेवा हो सकता है। इसके अतिरिक्तयात्रियों को बिना टिकट यात्रा न करने,रेलवे संपत्ति को नुकसान न पहुँचाने और स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।अभियान के दौरान यात्रियों को रेलवे हेल्पलाइन 139 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई।अधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान किसी संदिग्ध व्यक्ति,अपराध की आशंका या किसी घटना दुर्घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत हेल्पलाइन 139 पर सूचित करें। समय पर दी गई सूचना से अपराधों की रोकथाम और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।आरपीएफ टीम ने यात्रियों से स्टेशन परिसर में कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में डालने,स्वच्छता बनाए रखने और यात्रा के दौरान सतर्क रहने का आग्रह किया। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षित, स्वच्छ और अनुशासित रेलवे परिसर के निर्माण में यात्रियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।इस जागरूकता अभियान में एएसआई वाईपाठक, हेड कांस्टेबल एस़ आचारिया, हेड कांस्टेबल अमर शेखर, लेडी कांस्टेबल प्रतिमा पटेल और हेड कांस्टेबल दिवाकर कुमार भी शामिल थे। यात्रियों ने आरपीएफ की इस पहल की सराहना की और सुरक्षा संबंधी सभी निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।


जागरूकता अभियान में शामिल लोग।

# काली पहाड़ी की तराई में पीएसएस अस्पताल में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 200 से अधिक लोगों की हुई जांच

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** काली पहाड़ी के तराई स्थित पीएसएस अस्पताल बड़ी आशिकपुर जमालपुर की ओर से रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें नियमित जांच के प्रति जागरूक करना था।शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक ड़ संजय कुमार और पंकज पटेल ने मरीजों का परीक्षण किया। वजन, शुगर, बीपी, पल्स रेट, बडी टेम्परेचर और फीवर की निशुल्क जांच की गई। जांच के दौरान बड़ी संख्या में मरीजों में ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड के साथ-साथ सर्दी, खांसी, वायरल फीवर और सिरदर्द के लक्षण पाए गए। डक्टरों



स्वास्थ्य जांच शिविर में उपचार करते चिकित्सा।

ने सभी मरीजों को तत्काल परामर्श देने के साथ निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया।ड़ संजय कुमार ने लोगों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें और समय-समय पर जांच कराते रहें। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को अपनाने की सलाह दी।शिविर की सफलता में पीएसएस अस्पताल के डायरेक्टर संतोष कुमार सिंह उर्फ तीतू सिंह, बेनी सिंह, शिवम कुमार, प्रीति कुमारी, अश्वनी कुमार, चंदन कुमार, मोहित कुमार और राजीव सिंह ने अहम भूमिका निभाई।शिविर की सराहना करते हुए शहर के प्रबुद्धजन अधिवक्ता आशीष कुमार,सामाजिक नेत्री पूजा चौरसिया, अजीत कुमार,अनिरुद्ध प्रसाद, अरुण हाजरी, लाल जेपी मंडल, चंद प्रकाश, बीना देवी, सीता देवी, अनीता देवी, रेखा देवी, सुरेंद्र मंडल, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार और मुरारी प्रसाद सहित कई लोगों ने अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद दिया।आयोजकों संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनपुर के युवा पत्रकार गौतम कुमार को दिल्ली में मिला लगनीधारा रत्न सम्मान

**सोनपुर (एनएसबी)** सारण जिले के सोनपुर प्रखंड अंतर्गत बैजलपुर गांव के युवा डिजिटल पत्रकार गौतम कुमार को पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनसरोकार से जुड़े उत्ष्ट कार्यों के लिए दिल्ली के हंसराज कलेज में आयोजित ष्लगनीधारा कवि सम्मेलन 1.0 एवं लगनीधारा रत्न सम्मान समारोहष में ष्लगनीधारा रत्न सम्मानष से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लगनी फाउंडेशन की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 10 विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान किया गया।सम्मान समारोह



सम्मान समारोह उपस्थित गणमान्य।

में रोड सेफ्टी के क्षेत्र में कार्य करने वाले राघवेंद्र प्रताप (हेलमेट मैन), त्रिम बुद्धिमत्ता (।प) के क्षेत्र में अनिमेष पाठक एवं हिमांशु पोषवाल, धार्मिक क्षेत्र में श्री श्री 1008 परमहंस जगतगुरु दुर्गाचार्य कंचन भवानी जी, उत्ष्ट पुलिसिंग के लिए थान सिंह (दिल्ली पुलिस), शिक्षा के क्षेत्र में अनंत सर, कम उम्र के वैज्ञानिक गोपाल नारायण (बनाना मैन), 19 विश्व रिकर्डधारी विनोद कुमार चौधरी तथा सामाजिक एवं खेल क्षेत्र में सरफराज वरसी सहित अन्य प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। पत्रकारिता श्रेणी में सम्मान पाने वाले गौतम कुमार सबसे कम उम्र के सम्मानित व्यक्तियों में शामिल रहे। संघर्षो से निकली सफलता की कहानी बैजलपुर जैसे छोटे ग्रामीण परिवेश से आने वाले गौतम कुमार का सफर आसान नहीं रहा। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले पिता की सीमित आय के बीच उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। कम उम्र में ही मां का निधन हो जाने के बाद घर की जिम्मेदारियां भी उनके कंधों पर आ गईं। परिवार की जिम्मेदारियों और आर्थिक अभावों के बावजूद उन्होंने अपने सपनों को टूटने नहीं दिया। पत्रकारिता की शुरुआत भी बिना किसी संसाधन और अनुभव के हुई। समय के साथ उन्होंने जनहित को अपनी प्राथमिकता बनाया। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाढ़, जलजमाव, किसानों की समस्याएं और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाया। सोशल मीडिया मंच रोयाल यात्रा के माध्यम से उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं को व्यापक स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया। यही जनसरोकार और निष्पक्ष पत्रकारिता आज उन्हें राष्ट्रीय स्तर के मंच तक ले आई। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, सोनपुर की मिट्टी का सम्मान है। सम्मान प्राप्त करने के बाद भावुक गौतम कुमार ने कहा सोनपुर से दिल्ली की दूरी लगभग एक हजार किलोमीटर है, लेकिन इस मंच तक पहुंचने का सफर उससे कहीं अधिक कठिन था। पत्रकारिता मेरे लिए केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। सच बोलना और जनसमस्याओं को उठाना आसान नहीं होता। कई बार आर्थिक कठिनाइयों और दबावों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जब किसी जरूरतमंद की आवाज व्यवस्था तक पहुंचती है और उसका समाधान होता है, तो वही सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। दिल्ली में मिला यह सम्मान मेरे गांव बैजलपुर, सोनपुर की मिट्टी, मेरे माता-पिता के संघर्ष, मेरे शुभचिंतकों, दर्शकों और उन सभी लोगों को समर्पित है जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा सम्मान कार्यक्रम की निदेशक रेखा रय ने बताया कि लगनी फाउंडेशन शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। संस्था अब तक बीपीएससी में सफल अभ्यर्थियों, मैट्रिक एवं इंटर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर चुकी है तथा लगभग 1200 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए कोर्स उपलब्ध करा चुकी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। सोनपुर के एक साधारण किसान-मजदूर परिवार से निकलकर राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होना न केवल गौतम कुमार की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह उन हजारों ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का साहस रखते हैं। यह सम्मान इस बात का भी प्रमाण है कि यदि पत्रकारिता जनहित, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ की जाए तो उसकी पहचान गांव की गलियों से निकलकर देश की राजधानी तक बन सकती है।

### भाजपा कार्यालय में स्वतत्रंता दिवस पर झंडोत्तोलन पर बैठक

**सोनपुर (एनएसबी)** विधायक कार्यालय सोनपुर मे भाजपा नगर मण्डल पदाधिकारियो की मासिक बैठक भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह (बब्लु)की अध्यक्षता एवं संचालन मण्डल महामंत्री महेश


बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं शामिल।

कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं वन्देमातरम से किया गया। पुरे महीने पार्टी के कार्यक्रम पर चर्चा की गयी। फिर अगले महीने पार्टी का कार्य जैसे रू--11,12 एवं 13 अगस्त किसी एक दिन तिरंगा यात्रा निकालना, सभी सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र के घरों पर कार्यकर्त्ता द्वारा तिरंगा झंडा लगाना, 15 अगस्त को ध्वजारोहन करना। इन सभी कार्यक्रम के बारे मे कैसे हो इस पर चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सोनपुर विधान सभा प्रभारी राजेश ओझा जी ने कहा की नगर मंडल सोनपुर कार्यक्रम करने में जिले में अव्वल रहता है। मुझे पूर्ण विश्वास है की इस बार भी नगर मंडल सोनपुर पार्टी के द्वारा कार्यक्रम को करने मे अव्वल ही रहेगा। इस कार्यक्रम मे वरीय नेता नरेश सिंह, धनंजय सिंह,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुरज कुमार, संजीव कुमार सिंह, सुबोध कुमार सिंह,अनवर अली, ज्ञानसागर सिंह, राजेश सिंह सोलंकी, राणा विमल सिंह, कांति देवी, सुनीता देवी, अशोक कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, आशा देवी, दुर्गा दास, ष्णन्दन राम, वीरेन्द्र पासवान,तनिस कुमार, सूर्याप्रकाश सिंह शामिल हुए।

# सावन की पहली सोमवारी आज, मंदिरों में पूजा-अर्चना के खास इंतजाम



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सावन मास की पहली सोमवारी 3 अगस्त को है। सोमवारी को लेकर शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मंदिरों एवं शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सोमवार की सुबह मंदिरों एवं शिवालयों में श्रद्धालु-भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। शहर के महादेवा रोड स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, बिन टोली स्थित अति प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर, महाजन टोली स्थित पातालेश्वर नाथ मंदिर, टाउन थाना स्थित जोड़ा मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में सोमवार की अहले सुबह से ही लोग शिवलिंग पर जलाभिषेक कर और पूजा-अर्चना करेंगे। सावन मास की पहली सोमवारी को लेकर मंदिरों के आसपास फूल, बेलपत्र आदि की दुकाने रविवार की शाम से ही लगा दी गई है। पुलिस-प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के.ष्टिकोण से मंदिरों के पास महिला-पुरुष पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शहर के महादेव रोड में सोमवारी को लेकर मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावे ग्रामीण इलाकों में भी मंदिरों एवं शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

**सोमवारी को लेकर मंदिरों और शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया**

**बिहिया प्रखंड के पिपरा जगदीश स्थित छोटा शिवाला मंदिर में जुटेंगे भक्त**

बिहिया प्रखंड के पिपरा जगदीश गांव में स्थित छोटा शिवाला को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिर के गुंबद पर गोल्डन लाइट लगाया गया है, जो भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसके अलावे मंदिर में साफ-सफाई भी की गई, ताकि भक्तों को किसी तरह की परेशानी नही हो।

# जलजमाव के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो प्रखंड अंतर्गत अगिआंव बाजार कस्बे के दोनों ओर जल निकासी के लिए वर्षो पूर्व बनाए गए नालों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदे जल की निकासी नहीं होने व सड़क पर जल जमाव की समस्या से परेशान स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पडा और लोग इस समस्या को लेकर प्रदर्शन करने सड़क पर उतर आए। लोगों ने कहा कि यहां बने मुख्य नाले की वर्षो से सफाई नहीं हो रही है। उचित रखरखाव के अभाव में वर्षो पूर्व बना नाला जगह-जगह क्षतिग्रस्त होकर काम लायक नहीं रह गया है। नाले की मरम्मति व सफाई के लिए बार-बार आग्रह के बाद भी ग्राम पंचायत या अनुमंडल प्रशासन द्वारा इसकी सुध नहीं ली जा रही है। जिससे नाले का पानी सड़क पर बह रहा है। ऐसी में यहां मुख्य सड़क हर समय जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। खासकर बरसात के इस मौसम में जल जमाव के कारण सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। जल जमाव से सड़क पर बने गड्ढों में अक्सर बडे वाहन फंस जा रहे हैं। वहीं अनजान वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस समस्या की अनदेखी से आक्रोशित ललन प्रसाद सिंह, मोहन साह,राम ईश्वर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अखिलेश प्रसाद, जयराम सिंह, कुणाल सिंह, भगवान प्रसाद, अनिल कुमार सिंह आदि ने आक्रोश जताते हुए प्रशासन से समस्या को दूर करने की मांग की है।

# नशामुक्त युवा विकसित भारत निर्माण का संकल्प

दैनिक नवसंदेश

**एसबी कॉलेज में आयोजित किया गया संकल्प अभियान**







**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला प्रशासन, भोजपुर एवं मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आज एसबी कॉलेज, आरा में नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण के इस जनआंदोलन का अग्रदूत बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, स्वयंसेवी संगठनों, युवा मंडलों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने नशे के विरुद्ध एकजुट होकर समाज में व्यापक जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विधायक महेश पासवान, जिलाधिकारी, तनय सुल्तानिया, उप विकास आयुक्त अरुण प्रकाश, जिला युवा अधिकारी संजना वत्स तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भूषण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि आज का युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि युवा वर्ग नशे जैसी सामाजिक बुराई से स्वयं को दूर रखकर शिक्षा, खेल, कौशल विकास, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाता है, तो वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना और अधिक सशक्त एवं आसान होगा। जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार एवं समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें तथा नशामुक्त, स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएँ। जिला युवा अधिकारी संजना वत्स ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त युवा. विकसित भारत की शपथ ली। प्रखंड में भी आयोजित किया गया, जिनका संचालन स्वयंसेवक शशी कुमार द्वारा किया गया।

**नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण : सुल्तानिया**

## संक्षिप्त खबरें

### एक पेड़ प्रधानमंत्री की मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** एक पेड़ प्रधानमंत्री की मां के नाम कार्यक्रम के तहत स्थानीय लोगों द्वारा पुरानी लाइट रेलवे के किनारे परती जमीन पर पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए गए। जन चेतना मंच के संयोजक डा. कुंदन पटेल की अगुवाई में स्थानीय युवकों ने इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया और सभी ने अपने हाथों से एक-एक पौधे लगाकर उनकी पुत्रवत रक्षा का संकल्प दोहराया। मौके पर डा पटेल, रजनीश शर्मा, समीर शर्मा, रविश कुमार, चंदन कुमार, मनीष कुमार, जयप्रकाश सहित कई अन्य युवकों ने भाग लिया।

### छह लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर थाने की पुलिस ने छह लीटर अंग्रेजी शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित शाहपुर निवासी आनंद कुमारहै। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि आनंद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### राजनीति विज्ञान विभाग के चार शोधार्थियों का चयन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के चार शोधार्थी ज्योति प्रकाश, आकिब मुर्तजा, सोनू कुमार एवं राकेश कुमार का चयन बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया में हुआ। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति राज्य के नव सृजित 211 डिग्री कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक के रूप में की जाएगी। विभागाध्यक्ष प्रो. कुंदन कुमार सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता से विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ा है। यह अन्य शोधार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक जख्मी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर कतीरा मोड़ के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। परिजन उसे सदर अस्पताल ले गए। जानकारी के अनुसार जख्मी नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी राजीव श्रीवास्तव का 18 वर्ष से पुत्र दिव्यांशु है।

### केस मैनेज करने के विवाद में सीआरपीएफ जवान समेत दो को पीटा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** तीयर थाना क्षेत्र के उड़ियान टोला गांव में रविवार की सुबह केस मैनेज करने के विवाद में सीआरपीएफ जवान एवं उनके भाई की पिटाई कर दी गई। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन उन्हें बिहिया पीएचसी से सदर अस्पताल ले गए। जख्मियों में तीयर थाने के उड़ियान टोला गांव निवासी स्व. सचिदानंद सिंह का 43 वर्षीय पुत्र कृष्ण भगवान सिंह एवं 37 वर्षीय पुत्र नंदलाल सिंह शामिल हैं। इनमें कृष्ण भगवान सिंह सीआरपीएफ जवान हैं। वर्तमान में वह मध्य प्रदेश के बालाघाट में कार्यरत हैं। कृष्ण भगवान सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को छुट्टी लेकर खेती करने के लिए गांव आये थे। बताया कि वर्ष 2015 में उनके पट्टीदार द्वारा उनके छोटे भाई को जान से मारने का प्रयास किया गया था। तब उन्होंने स्थानीय थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। इसमें अब उन लोगों को सजा होने वाली है। उसी केस को मैनेज करने को लेकर पट्टीदार दबाव डाल रहा था। रविवार की सुबह जब वह अपने भाई नंदलाल सिंह के साथ खेत पर बैठे थे और खेत में रोपनी का काम चल रहा था तभी पट्टीदार लाठी-डंडे एवं धारदार हथियार लिये आ धमके और उनकी जमकर पिटाई कर दी।

### गोप की पुण्य तिथि पर समारोह आयोजित



**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित जन प्रतिनिधि भवन में रविवार को पूर्व विधायक रघुपति गोप की सातवीं पुण्य तिथि के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अवस्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोन अंचल किसान पंचायत सह समाजवादी चेतना परिषद के बैनर तले आयोजित समारोह की अध्यक्षता राम प्रवेश कुशवाहा तथा संचालन अप्रा शिक्षक राम अवधेश सिंह ने किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए अगिआंव विधायक महेश पासवान ने कहा कि महापुरुषों के पदचिन्हों का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संदेश के पूर्व विधायक विजयेन्द्र यादव ने गोप जी को समाजवादी विचारधारा के प्रबल समर्थकों में गिने चुने लोगों में से एक बताया। भोजपुर सह बक्सर के विधान पार्षद सोनु राय ने गोप जी के अधूरे सपने को पूरा करना दायित्व बताया। समारोह में जिला पार्षद आरती देवी, प्रमुख रामचन्द्र सिंह यादव, पूर्व प्रमुखों अनिल कुमार सिंह एवं मनु यादव, पूर्व उप प्रमुखों चन्द्रमा राम एवं पप्पू साह, शिक्षाविद उपेन्द्र नारायण पांडेय, चंदेश्वर सिंह, वैजनाथ सिंह, विकास कुमार विक्की, सत्यनारायण यादव, चिंटू बाबा, अशोक कुमार सिंह, ध्रुव कुमार ठाकुर, मुन्ना बाबा, संजय कुमार लहरावादी, विनय कुमार सिंह, विमल कुमार सिंह एवं हरेंद्र यादव सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# भोजपुरी पेंटिंग प्रदर्शनी का शुभारंभ आज



**आसरा और प्रभाव क्रियेटिव सोसायटी लगा रही है पेंटिंग प्रदर्शनी लोगों से इसमें आने की अपील**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय महंथ महिला कलेज आरा में भोजपुरी पेंटिंग प्रदर्शनी की षुरू हो गई हैं। आसरा सेवा केन्द्र व प्रभाव क्रियेटिव सोसायटी आरा के संयुक्त तत्वावधान में 3 अगस्त को आयोजित है यह प्रदर्शनी। प्रदर्शनी सह कला सेमिनार आयोजित हैं, भोजपुरिया कला संस्कृति पर बतकही की जाएगी।

वरिष्ठ चित्रकार कमलेश कुंदन ने भोजपुर के कलाकार और कला प्रेमियों से अपील किया है कि इस प्रदर्शनी में उपस्थित होकर कला संस़्ति का हिस्सा बने। कला गैलरी में भोजपुरी पेंटिंग पीड़िया लेखन, कोहबर लेखन, कपड़े का चिड़िया,कुसन कभर,जुट का बटूआ,कैनवस बैग,उन का बना थाली परोस, ऐपलिक साड़ी, शील्क दुपट्टा, टेबल क्लौथ, ओड़िया, डलिआ, कुरिसिआ धागा का माला जैसे अनेकों भोजपुरिया कलात्मक कलाकृतियों को एक साथ प्रदर्शित किया जाएगा। वरिष्ठ कला शिक्षक रौशन राय ने पेंटिंग प्रदर्शित करते हुए कहा कि भोजपुरिया कला संस्कृति पर काम करने कि जरूरत है। शहर वासियों से अपिल किया कि आप इस प्रदर्शनी में उपस्थित होकर यहां के स्थानीय कला संस्कृति से जुड़कर प्रदर्शनी को सफल बनावे।

वरिष्ठ भोजपुरी कला चीतेरी अनिता पाण्डेय ने कहा कि महंथ महिला कॉलेज में आयोजित कला प्रदर्शनी अपने आप में स्थानीय संस्कृति के अनुसार होगा। अपने लोगों के बीच खुद को साबित करने में मुझे पूरा विश्वास है कि यह कला प्रदर्शनी सफल होगी। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र प्रताप पालित प्राचार्य ने शहरवासियों से अपिल की कि आप इस प्रदर्शनी में आए और यहां की कला संस्कृति से रूबरू होकर हमें बताएं और सारगर्भित सुझाव दें। सम्मिलित कलाकारों में मुख्य, अमन राज, अभिनव मिश्रा, संगीता कुमारी, अंकिता सिन्हा, मुकेश चौधरी, सुशिल विश्वकर्मा, गुड़िया कुमारी आदि थीं।

# लघु कथा सम्मेलन में नूतन और नवीन लघु कथाओं का किया पाठ



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जनहित परिवार भोजपुर के शीतल टोला स्थित जिला कार्यालय में प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत लघु कथा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ड ममता मिश्र ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन जगत् नंदन सहाय जी ने किया। इस लघु कथा सम्मेलन में जनहित साहित्य मंडल से जुड़े साहित्यकारों ने अपनी-अपनी नूतन नवीन लघु कथाओं का पाठ किया। लघु कथा पाठ करनेवालों में आदित्य प्रकाश ने बरगद का पेड़, जय नारायण पांडे ने पेड़ लगाओ ,जीवन बचाओ, अनिल राज ने जहां चाह वहां राह, प्रहलाद तिवारी ने पिरितिया के खेल, अजय गुप्ता अज्ञानी ने उम्मीदपुर, हरे राम ने अंतिम विदाई, नंदकिशोर सिंह कमल ने दादा के दलान, रमेश सिंह ने बूढ़ी मां, शरद सिंह ने खोपड़ी, जन्मजेय ओझा ने सोना के गाछ, ड किरण कुमारी ने बिछिया , जगत् नंदन सहाय ने बांस की चंगेली, ड ममता मिश्रा ने आत्म प्रशंसा और अतुल प्रकाश ने कहानियां बोलती हैं नामक लघु कथाओं का पाठ किया। मंच का संचालन अतुल प्रकाश ने, आगत अतिथियों का स्वागत चंद्रशेखर मिश्र ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने किया।

# जिला व प्रदेश के बाद अपने गृह क्षेत्र में शिक्षा का चहक चहकाने में जुटे



**अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)।** अगिआंव प्रखंड अंतर्गत शिक्षा के अलख जगाने में ख्याति प्राप्त कुर्मीचक्र गांव निवासी रविकांत राय जिला व प्रदेश में शैक्षणिक माहौल सुढ़ीकरण व शैक्षणिक विकास के नाम पर चर्चित अब अपने गृह क्षेत्र में शिक्षा की चहक चहकने में जुटे हुए हैं। आपीपीएस पब्लिक स्कूल कोईलवर निर्देशक सह चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन जिला उपाध्यक्ष रविकांत राय को शिक्षा के क्षेत्र में उत़्ष्ट नेतृत्व गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था तथा नवाचारपूर्ण योगदान के लिए हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में सम्मानित भी किया गया। 15वी नेशनल काउंसलिंग मीट में एजुकेशनल एक्सीलेंस और लीडरशिप अवार्ड 2026 से व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत निर्देशक रविकांत राय अब अपने गृह क्षेत्र कुर्मीचक गांव खेड़ी बाजार के समीप शैक्षणिक विधि व्यवस्था गांव में शहरी शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर महिम में लगे हैं। रविकांत राय ने बताया कि हमारी सोच गांव के सभी वर्ग के बच्चों को शहरी अंग्रेजी शिक्षा पूर्ण रूप से ग्रहण कराया जा सके ताकि हमारे समाज और संस़्ति दोनों के भरपूर विकास हो सके। क्योंकि हमारे गांव की मिट्टी की खुशबू से देश प्रदेश की मिट्टी से लगाव रहता है।

# जैनेश्वरी दीक्षा महोत्सव भव्य रूप से मना



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भगवान महावीर मार्ग (जेल रोड) स्थित श्री बिर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में आचार्य सुलभ सागर जी महाराज ससंघ का पावन वर्षायोग कलश स्थापना एवं जैनेश्वरी दीक्षा महोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। सुबह में जिनेन्द्र प्रभु की भक्तिपूर्वक अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा किया गया। तत्पश्चात 48 दिवसीय भक्तामर विधान का आयोजन हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि दोपहर समय में आचार्य संघ का चातुर्मास के निमित्त भव्य सांस़्तिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सासाराम अनुज कुमार जैन थे। जैन समाज के बालक-बालिकाओं, युवा-युवतियों एवं महिलाओं के द्वारा स्वागत गान, संगीत, नाटक एवं मनमोहक भाव नृत्य की प्रस्तुति हुई। इसके पश्चात प्रथम कलश स्थापना करने का सौभाग्य राजीव कुमार जैन फिरोजाबाद, द्वितीय एवं तृतीय कलश का सौभाग्य उमा-परेश चंद्र जैन एवं 48 सौभाग्यशाली भक्तों के द्वारा 48 भक्तामर मंगल कलश स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। चातुर्मास कलश स्थापना के मंगल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों से भक्तगण आरा पहुंचे थे। जिसमें मुख्य रूप से दिल्ली, फिरोजाबाद कानपुर, जयपुर, रांची, आगरा, हजारीबाग, लखनऊ बहराइच, बनारस, पटना, कोलकाता के भक्त थे। उपस्थित सभी भक्तों को आचार्य श्री ने मंगल आशीर्वाद प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन ड शशांक जैन ने किया। मुनिसंघ के सचिव अजय कुमार जैन ने बताया कि निर्गन्धि मुनि का चातुर्मास करवाना आरा जैन समाज का बड़ा ही सौभाग्य का विषय है। उक्त अवसर पर श्री बिर जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष रीना जैन, सचिव ड आदित्य विजय जैन, संयुक्त सचिव बिभु जैन, कोषाध्यक्ष रविश जैन एवं समस्त ट्रस्ट के ट्रस्टीगण, सेवा समिति, उपसमिति के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण के साथ-साथ हजारों की संख्या में गुरूभक्त शामिल रहे।

# नए सपनों का स्वागत, यादों के साथ सीनियर की विदाई




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह कॉलेज में फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। उद्घाटन प्राचार्या डॉ. कनक लता कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि जिला गंगा समिति (नमामि गंगे) के जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और जीवन में अनुशासन व निरंतर प्रयास का महत्व बताया। समारोह में नए विद्यार्थियों का स्वागत और वरिष्ठ छात्रों को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. द्रीपिका शेखर सिंह, भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता कुमारी, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रागिनी कुमारी, रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू कुमारी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष शैलेश कुमार, अर्थशास्त्र विभाग की मोना कुमारी, मनोविज्ञान विभाग के रामेंद्र एवं विश्वविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कॉलेज के कैंपस एंबेसडर नीतीश कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहित श्रीवास्तव तथा सह-संचालन आदित्य कुमार सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में नीतीश कुमार सिंह, अमित कुमार, बिट्टू कुमार, सुधांशु कुमार, साक्षी कुमारी, बादल कुमार, सुमंत शर्मा, मुस्कान सिंह, रुपाली कुमारी, श्रुति दीप, आकाश कुमार, अमन कुमार एवं अमरीश कुमार सहित प्रबंधन टीम के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**फ्रेशर्स-फेयरवेल की धूम रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा महाराजा कॉलेज**

## संक्षिप्त खबरें

### किसान फीडर जल्द चालू करने की मांग

**कुर्था (एनएसबी)।** अरवल विकास मंच के अध्यक्ष मनोज सिंह यादव ने कुर्था परिसदन में प्रेस वार्ता आयोजित कर मनोज सिंह यादव ने कहा कि जिले के गांवों का उनका दौरा लगातार जारी रहेगा ताकि किसानों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर तार, पोल और ट्रांसफार्मर लगे होने के बावजूद बिजली आपूर्ति शुरू नहीं की गई है, जिससे धान रोपनी का कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं उन्होंने जिला प्रशासन एवं बिजली विभाग से मांग की कि कुर्था और बंसी प्रखंड के किसान बिजली फीडर को अविलंब चालू कराया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई और धान रोपनी में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही उन्होंने किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की भी मांग की। बंसी व कुर्था प्रखंड के रामगढ़, लोहारबीघा, माली, सोनभद्र, शादीपुर, फरीदपुर, मंगाबीघा, बारा सहित कई गांवों में किसानों से मुलाकात कर धान रोपनी के दौरान बिजली आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली।

### पवित्र श्रावण मास की पहली सोमवारी आज,शिव भक्तों के लिए तैयार देवकुंड धाम



**शहरतेलपा (एनएसबी)।** सावन मास भगवान भोलेनाथ का प्रिय मास माना जाता है। इस पवित्र श्रावण मास में बाबा भोलेनाथ अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है। सावन मास की पहली सोमवारी आज है। क्षेत्र के कई गांवों से लोग देवघर अवस्थित बैजनाथ धाम को प्रस्थान कर गये है। औरंगाबाद अरवल सीमा ओर अवस्थित महर्षि च्यवन की तपोभूमि देवकुंड जहां पर बाबा दूधेश्वर नाथ का बहुत ही प्राचीन मंदिर है वहां भी श्रावण माह में काफी संख्या में लोग दूर दूर से बाबा पर जलाभिषेक को लेकर लोग पहुंचते है। आस पास के सीमावर्ती जिलों से लोग देवकुंड पहुंच लोग बाबा पर जलाभिषेक करते है और अपनी मनोकामना बाबा के समक्ष रखते है। पहली सोमवारी को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के द्वारा तैयारी पूरी की जा चुकी है। कावरियां संघ करपी के द्वारा भी जगह जगह कावड़ियों के लिए विश्राम स्थल बनाया जा रहा है ताकि बाबा के भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जैसे जैसे सावन मास आगे बढ़ेगा क्षेत्र के कई जगहों ओर और भी विशेष तैयारी शिवभक्तों के लिए देखने को मिलेगा। प्रशासनिक स्तर से भी भीड़ को श्रावण मास में उमड़ने वाले भीड़ को देखते हुए सीसीटीवी कैमरा,एम्बुलेंस सेवा,गाड़ियों को लेकर पार्किंग वगैरह की तैयारी की जा रही है। बाबा दूधेश्वर नाथ की नगरी देवकुंड में मेला को लेकर भी दुकानदारी सजते हुए देखा जा रहा है।

### जिला स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण और बराबर मेला में चला स्वच्छता अभियान

**जहानाबाद (एनएसबी)।** 40वें जिला स्थापना दिवस के अवसर पर "सम्मान" थीम के तहत पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर स्थित विकास भवन के सामने पार्क में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने कहा कि "पर्यावरण का सम्मान ही भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।" उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का आह्वान किया। इधर, श्रावणी मेला-2026 के अंतर्गत बाबा सिद्धेश्वर नाथ धाम, बराबर में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। मेला परिसर और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया। साथ ही श्रद्धालुओं से मेला परिसर को स्वच्छ बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### 40वें जिला स्थापना दिवस पर कल्पा विद्यालय में बच्चों संग केक काटकर मनाया उत्सव, 'सम्मान' का दिया संदेश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** 40वें जिला स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कल्पा में छात्र-छात्राओं के साथ केक काटकर स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम में उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिला। जिला स्थापना दिवस की इस वर्ष की थीम "सम्मान" के अनुरूप अधिकारियों एवं बच्चों ने गुब्बारे उड़ाकर समाज में सम्मान, एकता और सकारात्मक सोच का संदेश दिया। इसके बाद जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से संवाद कर महिला सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता तथा प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। जिला पदाधिकारी ने कहा कि 40वां जिला स्थापना दिवस जिले की गौरवशाली विरासत, साझा पहचान और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों से शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाकर अपने सपनों को साकार करने तथा विकसित, समृद्ध और संवेदनशील जहानाबाद के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने, अनुशासित नागरिक बनने तथा समाज में शांति, सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही विकसित और सुरक्षित जहानाबाद के भविष्य के निमार्ता हैं।

### भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में झलकी जहानाबाद की सांस्कृतिक विरासत, उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**जहानाबाद (एनएसबी)।** 40वें जिला स्थापना दिवस के अवसर पर अब्दुलबारी नगर भवन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव, विधान परिषद सदस्य अनिल कुमार, मखदुमपुर विधायक सुबेदार दास, जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जहानाबाद की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं विकास यात्रा पर आधारित विशेष वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के कलाकारों ने समूहगान, लोकनृत्य, कथक, कविता पाठ एवं एकल गायन की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकताओं, शिक्षा विभाग के कर्मियों तथा जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए महिला सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी को विकसित जहानाबाद की आधारशिला बताया तथा सभी नागरिकों से जिले के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।

### 40वें जिला स्थापना दिवस पर 'सम्मान' थीम के साथ स्वच्छता, प्रभात फेरी और वृक्षारोपण का आयोजन

**जहानाबाद।** 40वें जिला स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलेभर में "सम्मान—महिलाओं का, पर्यावरण का एवं सबका" थीम पर विविध जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार के नेतृत्व में अस्पताल मोड़ एवं आसपास के क्षेत्रों में पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वयं सफाई अभियान में भाग लेकर नागरिकों को स्वच्छ जहानाबाद का संदेश दिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं के साथ प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें स्वच्छता, महिला सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता के संदेश दिए गए।

# नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान के तहत हजारों युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ



शपथ लेते युवा।

**अरवल (एनएसबी)।** नशा मुक्त युवाझविकसित भारत' अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन, हजारों युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माई भारत अरवल द्वारा "नशा मुक्त युवाझविकसित भारत" अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर में संचालित राष्ट्रव्यापी जन-अभियान का हिस्सा है।

जिले का मुख्य कार्यक्रम राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय कलेर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी लाइव संबोधन को सुना तथा नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

इसके अतिरिक्त गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, धमौल, एस.डी. कॉलेज, अरवल, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, कलेर सहित जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि ,छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण तथा भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने तथा "विकसित भारत" के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने एवं अपने परिवार, मित्रों तथा समाज को भी नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण तथा अरवल जिले को नशामुक्त बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, नियम तोड़ने वालों से वसूले गए जुमार्ने की राशि



वाहन चेक करती पुलिस।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** परासी पुलिस ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा अपराध एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रविवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया। यह अभियान वलीदाद बाजार, अंजान बीघा मोड़, सकरी खुर्द मोड़ एवं परशुरामपुर बाथे मोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के आवश्यक कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट तथा अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने तथा ट्रिपल राइडिंग जैसे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए मौके पर ही ई-चालान काटा गया।थानाध्यक्ष सेराज आलम ने बताया कि अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 3,000 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

## भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव पीड़ित परिवार से करेंगे मुलाकात




**अरवल (एनएसबी)।** भाकपा माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव और पूर्व विधायक महानंद सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य 04 अगस्त को अरवल आयेंगे।वे फरखरपुर रागनी कुशवाहा के परिवार से मुलाकात करेंगे।रागनी का मौत सीजीरियन ऑपरेशन के दौरान सदर अस्पताल अरवल में चिकित्सक के लापरवाही के कारण हो गई थी। इसको लेकर महज सवाल करने पर पूर्व विधायक महानन्द सिंह को झूठे मुकदमा में राजनीतिक दबाव में फंसा दिया गया है। वहां से भादसी में कामरेड चूरामन भगत के परिवार से मिलेंगे।कामरेड चूरामन भगत टाडा जैसी फर्जी मुकदमा में 23 वर्ष कठिन परिश्रम से जेल में समय बिताने के बाद पार्टी ने लगातार आंदोलन कर उन्हें जेल से रिहाई कराई थी। बिगत 30 जुलाई को घर पर ही उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य हैबतपुर में हाजत में हुई मौत अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो के पीड़ित परिवार से मिलेंगे । विदित हो कि उत्पाद विभाग के कर्मियों द्वारा पीट पीटकर हत्या कर दी थी। अनिल कुशवाहा की हाजत में हत्या को लाकर लगातार भाकपा माले और नागरिक समाज ने आंदोलन किया। जिसका नतीजा हुआ कि दोषी पुलिस वाले को सिर्फ अभी लाईन हाजिर ही किया गया है। माले नेता द्वय ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती और पीड़ित परिवारों को मुआवजा और एक परिवार का नौकरी नहीं मिल जाती है तबतक आंदोलन जारी रखे।

## प्रथम सोमवारी को मधुश्रवा धाम में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**मेहंदिया (एनएसबी)।** सावन माह की पहली सोमवारी को लेकर अरवल जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मधुश्रवा में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सोमवार को बाबा मधेश्वरनाथ के जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन को उम्मीद है कि इस बार पहली सोमवारी पर पिछले दिनों की तुलना में कई गुना अधिक श्रद्धालु धाम पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया है।

सावन माह की शुरूआत दो दिन पूर्व हो चुकी है। हालांकि शुरूआती दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या अपेक्षा से कम रही, लेकिन पहली सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार पहली सोमवारी पर केवल अरवल जिले ही नहीं, बल्कि जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, पटना, भोजपुर तथा आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मधुश्रवा पहुंचकर बाबा मधेश्वरनाथ का जलाभिषेक करते हैं। कई श्रद्धालु कांवड़ यात्रा के रूप में लंबी दूरी तय कर धाम पहुंचते हैं, जिससे पूरा क्षेत्र "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से भक्तिमय हो उठता है।स्थानीय परंपरा के अनुसार बड़ी संख्या में श्रद्धालु पटना के हल्दी छपरा स्थित गंगा-संगम से पवित्र जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए मधुश्रवा धाम

**प्रशासन ने सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम**

पहुंचते हैं और बाबा मधेश्वरनाथ का जलाभिषेक करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके अलावा कई श्रद्धालु सोन नदी एवं अन्य पवित्र जलस्त्रोतों से भी जल लेकर भगवान शिव को अर्पित करते हैं। प्रथम सोमवारी के साथ ही मधुश्रवा धाम में एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेले का विधिवत शुभारंभ भी माना जाता है। पूरे सावन माह में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहेगा, जबकि प्रत्येक सोमवार को विशेष भीड़ उमड़ने की संभावना है। मेले में पूजा-अर्चना के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए खरीदारी और मनोरंजन का भी विशेष आकर्षण रहता है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मेहंदिया थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि पहली सोमवारी को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र, पार्किंग स्थल, मुख्य प्रवेश मार्गों तथा संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, कानून-व्यवस्था बिगाड़ने अथवा असामाजिक गतिविधियों में शामिल होने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से पूजा-अर्चना करें, प्रशासन के निदेर्शों का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है, ताकि पहली सोमवारी का यह धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## कार्यपालक पदाधिकारी की निर्मल हत्या पर जताया दुःख

**अरवल (एनएसबी)।** डेहरी ऑन सोन के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की निर्मम हत्या पर पप्पु राज ने दुःख जताया लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के युवा प्रदेश महासचिव सह औरंगाबाद जिला प्रभारी पप्पु राज ने प्रेस व्यान जारी कर कहा की डिहरी कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या अत्यंत दुःखद एवं पीड़ा दायक है ' ये घटना पुरे बिहार को झकझोर कर रख दिया है।डेहरी ऑन सोन के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार शहीदों के नाम आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद डेहरी से पटना के लिए रवाना हुए थे। आरोप है कि बारुण थाना क्षेत्र में धनौती पुल के पास सुनसान सड़क पर घात लगाए अपराधियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। जब एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ही अपराधियों का शिकार हो जाए, तो आम जनता की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है।और राज ने बिहार सरकार से माग किया की इस जघन्य हत्या की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों की जल्द गिरफ्तारी हो और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले। जब एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ही अपराधियों के निशाने पर हों, तो आम नागरिक की सुरक्षा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। आखिर बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति किस दिशा में जा रही है।

## छह माह से मानदेय नहीं मिलने पर फूटा सेविका-सहायिकाओं का गुस्सा

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड के बेलसर सूर्य मंदिर परिसर में रविवार को आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सेविका मीना कुमारी ने की। बैठक में बड़ी संख्या में सेविका एवं सहायिकाओं ने भाग लेकर अपनी लंबित समस्याओं पर चर्चा की और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग उठाई।बैठक मे सेविका-सहायिकाओं ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए मिलने वाला पोषाहार पिछले दो माह से लंबित है। इसके बावजूद विभाग की ओर से एफआरएस की प्रक्रिया पूरी कराने का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं मानदेय का भुगतान पिछले छह माह से नहीं हुआ है, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है।



सेविकाओं ने आरोप लगाया कि जीविका के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे ड्रेस की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है तथा कई बच्चों को सही आकार के कपड़े भी नहीं मिल रहे हैं। इसका जवाब अभिभावकों को उन्हें ही देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गृह भ्रमण, अन्नप्राशन, गोदभराई, सर्वे, पोषण ट्रैकिंग सहित कई अतिरिक्त कार्य कराए जाते हैं, लेकिन मोबाइल रिचार्ज एवं अन्य खर्च के लिए कोई अलग राशि नहीं मिलती। संरक्षक नलिन शर्मा ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को मजबूत बनाने की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्यरत सेविका-सहायिकाओं की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। समय पर पोषाहार और मानदेय नहीं मिलने से कार्यकताओं को मानसिक एवं आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।बैठक को संघर्ष समिति के संरक्षक नलिन शर्मा, वेंकटेश द्विवेदी, कमलेश कुमार, संजीव कुमार समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सभी ने सेविका-सहायिकाओं की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से लंबित

## कैंडल की रोशनी और रंगोली की छटा के साथ 40वें जिला स्थापना दिवस का हुआ भव्य समापन

**जहानाबाद (एनएसबी)।** 40वें जिला स्थापना दिवस पर आयोजित विविध कार्यक्रमों का शनिवार की शाम समाहरणालय परिसर में कैंडल प्रज्वलन एवं आकर्षक रंगोली के साथ गरिमामय समापन हुआ। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार के नेतृत्व में आयोजित समापन समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कैंडल जलाकर जिलेवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। समारोह के दौरान

**'सम्मान' थीम के संदेश के साथ विकसित और समृद्ध जहानाबाद के निर्माण का**

आंगनबाड़ी सेविकाओं ने जहानाबाद जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान के साथ सभी प्रखंडों को दशार्ती आकर्षक रंगोली बनाई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। रंगोली के माध्यम से जिला स्थापना दिवस की थीम "सम्मान—महिलाओं का, पर्यावरण का एवं सबका" का प्रभावी संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि 40 वर्षों की विकास यात्रा जिलेवासियों के सामूहिक सहयोग, जनभागीदारी और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वच्छ, सुरक्षित, समृद्ध और विकसित जहानाबाद के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिले की निरंतर प्रगति, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ 40वें जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों का विधिवत समापन किया गया।

## मानिकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 में बदहाल नाली



**कुर्था (एसएनबी)।** एक ओर सरकार सात निश्चय योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नाली-गली के पक्कीकरण का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रखंड क्षेत्र की मानिकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 के लोग बदहाल व्यवस्था के बीच जीवनयापन करने को मजबूर हैं। सूत्रों के माने तो उक्त वार्ड के लोगों को सतेन्द्र बिंद के दुकान से पुरानी पंचायत तक व राजकुमार साव के घर से नसिरना मोड़ तक अक्सर गंदे पानी और कीचड़ से होकर आवागमन करना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई वर्ष पूर्व वार्ड में नाली का निर्माण कराया गया था लेकिन जनप्रतिनिधियों व संबंधित

**व्यवस्था से लोगों का जीना मुहाल**

अधिकारियों की लापरवाही के कारण अब वह नाली पूरी तरह टूटकर ध्वस्त हो चुकी है। नाली क्षतिग्रस्त होने से उसका गंदा पानी गलियों में बह रहा है। जिससे सड़कें कीचड़युक्त हो गई हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। गंदे पानी के जमाव से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से नाली की मरम्मत एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

## भाजपा की वैचारिक पहचान बनाए रखने के लिए परिवारवाद से दूरी आवश्यक : आनंद

**कुर्था (एनएसबी)** पूर्व जिला पार्षद एवं वैश्यझअतिपिछड़ा एकता मंच के अध्यक्ष तथा भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ, बिहार के सहसंयोजक आनंद कुमार चंद्रवंशी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से संगठन के निर्णयों में कार्यकताओं की भावना और पार्टी की मूल विचारधारा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। श्री चंद्रवंशी ने जारी एक वक्तव्य में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का निर्माण किसी एक परिवार या व्यक्ति ने नहीं, बल्कि लाखों समर्पित कार्यकताओं के त्याग, तपस्या और संघर्ष से हुआ है। ऐसे में यदि किसी निर्णय से कार्यकताओं के बीच परिवारवाद को बढ़ावा मिलने की धारणा बनती है, तो नेतृत्व को उस पर गंभीरता से आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में भाजपा विधान परिषद से जुड़े एक निर्णय को लेकर कार्यकताओं के बीच व्यापक चर्चा है।